

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 15 सितंबर 2025 | 31 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 258, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



# एनएच-3 की धीमी प्रगति पर अनुराग ठाकुर ने जताई नाराजगी


समीरपुर में एनएचएआई अधिकारियों के साथ बैठक करते सांसद अनुराग ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को समीरपुर में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

इस बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग-3 (एनएच-3) की निर्माण परियोजना की धीमी प्रगति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आम जनता को हो रही असुविधा का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। अनुराग ने कहा कि निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी अस्वीकार्य हैं और इससे क्षेत्रवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पिछले दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि एनएच-3 का 40 किलोमीटर लंबा हिस्सा पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेगा और यह हमीरपुर जिले के पांच गांवों थाना दरोगन, बराड़ा, चोलथरा, कोहलुसिद्ध और अवाहदेवी को बाइपास करेगा।

यह परियोजना कुल 265 किलोमीटर लंबे एक प्रमुख राजमार्ग गलियारे का हिस्सा है, जिसमें से 141 किलोमीटर का निर्माण कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है। केंद्र सरकार ने इस परियोजना के लिए 1,470 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है।

# जगह-जगह भूस्खलन से सुजानपुर-संधोल मार्ग बंद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर क्षेत्र में बारिश ने भारी तबाही मचाई है। शनिवार देर शाम से क्षेत्र में लगातार तेज बारिश सुबह तक जारी रही। इससे सुजानपुर में ब्यास नदी, न्यूगल खड्ड, बजाहर खड्ड और जंगलेहड़ खड्ड का जलस्तर काफी बढ़ गया। बारिश के चलते लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

हमीरपुर को जिला मंडी से जोड़ने वाला सुजानपुर-संधोल मार्ग में जगह-जगह भूस्खलन होने से बंद हो गया। इसके अलावा पुरानी बमसन एरिया के अधिकांश गांवों का संपर्क बाकी दुनिया से कट गया। खैरी भटलंबर रोड वाया दुधला बह गया। उधर, बजाहर गांव में खड्ड का पानी लोगों के घरों में घुस गया। ग्रामीण कृष्ण चंद ने बताया कि बजाहर खड्ड का पानी मलबे के साथ उनकी पशुशालाओं में घुस गया। उन्होंने बताया कि रास्ते पर जगह-जगह पत्थरों ने डेरा जमा लिया। रात को अचानक पशु शालाओं में भारी मलबे के साथ पानी घुस गया, जिसके चलते बड़ी मुश्किल से जानवरों को बाहर निकाला गया। भारी मात्रा में पानी मलबे के साथ आ गया, जिससे बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने बताया कि अचानक आए पानी और मलबे से खड़े कई ट्रैक्टर मलबे में दब गए। कई स्थानों में कार्य मलबे के नीचे आ गईं। बारिश के चलते सुजानपुर-संधोल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। मार्ग कई स्थानों से बंद हो गया। शनिवार रात्रि से रविवार लगातार बारिश होने के चलते लोगों की दुश्वारियां बढ़ गईं। कई स्थानों पर लोग जगह-जगह फंस गए। बजरोल गांव में सड़क के किनारे लगाया गया डंगा बह गया, जिसके चलते सड़क को नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश के चलते जंगल बैरी एरिया में बिजली के पल बह गए। जिसके चलते रात को 3 बजे पूरे सुजानपुर सब डिवीजन में बिजली सप्लाई ठप हो गई। विभाग द्वारा सुबह होने पर अधिकांश क्षेत्र में बिजली सप्लाई बहाल की गई। कई स्थानों में अब भी विभागीय कर्मचारी बिजली सप्लाई बहाल करने का कार्य कर रहे हैं। एसडीओ चंद्रकांत ठाकुर ने बताया कि बिजली विभाग को बारिश के चलते लाखों का नुकसान पहुंचा है। उधर, लोक निर्माण विभाग के कक्कड़ सब डिवीजन के एसडीओ संसार चंद ठाकुर ने बताया कि विभाग सड़कों को ठीक करने के कार्य में जुटा हुआ है। कई स्थानों में विभाग की कई सड़क बह गईं। जिन्हें ठीक किया जा रहा है। जल शक्ति विभाग के एक्सईएन राकेश गर्ग ने बताया कि भारी बारिश के चलते जल शक्ति विभाग की बौड़ू की स्कीम में पानी भर गया।


शनिवार रात्रि से रविवार लगातार बारिश होने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गईं।

## अंबी गांव में मकान को खतरा, प्रशासन ने दी राहत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत गरसाहड़ के गांव अंबी में भारी बरसात के चलते रणजीत सिंह पुत्र सीता राम का मकान खतरे की में आ गया है। मकान के पीछे भूस्खलन होने से घर के गिरने का खतरा मंडरा रहा है। उपप्रधान विकास शर्मा ने बताया कि भूस्खलन की स्थिति गंभीर है और मकान के पीछे की ओर मिट्टी खिसकने से परिवार को असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पटवारी हल्का भरेड़ी रवि ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और भूस्खलन से प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया। मकान के खतरे की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने राहत स्वरूप प्रभावित परिवार को अस्थायी रूप से त्रिपाल (तिरपाल) उपलब्ध करवाया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन शीघ्र डंगा (सुरक्षा दीवार) लगवाए, ताकि भूस्खलन से और अधिक नुकसान न हो। साथ ही ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रभावित परिवार को शीघ्र स्थायी राहत और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## सपलूही में पूर्व प्रधान का घर ढहा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल की धिरड़ पंचायत के गांव सपलूही में भारी बारिश के कारण पूर्व प्रधान सुरेश कुमार गर्ग का दो मंजिला स्लेटनुमा मकान अचानक ढह गया। हादसे के समय घर में अफरा-तफरी मच गई और गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। मकान पूरी तरह जमींदोज हो जाने से सुरेश कुमार बेघर हो गए हैं। धिरड़ पंचायत के उपप्रधान शशि शर्मा ने घटना की पुष्टि की और प्रशासन से प्रभावित परिवार को शीघ्र राहत और पुनर्वास सहायता उपलब्ध कराने की अपील की।

## जाहू से वाया भरेड़ी सड़क यातायात के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जाहू से वाया भरेड़ी सड़क को लोक निर्माण विभाग भोरंज के द्वारा यातायात के लिए खोल दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा टूटी हुई पुली की जगह मिट्टी डालकर यातायात के लिए सुचारु कर दिया है। शुक्रवार रात को भारी बारिश से नालटू के पास नाले में पानी आने से पुली पानी की भेंट चढ़ गई थी। इससे जाहू से वाया भरेड़ी जाने वाले वाहनों व यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विधायक सुरेश कुमार ने लोक निर्माण विभाग को आदेश दिए गए थे कि जितना जल्द हो सके सड़क को बहाल किया जाए, ताकि आने जाने वाले यात्रियों व वाहन चालकों को किसी दूसरी सड़के से होकर जाने को मजबूर न होना पड़े। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि जाहू वाया भरेड़ी सड़क पर टूटी पुली की जगह मिट्टी का भरकर वाहनों के लिए चालू कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पलाही गांव में नाले का जलस्तर बढ़ने से बही कार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के पलाही गांव के पास एक बड़ा हादसा टल गया। यहां तेज बारिश के कारण नाले का जलस्तर बढ़ने से एक कार बह गई। कार में सवार दो लोगों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। घटना उस समय हुई जब कार सुजानपुर की तरफ जा रही थी। पलाही गांव के पास नाले के बीच पहुंचते ही गाड़ी अचानक रुक गई। चालक उस स्थिति का जायजा लेने के लिए कार से नीचे उतरा, तभी तेज बहाव में कार बहने लगी। कार पुलिया के नीचे जाकर अटक गई। इस दौरान कार में दो यात्री फंसे हुए थे। आसपास के लोगों ने चीख-पुकार सुनी और मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने मुश्किल से कार में फंसे दोनों यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में किसी को चोट नहीं आई। बाद में जेसीबी की मदद से कार को भी बाहर निकाला गया, जिसे कुछ नुकसान पहुंचा। पंचायत प्रधान रामकृष्ण ने कहा कि सभी लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि यह लोग धर्मशाला अपनी बेटी का पेपर दिलाने जा रहे थे कि अचानक पानी के बहाव में फंस गए।

### 20 यूनिट ब्लड स्वयंसेवियों ने किया डोनेट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** विश्व ग्लोबल रक्तदान दिवस के मौके पर हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज में श्री सत्य साईं सेवा संगठन ने जिला स्तरीय कार्यक्रम यहां ब्लड बैंक में आयोजित किया। इसमें बड़ी तादाद में इसके सदस्यों ने रक्तदान किया। इसका आयोजन जिलाध्यक्ष रविंद्र पाल की अध्यक्षता में हुआ। श्री सत्य साईं बाबा जी का शताब्दी जन्मोत्सव भी नवंबर माह में आयोजित किया जा रहा है। समिति के संयोजक उत्तम सिंह ढटवालिया ने रक्तदान करने पहुंचे सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि शिविर में 20 यूनिट ब्लड स्वयंसेवियों ने डोनेट किया।

### जमली धाम में पितृ तर्पण कार्यक्रम कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सनातन धर्म को सर्मपित गोशाला जमली धाम में एकदिवसीय सामूहिक पितृ तर्पण का कार्यकम 16 सितंबर को प्रातः 10:30 से 1:00 बजे तक अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांति कुंज (हरिद्वार) के सौजन्य से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 100 लोगों द्वारा अपने पितरों की शांति के लिए गायत्री चेतना केंद्र ठारा (सुलगांन) हमीरपुर के विद्वानों द्वारा निशुल्क पितृ तर्पण करवाया जाएगा। गोशाला जमली धाम के अध्यक्ष रशील सिंह मनकोटिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में पितृ तर्पण की सामाग्री एंव भोजन व्यवस्था संस्थान द्वारा ही की जा रही है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले घर से एक चम्मच, कटोरी, लोटा एंव बैठने के लिए बैठकू साथ लेकर आएं तथा कार्यक्रम शुरू होने से पहले अपना पंजीकरण गौशाला कार्यालय में करवा दें।

### वनों के महत्व के बारे में किया जागरूक

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ गवर्नमेंट कॉलेज नादौन में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के यूकेलिप्टस इको क्लब और रेड रिबन क्लब द्वारा किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने कटहल का पौधा रोपित कर पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने विद्यार्थियों को वनों के महत्व के बारे में जागरूक किया एवं एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम के तहत अपने घर एवं गांव में पौधारोपण करने के लिए भी प्रेरित किया। इकी क्लब की अध्यक्ष डॉ सुनीता सकलानी ने वनों द्वारा प्रदान की गई पारिस्थितिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रेड रिबन क्लब हमीरपुर के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर भगवती शर्मा ने बताया की रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवी एड्स के विषय में जागरूकता फैलाने के साथ पौधरोपण, स्वच्छता अभियान तथा ड्रग्स के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता के प्रसार के लिए प्रयासरत रहते हैं।

### छात्रों को प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करें शिक्षक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में मिडल विंग के शिक्षकों के लिए एलिमेंट्री मैथमेटिक्स विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की देखरेख में हुआ। इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन डॉ. आरती शर्मा (प्रिंसिपल, स्कॉलर इंटरनेशनल स्कूल, कांगड़ा) तथा हरप्रीत सिंह (वाईस प्रिंसिपल, अल्पाइन पब्लिक स्कूल, नालागढ़) ने शिक्षकों को गणित अध्यापन की आधुनिक पद्धतियों से अवगत कराया। उन्होंने गणित को सरल, रोचक और विद्यार्थियों की दैनिक जीवन से जोड़कर पढ़ाने पर विशेष बल दिया। रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को सुझाव दिए कि विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने और सोचने के लिए प्रेरित करें। गणितीय अवधारणाओं को खेल, गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से समझाएं। कठिन विषयों को छोटे-छोटे भागों में बांटकर पढ़ाएं ताकि विद्यार्थी सहजता से सीख सकें। तकनीक का उपयोग कर गणित को अधिक आकर्षक और सरल बनाया जा सकता है।

### डॉ. अभिनव के सरकारी सेवा में चयनित होने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा लो वार्ड नं. 3 के निवासी डॉ. अभिनव कंवर का चयन बतौर मेडिकल ऑफिसर हुआ है वह अपनी सेवाएं कांगड़ा जिले के पीएचसी मोहाल में देंगे। अभिनव कंवर की माता सरोज कंवर मुबारकपुर स्कूल से बतौर प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हैं और उनके पिता सतीश कंवर सरकारी विभाग से इंजीनियर सेवानिवृत्त हैं। अभिनव के मेडिकल ऑफिसर चयनित होने पर गोंदपुर बनेहड़ा लो की पंचायत सदस्य एडवोकेट राज कुमारी, पूर्व उपप्रधान राजिंदर सिंह गोगा गोंदपुर बनेहड़ा के निवासी कर्मचारी नेता राजन शर्मा ने अभिनव कंवर और उनके परिवार को बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह गोंदपुर बनेहड़ा के लिए बहुत हर्ष का विषय है।

### हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत ऊना द्वारा पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, ऊना में हिंदी दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरा युवा भारत ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने की, जबकि पीएनबी आर सेटी ऊना के संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशिक्षक सुश्री रंजीत कौर, सासन की पूर्व प्रधान राणो देवी, पूर्व एनवाईवी आरती चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों व प्रतिभागियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा युवाओं से हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। इस मौके पर जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, भारत सरकार मनसुख मंडविया द्वारा 12 सितंबर को लॉन्च किए गए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज की जानकारी साझा की।

## नाबार्ड बजट का श्रेय लेने पर गरमाई सियासत

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** भोटा में नशा निवारण बोर्ड के डायरेक्टर एवं पूर्व एनएसयूआई संयोजक रूबल सिंह ठाकुर ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा की दो प्रमुख सड़कों के लिए नाबार्ड से स्वीकृत 48 करोड़ रुपए का श्रेय भाजपा गलत तरीके से अपने विधायक इंद्र दत्त लखनपाल को दे रही है, जबकि यह बजट वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों से स्वीकृत हुआ है। उन्होंने कहा कि लखनपाल ने 2019 में इन सड़कों को नाबार्ड से डाला जरूर था, लेकिन बजट स्वीकृत नहीं करवा सके। रूबल ने भाजपा पर गुटबाजी के आरोप भी लगाए। उन्होंने बताया कि बड़सर मिनी सचिवालय के लिए पिछली सरकार ने मात्र 80 लाख रुपए स्वीकृत किए थे, जबकि मौजूदा सरकार ने 15 करोड़ रुपए से अधिक जारी किए। भोटा अस्पताल विवाद पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से बातचीत कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## बारिश बनी आफत, पपलाह पंचायत में 3 परिवार प्रभावित

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की पपलाह पंचायत में रविवार को भारी बारिश के चलते तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। पहली घटना कोट मसेढ़ा गांव की है, जहां मंगेश कुमार पुत्र स्व. श्रवण राम की गोशाला अचानक ढह गई।

गोशाला की दीवार मंगेश के मकान से सटी हुई थी, जिससे अब उनक घर की दीवार भी खतरे की जद में आ गई है। प्रशासन की ओर से पटवारी रवि ने मौके पर पहुंचकर तिरपाल उपलब्ध करवाई, लेकिन प्रभावित परिवार ने स्थायी सहायता की मांग की है। पंचायत प्रधान अंकुश सैणी ने आश्वासन कि पंचायत स्तर पर हरसंभव सहायता दी जाएगी। दूसरी घटना पपलाह पंचायत के वार्ड नंबर-3, रिहड़ा गांव की है, जहां पंकज कुमार पुत्र जगदीश चंद का रसोईघर ढह गया। बरसात के मौसम में इस हादसे ने परिवार की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, क्योंकि अब उन्हें भोजन बनाने व रहने की असुविधा हो रही है। प्रशासन द्वारा फौरी राहत में तिरपाल दी गई है।

तीसरी घटना पपलाह गांव (छतेल) में हुई, जहां पवन कुमार पुत्र स्व. दीना नाथ का शौचालय व बाथरूम भारी बारिश के कारण खड्डे में धंसकर पूरी तरह ढह गया। हादसे के समय पवन कुमार वहीं मौजूद थे, लेकिन व बाल-बाल बच गए। इस हादसे में लगभग डेढ़ से दो लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान आंका गया है। गांववासियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन तीनों परिवारों को जल्द राहत सामग्री, आर्थिक सहायता और मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही क्षेत्र में जर्जर ढांचों का सर्वे कर समय रहते उन्हें सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## 12 फुट लंबा अजगर पशुशाला से रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर उपमंडल की टिहरा पंचायत में उस समय हड़कंप मच गया जब मंगतराम की पशुशाला में 12 फुट लंबा अजगर घुस आया। उपप्रधान विजय ने बताया कि मंगतराम की पत्नी शकुंतला देवी जब पशुओं के लिए घास लेने पहली मंजिल पर गईं, तो घास के नीचे छिपे अजगर को देखकर घबरा गईं और शोर मचाया। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत स्नेक सेवर माथुर धीमान को बुलाया गया। माथुर धीमान ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि यह अजगर जहरीला नहीं होता, लेकिन यह छोटे जानवरों को अपनी कुंडली में जकड़कर मार सकता है। गनीमत रही कि पशुशाला में बंधे किसी जानवर को नुकसान नहीं पहुंचा। अजगर के पकड़े जाने के बाद मंगतराम का परिवार और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। यह घटना क्षेत्रवासियों के लिए सतर्कता का संकेत बन गई है।

## आचार संहिता से पहले जारी हो शिक्षक पदोन्नति सूचियां

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हेडमास्टर और प्रिंसिपल प्रमोशन सूचियां अविलंब हो जारी**

**हमीरपुर।** राज्य में लंबे समय से लंबित हेडमास्टर व प्रिंसिपल प्रमोशन सूचियों को शीघ्र जारी करने की मांग तेज हो गई है। पंचायत चुनावों का रोस्टर 25 सितंबर को जारी होगा, जिसके बाद चुनाव आयोग कभी भी आचार संहिता लागू कर सकता है। यदि सूचियां समय पर जारी नहीं हुईं तो सैकड़ों शिक्षकों की पदोन्नति फिर अगले सत्र तक टल जाएगी। ऐसे में ये पदोन्नति सूचियां जारी करवाने के लिए राजकीय टीजीटी कला संघ महासचिव विजय हीर ने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री और शिक्षा सचिव को ज्ञापन भेजकर आग्रह किया है कि आचार संहिता लागू होने से पूर्व सभी लंबित प्रमोशन व वरिष्ठता सूचियां जारी की जाएं।

अगस्त में शिक्षा मंत्री ने 642 टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति की फाइल अप्रूव की थी। करीब 270 हेडमास्टर पदों पर प्रमोशन हेतु डीपीसी को दो माह से अधिक हो चुके हैं। वहीं 800 प्रिंसिपल पदों की फाइल जुलाई 2025 में लोक सेवा आयोग को भेजी गई थी, लेकिन आपत्तियों के कारण सूची लंबित है। उन्होंने बताया कि लंबी देरी से बड़ी संख्या में शिक्षक बिना प्रमोशन रिटायर हो रहे हैं। एक टीजीटी को हेडमास्टर बनने में 25-29 वर्ष और प्रवक्ता को प्रिंसिपल बनने में भी इतने ही साल लग जाते हैं। इसके अलावा सी एंड वी व जेबीटी से टीजीटी की पदोन्नति सूचियां, डीम्ड रेगुलर टीजीटी की अनुपूरक वरिष्ठता सूची हाईकोर्ट आदेशानुसार 7 अक्तूबर से पहले जारी करने के लिए पैनल शीघ्र फाइनल किया जाए। साथ ही वर्ष 2019-2025 में नियुक्त या प्रमोट शिक्षकों की वरिष्ठता सूचियां भी जारी की जाएं।

पिछले 7 साल में शिक्षकों को अपना वरिष्ठता नंबर तक नहीं मिला है। जिसके चलते पदोन्नति के लिए वे आवेदन तक नहीं कर पा रहे हैं। सैकड़ों शिक्षक अब तक बिना पदोन्नति रिटायर हो चुके हैं मगर विभागीय प्रक्रिया गति नहीं पकड़ रही है।

## डीसी किन्नौर डॉ. अमित ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में परिवार सहित भरी हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

डीसी किन्नौर डॉक्टर अमित कुमार शर्मा ने रविवार को माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में परिवार सहित हाजिरी भरी। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी नव कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई और मां के दरबार में हाजिरी लगाई।

इसके बाद वह बाबा श्री माईदास सदन पहुंचे, जहां पर उन्होंने वेटिंग हॉल लाइब्रेरी और म्यूजियम के निर्माण कार्य को देखा और उसके बारे में जानकारी हासिल की आपदा मित्र संदीप कुमरी द्वारा बाबा माईदास सदन में उन्हें शाल और टोपी देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर अमित कुमार शर्मा इससे पहले ऊना जिले में एडीसी के पद पर रहे हैं और चिंतपूर्णी मंदिर के विकास में उनका काफी योगदान रहा है। उन्होंने 2020 से 2023 की शुरुआत में अपने स्थानांतरण तक ऊना जिले के अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) के रूप में कार्य किया। डॉक्टर अमित कुमार शर्मा वर्तमान में किन्नौर जिले के डीसी के रूप में कार्यरत हैं। उनके कार्यकाल के दौरान जिले के विकास व प्रशासन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर हिमाचल प्रदेश ऊना जिले में स्थित एक प्रसिद्ध शक्तिपीठ है, जहां लाखों श्रद्धालु माता के दरबार में हाजिरी भरने आते हैं। यह मंदिर अपनी पावन पिंडी और चमत्कारी शक्तियों के लिए प्रसिद्ध है।


डीसी किन्नौर डॉक्टर अमित कुमार शर्मा को सम्मानित करते आपदा मित्र संदीप कुमार।

## घर से किताबें लेने गई किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**अनंत ज्ञान, पंजावर/गगरेट।** उपमंडल गगरेट के बढेड़ा राजपूतां गांव की एक किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना की छात्रा है और घर से शनिवार को ही किताबें खरीदने के लिए ऊना गई थी। उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं है। किशोरी के पिता कुल्लू जिले में बिजली बोर्ड में बतौर कनिष्ठ अभियंता कार्यरत हैं। किशोरी के परिजनों की शिकायत पर गगरेट पुलिस ने गुमशुदगी की रपट दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बढेड़ा राजपूतां की 19 वर्षीय किशोरी ने हाल ही में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में दाखिला लिया था। परिजनों के अनुसार किशोरी शनिवार दोपहर करीब अढ़ाई बजे घर से किताबें लेने की बात कहकर ऊना के लिए गई, जब शाम को किशोरी घर नहीं पहुंची, तो उसकी मां ने उसके मोबाइल पर फोन किया। बताया जा रहा कि एक बार मोबाइल फोन पर घंटी जाने के बाद फोन स्विच आफ आया। उसके बाद से किशोरी से कोई संपर्क नहीं हो पाया। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

## अपने चहेतों का व्यवस्था परिवर्तन कर रही प्रदेश सरकार : भाजपा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जिला परिषद सदस्य अशोक धीमन, भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक राजीव वशिष्ठ, पूर्व कर्मचारी नेता राम देव अग्निहोत्री, अजय पराशर, शिव मेहन, हरभजन सिंह गुलेरिया, हरीश शर्मा, रंजीत सिंह, मास्टर चमन लाल, हरबंस लाल सैनी, डॉ. सुभाष शर्मा, नरेश भारद्वाज ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनता का नहीं अपने चहेतों का व्यवस्था परिवर्तन कर रही है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं ने 5 लाख युवाओं को 58 साल वाली पक्की नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन प्रदेश के विभिन्न विभागों में 1.70 लाख कर्मचारियों के पद रिक्त पड़े हुए हैं। इन पदों को भरने के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा है। आज हालात यह हो गए हैं कि कई विभागों में अधिकारी/कर्मचारियों के पद रिक्त होने से जनता के काम प्रभावित हो रहे हैं। भाजपा सेवानिवृत कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कहा कि कांग्रेस सरकार के ढाई साल में कांग्रेस नेता ऊना विधानसभा में एक भी विकास कार्य नहीं करवा पाए। कांग्रेस नेता ने केवल अपने चहेतों का विकास और अधिकारियों को प्रताड़ित किया है। अधिकारी भी डर के माहौल में काम कर रहे हैं। ठेकेदारों को काम के बाद पैसे तक नहीं दिए जा रहे हैं। केवल चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का काम हो रहा है। अन्य ठेकेदारों से भेदभाव किया जा रहा है। राजीव वशिष्ट ने कहा कि कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी है। प्रदेश सरकार कर्मचारियों को न एरियर दे पा रही है और न ही अन्य लाभ दिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय कर्मचारियों को उनके लाभ मिलते रहे है।

## चिंतपूर्णी बाजार में लोगों ने सांप पकड़कर डिब्बे में किया बंद

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी बाजार में उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक एक जहरीला सांप नाली से बाहर निकल आया। सांप को जैसे ही एक दुकान के आगे लोगों ने देखा, तो अफरा-तफरी मच गई और राहगीर इधर-उधर भागने लगे। अचानक हुई इस घटना की सूचना कुछ ही पलों में पूरे बाजार में फैल गई और मौके पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों के साथ एक ढाबे के कर्मचारी ने हिम्मत दिखाते हुए डंडे और बोरी की मदद से सांप को पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर दिया, जब तक सांप को काबू में नहीं किया गया, तब तक लोगों में डर बना रहा और लोग इस घटना को देखते रहे, लेकिन जैसे ही सांप को सुरक्षित डिब्बे में बंद किया गया, लोगों ने राहत की सांस ली। बताते चलें कि बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते नालियों और गली-मोहल्लों में सांप और अन्य जहरीले जीवों के निकलने की घटनाएं बढ़ रही हैं।

**आयोजन** ऊना में राज्य स्तरीय लीगल क्लीनिक कार्यक्रम आयोजित

## दलित अत्याचारों पर 15 मामलों की हुई सुनवाई

**अनंत ज्ञान, ऊना**



राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान (एनसीडीएचआर) की ओर से रविवार को ऊना में राज्य स्तरीय लीगल क्लीनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष कार्यक्रम में ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा और सोलन जिलों से दलित अत्याचार से जुड़े 15 मामलों पर विस्तृत चर्चा और सुनवाई की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को उजागर करना और पीड़ितों को कानूनी सहायता प्रदान करना रहा। इस अवसर पर एससी/एसटी आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा मुख्यातिथि रहे, जबकि विशेष रूप से सेवानिवृत्त जज कमल जीत सिंह रनौत ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में बलात्कार, जानलेवा हमला, भूमि विवाद, जाति आधारित भेदभाव और आर्थिक अपराध जैसे गंभीर मामलों को शामिल किया गया। इन मामलों के पीड़ित, पीड़िताएं और उनके गवाह कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी 15 मामलों की सुनवाई ज्यूरी पैनल के समक्ष हुई, जिसमें पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कानूनी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। ज्यूरी पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि सभी मामलों में एससी/एसटी एक्ट की उचित धाराएं लगाई जानी चाहिए और पीड़ितों को समय पर मुआवजा मिलना चाहिए। राज्य सचिव राज महे ने कहा कि आज भी दलित समाज को हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कुल्लू जिले में दलितों को घर छूने से रोका जाता है, मंडी में मिड-डे मील में बच्चों को अलग बैठाया जाता है और किन्नौर में जबरन नगाड़ा बजवाया जाता है। कई गांवों में दलितों के लिए अलग रास्ते और श्मशान घाट बनाए गए हैं। मुख्यातिथि विजय डोगरा ने आश्वासन दिया कि जिन मामलों पर सुनवाई हुई है, उन पर आयोग की ओर से कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव बीना, अधिवक्ता संजय, हरदीप जस्सल, संजीव कलोटा, रणवीर, रमेश सारथी, कुलविंदर रिंकू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गुग्गा मंदिर नाइली में हाल ही में हुई नई कार्यकारिणी की मुच्छाली पंचायत प्रधान विजय शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें मंदिर के विकास में पंचायत के योगदान के बारे में विशेष चर्चा हुई। इसमें मंदिर समीति के प्रधान कमल शर्मा ने बताया कि हमारे गांव के लोग जमीन देने के लिए सहमत हैं व शिव कुमार गांव कड़ो व जिन्होंने गुग्गा मंदिर को कैमरे दान किए। वहीं अन्य कार्यों के लिए सहयोग करने पर सोनू धीमान, लखविंद्र कुमार का भी विशेष धन्यवाद किया गया। सचिव साहिल शर्मा ने बताया कि महीने के हर दूसरे रविवार को गुग्गा मंदिर में बैठक की जाएगी। इसकी समय-सारिणी सोशल मीडिया में जल्द दी जाएगी। बैठक में सीएल शर्मा, किशन चंद शर्मा, किरण शर्मा, सोनाथ शर्मा, राजिंदर शर्मा, पंकज शर्मा, राकेश संदल, सेवानिवृत्त नयाब तहसीलदार अशोक शर्मा, सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार तिलक शर्मा, सेवानिवृत्त सूबेदार चमन लाल शर्मा, शांति लाल शर्मा, किशोरी लाल शर्मा, पूर्व उपप्रधान मनोज कुमार, विवेक शर्मा, नाईली महिला आदि उपस्थित रहे।

## ऊना, बंगाणा व अंब में आयोजित उड़ान एमसेट में 125 से अधिक विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



उड़ान समूह द्वारा आयोजित एमसेट टैलेंट सर्च एग्जाम में हिस्सा देने वाले छात्र।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

सामाजिक कल्याण संस्था उड़ान समूह द्वारा 10वीं कक्षा पास कर चुके विद्यार्थियों के लिए उड़ान टैलेंट सर्च प्रतियोगिता एमसेट 2025 का आयोजन ऊना, बंगाणा तथा अंब में किया गया। इसमें 125 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी मेहनत को परखा।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उन निर्धन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खोजना है, जो योग्यता होने के बावजूद आय के संसाधनों की कमी से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते हैं तथा पात्रता होने के बावजूद उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अब तक हासिल की गई शिक्षा को परखकर भविष्य में आने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी को नई दिशा भी मिलती है। संस्था ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित कर अपने आय के संसाधनों के अनुरूप मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए पात्रता अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान करती है।

संस्था के मुख्य संरक्षक योगराज भारद्वाज द्वारा बताया गया कि इस प्रतियोगी परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता को पूर्ण कर प्रथम 11 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को संस्था द्वारा अपने वार्षिक समारोह में विशेष रूप से छात्रवृत्ति तथा उत्कृष्ट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,904 |
| निफ्टी | 25,114 |
| सोना | 1,09,841 |
| चांदी | 1,27,348 |

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 15 सितंबर 2025 | 31 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 258, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### विमल नेगी मौत मामले में पहली गिरफ्तारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** विमल नेगी मौत मामले में सीबीआई ने रविवार को पहली गिरफ्तारी कर ली है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में निलंबित चल रहे शिमला पुलिस के एएसआई पंकज को गिरफ्तार कर लिया है। नई दिल्ली से आई सीबीआई की 10 सदस्यीय टीम ने पंकज को घुमारवीं स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। पिछले एक हफ्ते से पंकज घुमारवीं में अपने पैतृक घर में रह रहा था। सोमवार को पंकज को सीबीआई की अदालत में पेश किया जाएगा। आरोप है कि एएसआई पंकज ने इस पेन ड्राइव को छिपाया और फॉर्मेट कर डेटा डिलिट कर दिया था।

### बारिश के कारण वैष्णो देवी यात्रा फिर स्थगित

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते वैष्णो देवी यात्रा को फिर से रोका गया। 19 दिन स्थगित रहने के बाद यात्रा रविवार से शुरू होनी थी, लेकिन तेज बारिश के चलते इसे अगले आदेश तक स्थगित किया गया। 26 अगस्त को मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी। उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश के बाद गंगा, यमुना समेत नदियों का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ है। बलिया में चक्की नौरंगा गांव में 5 मकान और 5 दुकानें नदी में समा गईं। इस मानसून सीजन राज्य में 654.2 एमएम बारिश हुई है। (अनंत ज्ञान)

### असम में आया 5.8 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के ढेकियाजुली से 16 किलोमीटर दूर रविवार को शाम 4:41 बजे 5.9 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। भूकंप के झटके बांग्लादेश, नेपाल, भारत, म्यांमार, भूटान और चीन सहित कई देशों तक में महसूस किए गए। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पुष्टि की है कि भूकंप का केंद्र असम के ढेकियाजुली के पास था, जिसके कारण गुवाहाटी और आसपास के इलाकों में इमारतें हिलने लगीं। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### लखनऊ एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट को पायलट ने टेकऑफ से पहले अचानक रोक दिया। फ्लाइट रनवे पर दौड़ चुकी थी, आखिरी वक्त पर पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बताया जा रहा है कि फ्लाइट के इंजन को टेकऑफ के लिए थ्रस्ट यानी प्रेशर नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पायलट ने विमान को रोकने का फैसला किया। विमान (6-ई-2111) में सपा प्रमुख अखिलेश की सांसद पत्नी डिंपल यादव समेत 151 यात्री सवार थे। उन्हें दूसरी फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बरसात से एचपीटीडीसी को लगी 115 करोड़ रुपए की चपत -पेज 2
- प्राकृतिक आपदा से हर साल प्रदेश को भारी नुकसान: सीएम -पेज 4
- कोटखाई में अधिकांश रूटों पर थमी बस सेवा, दो रूटों पर चल रहीं -पेज 4
- बारिश से सरकाघाट-धर्मपुर में तबाही, हाईवे कटा -पेज 7
- हाउसिंग कॉलोनी में सीवरेज समस्या से लोगों को नहीं निजात -पेज 10

# हिमाचल प्रदेश का शिक्षा मॉडल देशभर में बना मिसाल

## सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू; पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू, अध्यापकों और संसाधनों में बढ़ोतरी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाते हुए सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। विशेषज्ञों से मंथन के बाद लिया गया यह फैसला बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करेगा। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष शिक्षा क्षेत्र के लिए 9,849 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान कर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम शुरू कर दिया गया है, जिससे छोटे बच्चे हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आत्मविश्वास से संवाद कर पा रहे हैं। मौजूदा शैक्षणिक संस्थानों का युक्तिकरण कर भवन, प्रयोगशालाएं और शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। नतीजतन हिमाचल आज विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में देशभर में अग्रणी बनकर उभरा है।

प्रदेश सरकार ने शिक्षा में आधुनिक सुविधाएं जोड़ने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की पहल की है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम,



पुस्तकालय और खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही 850 संस्थानों को उत्कृष्ट श्रेणी में शामिल कर पर्याप्त शिक्षक और संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

### मात्र एक प्रतिशत ब्याज पर शिक्षा ऋण

**राज्य** सरकार ने डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत छात्र-छात्राएं देश व विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण सिर्फ 1 प्रतिशत ब्याज दर पर ले सकते हैं। प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे नए विषय शुरू किए गए हैं। वहीं, शिक्षकों के 5,400 और शिक्षा विभाग में 7,000 से अधिक पद भरे गए हैं।

### पाठ्यक्रम में शामिल होंगे हिमाचल से जुड़े अध्याय



**सीएम** सुक्खू ने बताया कि आगामी सत्र से कक्षा 6 से 12 तक की एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों को हिमाचल की स्थानीय पृष्ठभूमि से जोड़ने की योजना है। इन पुस्तकों में प्रदेश के मंदिरों, किलों, लोककलाओं और शहीदों की गाथाएं शामिल की जाएंगी। इसी बीच राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में हिमाचल 21वें स्थान से छलांग लगाकर 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

### असम में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले-मैं शिव भक्त, जहर निगल लेता लूं

# घुसपैठियों से मुक्त करवाएंगे जमीनें

**एजेंसी, गुवाहाटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असम दौरे का आज दूसरा दिन था। उन्होंने दरांग और गोलाघाट के नुमालीगढ़ में 18,500 करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन व शिलान्यास किया। पीएम ने दोनों जगहों पर जनसभाएं भी कीं। प्रधानमंत्री ने दरांग में कहा कि जब हमने भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया था, तो कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा था कि मोदी, नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहा है। मुझे कितनी ही गालियां दे, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निकाल लेता हूं, लेकिन जब किसी और का अपमान होता है, तो मुझसे रहा नहीं जाता। हमारे लिए जनता ही भगवान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में गरीबों को ठुकराया गया और घुसपैठियों को देश में बसाया गया। वहीं, भाजपा सरकार देश के नागरिकों को हर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'विकास के प्रयासों के बीच असम के लिए चुनौती भी विकराल होती जा रही है। ये चुनौती है घुसपैठ की। कांग्रेस सरकार ने उन्हें जमीनें दीं, संरक्षण दिया। वोटबैंक के लालच में असम की डेमोग्राफी को बिगाड़ दिया। अब भाजपा सरकार असम के लोगों के साथ मिलकर इस चुनौती का मुकाबला कर रही है।' हम घुसपैठियों से आपकी जमीनों को मुक्त करा रहे हैं। जिन आदिवासियों के पास जमीन नहीं है, उन्हें जमीन के पट्टे दे रहे हैं। मैं मिशन वसुंधरा के लिए असम सरकार की प्रशंसा करूंगा। इसके तहत लाखों परिवारों को भी पट्टे दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- हमारी सरकार असम की पुरानी पहचान को संरक्षित करते हुए आधुनिक पहचान से जोड़ रही है। कांग्रेस ने असम और दूसरे नॉर्थ ईस्ट राज्यों को अलगाव, हिंसा, विवाद दिए। भाजपा असम को विकास और विरासत से समृद्ध बना रही है। मोदी ने कहा- हमारी सरकार ने असमिया भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया। मुझे खुशी है कि यहां कि सरकार नई एजुकेशन पॉलिसी को भी तेजी से लागू कर रही है। कांग्रेस ने असम के महान सपूतों को भी कभी सम्मान नहीं दिया। इस धरती पर वीर लाचित बरफुकन जैसे योद्धा हुए, लेकिन कांग्रेस ने कभी उन्हें वो सम्मान नहीं दिया, जिसके वो हकदार थे। कांग्रेस ने जिसकी उपेक्षा की, हम उसे अंतिम पंक्ति पर लेकर चल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



**18,500 करोड़ के प्रोजेक्ट्स के किए उद्घाटन व शिलान्यास**

### ट्रेड और टूरिज्म का बड़ा सेंटर बनेगा असम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि असम के विकास का दौर शुरू हो चुका है। असम ट्रेड और टूरिज्म का बड़ा सेंटर बनेगा। पीएम ने कहा, 'हमारी योजनाओं का लाभ यहां चाय बागानों में काम करने वाले भाई और बहनों को भी हो रहा है। उनका हित हमारी प्राथमिकता है। सरकार टी गार्डन में काम करने वाली महिलाओं को मदद दे रही है। उनके स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा पर हमारा बहुत जोर है। यहां माता और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए भी योजनाएं चला रही हैं। कांग्रेस के समय इन श्रमिकों को टी कंपनी के भरोसे छोड़ दिया गया था, लेकिन हम उनके घर, बिजली, पानी और स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं।'

# हिमाचल को सहकारिता में हरसंभव मदद देगा केंद्र: गुर्जर





बैठक को संबोधित करते केंद्रीय राज्य सहकारिता मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर। साथ हैं डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में आयोजित सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में केंद्रीय राज्य सहकारिता मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में देश के लिए आदर्श राज्य है। विविधता से भरे इस प्रदेश में सहकारिता की अपार संभावनाएं हैं। केंद्र सरकार हिमाचल को सहकारिता में हरसंभव मदद देगी।

**121 ई-पैक्स का शुभारंभ, 20 लाख लोग जुड़े सहकारी आंदोलन से**

इस अवसर पर उन्होंने 121 ई-पैक्स का शुभारंभ भी किया। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सहकारिता का जनक है और इसने पूरे देश को नई राह दिखाई है। आज प्रदेश में लगभग 20 लाख लोग सहकारिता से जुड़े हैं। डेयरी, मछली पालन, विपणन और ऋण समितियों ने किसानों और महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नई ताकत दी है। उन्होंने कहा कि भरोसे का दूसरा नाम सहकारिता है और हिमाचल की समितियों ने इस परंपरा को मजबूत किया है। उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से समितियों के कंप्यूटरीकरण, हिमफैड और मिल्कफैड के डिजिटाइजेशन, हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ को वित्तीय मदद और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की फीस पर पुनर्विचार का आग्रह किया।

# हिमाचल कैबिनेट की बैठक आज नौकरियों का खुल सकता है पिटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल की कांग्रेस सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर को सचिवालय में होगी। इस बैठक में नई भर्तियों के मामलों को मंजूरी दी जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग से करीब 600 पद भरने का मामला कैबिनेट में जा ही रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा के मानसून सत्र में भी यह संकेत दिया था कि सत्र के बाद नए रोजगार को लेकर सरकार फैसले लेगी। कैबिनेट में भेजे जा रहे मामले के अनुसार, मेडिकल अफसर के 200 पद सरकार भर सकती है। इसी तरह 400 नर्सों के पद भी भरे जा रहे हैं। शिमला में सुपर स्पेशियलिटी विभागों के लिए 30 और पद अलग से दिए जा रहे हैं। हालांकि हेल्थ में रोगी मित्र भर्ती करने का मामला अभी नहीं आ रहा है। वन विभाग में फॉरेस्ट गार्ड भर्ती का मामला भी अभी नए नियमों के कारण नहीं लाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा विभाग का सबसे बड़ा मामला सीबीएसई स्कूलों को लेकर है।

**200 मेडिकल ऑफिसर और 400 नर्सों की भर्ती को मिल सकती है मंजूरी**

राज्य सरकार स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त 100 स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड में कन्वर्ट करना चाह रही है। मुख्यमंत्री ने 200 स्कूलों को सीबीएसई का करने की घोषणा कर रखी है।

वहीं, राज्य चयन आयोग के नए रेगुलेशन को लेकर भी कैबिनेट फैसला ले सकती है। इससे पहले राज्य चयन आयोग में स्टाफ सिलेक्शन कमीशन का ही रेगुलेशन चल रहा था। स्वास्थ्य और कार्मिक विभाग से कई मामले कैबिनेट में रखे जा रहे हैं, जबकि राजस्व विभाग का कोई बड़ा मामला अभी तक नहीं है।

### हैदराबाद के स्कूल में चल रही थी ड्रग फैक्टरी, तीन गिरफ्तार

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में पुलिस ने शनिवार को एक प्राइवेट स्कूल के अंदर ड्रग्स फैक्टरी चलाने का खुलासा किया है। मेधा स्कूल नाम के स्कूल के डायरेक्टर मालेला जया प्रकाश गौड़ सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने स्कूल के क्लास रूम और रस्ट्रिकटेड एरिया को अल्प्राजोलम का प्रोडक्शन फैक्टरी बना दिया था। अल्प्राजोलम का इस्तेमाल ताड़ी बनाने में किया जाता है। यह एक नशीला पदार्थ है, जो तेलंगाना में बैन है। पुलिस ने बताया कि बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर पर लगभग छह महीने से फैक्टरी चल रही थी। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर क्लास चलती थी।

फैक्टरी में छह दिन ड्रग्स बनती थी। रविवार को इसे बाहर पहुंचाया जाता था। ड्रग्स फैक्टरी के खिलाफ यह कार्रवाई तेलंगाना पुलिस की एलीट एक्शन ग्रुप फॉर ड्रग लॉ एनफोर्समेंट ने की। टीम ने सात किलोग्राम से ज्यादा अल्प्राजोलम, 21 लाख कैश, बड़ी मात्रा में केमिकल और मैन्युफैक्चरिंग का सामान बरामद किया है। पुलिस को एक केमेस्ट्री लैब भी मिली, जिसमें बड़े पैमाने पर ड्रग्स प्रोडक्शन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आठ रिएक्टर और ड्रायर लगे थे। पुलिस ने बताया कि स्कूल डायरेक्टर गौड़ ने गुरुवरेड्डी नामक एक सहयोगी से ड्रग्स बनाना सीखा था। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में साइबर क्राइम की जकड़ में बच्चे

## ऑनलाइन फ्रॉड और धोखाधड़ी के मामलों में हुई चौंकाने वाली बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में साइबर अपराध तेजी से बढ़ते हुए गंभीर चुनौती का रूप ले रहे हैं। बीते कुछ समय में ऑनलाइन फ्रॉड और धोखाधड़ी के मामलों में चौंकाने वाली बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश के शिमला, बद्दी, सोलन, नालागढ़ और बिलासपुर जिले इस अपराध के लिहाज से सबसे संवेदनशील क्षेत्र माने जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, साइबर अपराध का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसमें बच्चे भी तेजी से निशाना बन रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट दर्शाती है कि वर्ष 2018 से 2025 तक नाबालिगों के खिलाफ साइबर अपराधों में कई गुना वृद्धि हुई है। बच्चों से जुड़े साइबर पोर्नोग्राफी और अन्य अपराधों की संख्या इस दौरान हजारों तक पहुंच गई। हिमाचल में भी स्कूलों में पुलिस और प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किए हैं। छात्रों को नकली कॉल, फर्जी ऐप, फिशिंग और सोशल मीडिया धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए जा रहे हैं।





धोखेबाज लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठग रहे हैं। फर्जी बैंकिंग ऐप्स, नकली वेबसाइटें, सोशल मीडिया पर झूठी प्रोफाइलें और बच्चों से निजी जानकारी हासिल करने की तरकीबें इन अपराधों का हिस्सा हैं। इसका असर केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक तनाव और सामाजिक कलंक का बोझ भी परिवारों को झेलना पड़ रहा है। शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, तकनीकी संसाधनों की कमी और लंबी जांच प्रक्रिया अक्सर पीड़ितों के लिए और मुश्किलें खड़ी करती है।

### बच्चों-अभिभावकों को जागरूक करना बेहद जरूरी

**विशेषज्ञों** का कहना है कि इस अपराध से निपटने के लिए सबसे पहले बच्चों और अभिभावकों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। स्कूलों में नियमित रूप से साइबर सुरक्षा संबंधी सत्र आयोजित किए जाएं और छात्रों को डिजिटल स्वच्छता के महत्व से परिचित कराया जाए। प्रदेश पुलिस ने हाल ही में सभी 138 थानों में साइबर अपराध सहायता डेस्क स्थापित किए हैं, जिससे पीड़ित तुरंत शिकायत दर्ज कर सकें। विशेषज्ञ मानते हैं कि तकनीकी स्तर पर बैंकिंग ऐप्स और इंटरनेट सेवाओं की निगरानी कड़ी की जाए और अभिभावक बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें।

# 'शहीद' कहलाएंगे नेपाल हिंसा में मारे गए लोग: सुशीला कार्की

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि जेन-जी आंदोलन में मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा। पीड़ितों के परिजनों को 10-10 लाख नेपाली रुपए का मुआवजा भी दिया जाएगा। हिंसा में 51 लोगों की मौत हुई थी, जिसमें 1 भारतीय महिला भी थी। कार्की ने भ्रष्टाचार को खत्म करने का भी संकल्प लिया। उन्होंने कहा, 'नेपाल में पहली बार 27 घंटे तक लगातार आंदोलन हुआ।' कार्की बोलीं, 'मैं 6 महीने से ज्यादा समय तक सत्ता में नहीं रहूंगी और नवनिर्वाचित संसद को अधिकार सौंप दूंगी।' गौर रहे कि 12 सितंबर को पीएम पद संभालने के बाद सुशीला कार्की को नेपाल में 5 मार्च, 2026 को आम चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। (अनंत ज्ञान)



**कहा- पीड़ितों को मिलेगा 10 लाख का मुआवजा**

**6 महीने में चुनाव कराकर सत्ता छोड़ दूंगी**

### 15 मंत्रियों का मंत्रिमंडल बनाने पर हो रहा विचार

**अंतरिम** प्रधानमंत्री बनने के बाद सुशीला कार्की मंत्रिमंडल बनाने पर काम कर रही हैं। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, कार्की 15 से ज्यादा मंत्रियों के साथ एक मंत्रिमंडल बना सकती हैं। मंत्री पदों के लिए जिन नामों पर विचार किया जा रहा है उनमें कानूनी विशेषज्ञ ओम प्रकाश आर्यल, पूर्व सेना अधिकारी बालानंद शर्मा, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति आनंद मोहन भट्टराई, माधव सुंदर खड़का, अशीम मान सिंह बसन्यात और ऊर्जा विशेषज्ञ कुलमान घीसिंग शामिल हैं। साथ ही डॉ. भगवान कोइराला, डॉ. संदुक रुइत, डॉ. जगदीश अग्रवाल और डॉ. पुकार चंद्र श्रेष्ठ जैसे लोगों के नामों पर विचार चल रहा है। जेन- जी के सदस्य भी इस फैसले में शामिल हो रहे हैं। इसके लिए वे ऑनलाइन वोटिंग का सहारा ले रहे हैं।

**सवाल** प्राकृतिक आपदा में अपनों की बेरुखी और दूरी ने और बढ़ा दिया पहाड़ी राज्य के लोगों का दर्द

# आपदाग्रस्त हिमाचल पर क्यों नहीं पसीजा फिल्मी कलाकारों का दिल?

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में आपदा का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। गांव दरक गए, खेत बह गए और सैकड़ों परिवार बेघर होकर खुले आसमान के नीचे जीवन गुजार रहे हैं। बरसों की मेहनत से बने आशियाने पलभर में मलबे में बदल गए। छोटे-छोटे बच्चे अपनी किताबों और बस्तों से वंचित हो गए, लेकिन इस भयावह हालात से भी बड़ा दर्द लोगों को अपने जनप्रतिनिधियों और कलाकारों की बेरुखी से हो रहा है।

एक ओर लोग जीवन की मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके चुने हुए प्रतिनिधि सिर्फ औपचारिकताएं निभाते दिख रहे हैं। लोगों की सबसे बड़ी शिकायत यह है कि जब वे संकट में हैं, तो उनके नेता या तो नदारद हैं या सिर्फ सोशल मीडिया पर सहानुभूति जताकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो रहे हैं।

### हिमाचल से बॉलीवुड में कई कलाकार, सब चुप

**स्थानीय** लोगों ने हिमाचल से जुड़े अन्य कलाकारों पर भी सवाल उठाए। बुजुर्ग महिला निर्मला देवी ने कहा, 'इस धरती ने अनुपम खेर, प्रीति जिंटा, मोहित चौहान, रुबीना दिलैक और यामी गौतम जैसे फिल्मी सितारे दिए हैं, आज जब गांव-गांव उजड़ रहे हैं, तो इनमें से कोई आगे नहीं आया। कम से कम एक ध्वस्त घर बनाने तक की पहल भी नहीं हुई।



अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

स्थानीय निवासी श्याम लाल का कहना है कि लोगों को सांसद कंगना रनौत से काफी उम्मीद थी। लोगों ने सोचा था कि वह हमारी आवाज बनेंगी, लेकिन उन्होंने हालात की गंभीरता समझने की बजाय फोटो खिंचवाने में ज्यादा समय बिताया। राहत कार्यों में उनकी ओर से कोई ठोस मदद अब तक नहीं आई है।

एक स्कूल शिक्षक धर्मपाल ने कहा, 'हम चाहते हैं कि कोई कलाकार या सक्षम व्यक्ति कम से कम एक गांव ही गोद ले ले। बच्चों की पढ़ाई रुकी पड़ी है। अगर किसी ने यह जिम्मेदारी उठाई तो यह सबसे बड़ा तर्पण होगा।'

वहीं, विश्व मानव कल्याण संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मुंबई के बड़े फिल्मी कलाकार हिमाचल की धरती को अपनी फिल्मों और रियलिटी शोज के लिए खूब इस्तेमाल करते हैं, लेकिन जब यही धरती आपदा से कराह रही है तो सबके सब खामोश हैं। यह केवल बेरुखी ही नहीं, बल्कि हिमाचल की जनता के साथ विश्वासघात है। अगर यही आपदा मुंबई या उनके शहरों में आई होती तो शायद वे छाती पीट-पीटकर मदद की अपील करते। लेकिन हिमाचल की पीड़ा उन्हें दिखाई नहीं देती। यह उनका दोहरा चेहरा है और जनता इसे कभी नहीं भूलेगी।' उन्होंने कि हिमाचल के लोग आत्मसम्मानी और जिजीविषा से भरपूर हैं। वे अपने बूते कठिनाइयों से बाहर आएंगे, लेकिन कलाकारों की इस बेरुखी ने उनके असली चरित्र को उजागर कर दिया है।

आपदा ने न सिर्फ हिमाचल की जमीन और घर बहा दिए हैं, बल्कि जनता के विश्वास को भी डांवाडोल कर दिया है। गांव-गांव में चर्चा है कि जब अपने ही सांसद और कलाकार संकट में साथ नहीं खड़े हुए, तो भरोसा किस पर किया जाए। ग्रामीणों ने अपील की है कि सक्षम लोग अस्पतालों, अनाथालयों और स्कूलों तक मदद पहुंचाएं ताकि प्रभावित परिवारों को जीने की नई उम्मीद मिल सके।

### पंजाबी कलाकारों का दिया उदाहरण

**हिमाचल** के लोगों का कहना है कि जब पंजाब में बाढ़ आई, तो दिलजीत दोसांझ, अम्मी विर्क और गिप्पी ग्रेवाल जैसे कलाकारों ने गांव गोद लिए, घरों का निर्माण करवाया और प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई, लेकिन हिमाचल में अब तक ऐसा कोई कदम देखने को नहीं मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉक्टर पुलकित भारद्वाज ने संभाला कार्यभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगरोटा बगवां तहसील की पंचायत सेरथाना के गांव थाना खास निवासी डॉक्टर पुलकित भारद्वाज का चयन सिविल हॉस्पिटल थुरल के अंतर्गत कम्युनिटी हेल्थ सेंटर बड़ोई कांगड़ा में मेडिकल ऑफिसर के पद पर हुआ है। डॉक्टर पुलकित भारद्वाज ने अगस्त माह में एचपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करके मेडिकल ऑफिसर की पात्रता हासिल की थी। इसके अलावा डॉ. पुलकित भारद्वाज का अगस्त माह में एसएसबी उत्तीर्ण करने के पश्चात आईटीबीपी में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर भी चयन हुआ है। डॉक्टर पुलकित भारद्वाज के पिता रविंद्र कुमार प्रजापति पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थलनी तीसा चंबा में कार्यरत हैं तथा माता करम कौर प्रजापति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरथाना में प्रवक्ता अंग्रेजी के पद पर कार्यरत हैं। डॉ भारद्वाज की बहन भी एमबीबीएस के अंतिम वर्ष की छात्रा है, जो कि 2021 बैच में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके हिमाचल प्रदेश से एमबीबीएस के डिग्री कर रही है।

### पास्सू स्कूल में कुक व हेल्पर प्रतियोगिता

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला पास्सू में खंड स्तरीय कुक/हेल्पर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अनीता देवी ने की। इसमें शिक्षा खंड धर्मशाला के 20 कलस्टरों से चयनित 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुखिया शिक्षक जोगिंदर सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित हुई। फाइनल राउंड में जीत कुमार (राजकीय प्राथमिक पाठशाला सिद्धपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कमला देवी (पाठशाला कंड) द्वितीय और सीता देवी (पाठशाला धर्मशाला कन्या) तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में 123 स्कूलों से चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### एंजल पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस की धूम



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने कविता, दोहा पाठन तथा निबंध प्रस्तुत किए। हिंदी प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें तक्षशिला, विक्रमशिला तथा नालंदा सदन के प्रतिभाशाली बच्चों ने हिस्सा लिया। उप कनिष्ठ वर्ग में तक्षशिला सदन से आर्ची कौंडल प्रथम, तथा नियति द्वितीय और नालंदा सदन से तनिश तृतीय स्थान पर रहे। कनिष्ठ वर्ग की दिव्यांशी प्रथम तथा शिवांश द्वितीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग की अलिशा तक्षशिला सदन से प्रथम स्थान और नालंदा सदन से प्रियांशी द्वितीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

### पीएम ने आपदा प्रभावितों को दी बड़ी राहतः शिवा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश और बादल फटने से हुए भीषण नुकसान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश का दौरा किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा जयसिंहपुर के अध्यक्ष शिवा कटोच ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हिमाचल प्रदेश के लिए राहत पैकेज की घोषणा करना आपदा प्रभावित लोगों के लिए बड़ी राहत है। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने 9 सितंबर को हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। उन्होंने कांगड़ा, चंबा, मंडी सहित कई प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। शिवा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस आपदा को गंभीरता से लेते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया है और यह हिमाचल की जनता के लिए बड़ी राहत है।

### युवाओं ने लिया हिंदी के प्रचार-प्रसार का संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिंदी दिवस के अवसर पर रविवार को साई धर्मशाला में प्रशिक्षुओं के लिए प्रश्नोतरी एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना को बढ़ाना था। प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने टीबी जागरूकता पर जानकारी दी, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण अभियान और बालिकाओं की जीवनशैली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। विजेताओं को खेल उप निदेशक, उप निदेशक, मेरा युवा भारत कांगड़ा और राकेश जस्सल, मुख्य प्रशिक्षक भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया गया। युवाओं ने हिंदी के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

### मेडिकल लैबोरेटरी एसोसिएशन ने की एएचपी पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मेडिकल लैबोरेटरी प्रोफेशनल एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा जिला स्तरीय बैठक रविवार को तारागढ़ में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार, महासचिव यशपाल, कैशियर ओंकार सिंह और रंजीत चौधरी मौजूद रहे। कोरोनाकाल के बाद हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एएचपी बिल पर गंभीर चर्चा की गई। एसोसिएशन ने आशंका जताई कि इस बिल से प्रदेशभर में हजारों लैबोरेटरी धारकों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, जिससे कई परिवार प्रभावित हो सकते हैं। एसोसिएशन ने मांग की है कि हिमाचल प्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल शिमला से पंजीकृत लैबोरेटरी डिप्लोमाधारकों को भी एएचपी बिल में शामिल किया जाए, ताकि वे निःसंकोच जनता की सेवा जारी रख सकें और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

### सौकणी दा कोट में बारिश से रसोईघर ध्वस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के सौकणी दा कोट पंचायत वार्ड-11 निवासी किशोरी लाल पुत्र मन्नू राम के स्लेटपोश कच्चे मकान की रसोई रविवार सुबह भारी बारिश के कारण ध्वस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। मकान का शेष हिस्सा भी अब गिरने के कगार पर है। पीड़ित बुजुर्ग किशोरी लाल ने बताया कि उनका परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा है। बड़े बेटे का हाल ही में ऑपरेशन हुआ है और दूसरा बेटा दिहाड़ी मजदूरी करता है। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। एकल नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय सदस्य राधा रघवाल ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र मदद उपलब्ध करवाने की मांग की है।

# बरसात से एचपीटीडीसी को लगी 115 करोड़ रुपए की चपत

## पूर्व के वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष ऑक्यूपेंसी कम, एमएमटी से एमओयू से ऑक्यपेंसी बढ़ने की उम्मीद

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रदेश में बरसात ने इस बार खूब कहर बरपाया है। बरसात ने हर सेक्टर को चपत लगाई है।

इसमें हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम यानी एचपीटीडीसी भी अछूता नहीं है। निगम के होटल भवनों के टूटने व छतें खराब होने से करीब 100 करोड़ का नुकसान आंका गया है। वहीं, बरसात में पर्यटकों की आमद में भारी कमी से निगम को लगभग 15 करोड़ के नुकसान की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, इस वर्ष बरसात में निगम के होटलों में ऑक्यूपेंसी पिछले वर्षों की अपेक्षा काफी कमी रही है। ऐसे में निगम को मेक माई ट्रिप के साथ हुए एमओयू के तहत ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से ऑक्यूपेंसी बढ़ने की उम्मीद है। गौरतलब है कि बरसात का समय पर्यटन उद्योग के लिए मंदी का दौर रहता है।

### भवन टूटने और छतें खराब होने से हुआ नुकसान

**निगम** प्रबंधन की मानें तो बरसात की वजह से निगम के होटल भवन टूटने व छतें खराब होने से करीब 100 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, बरसात की वजह से सड़कें खराब होने के कारण पर्यटकों के बरसात में न आने के चलते 15 से 20 करोड़ रुपए नुकसान आंका गया है। इस बार बरसात में प्रदेश में काफी नुकसान हुआ है, जिसके चलते निगम के होटलों की ऑक्यूपेंसी में बरसात के दौरान पिछले वर्षों की अपेक्षा काफी कमी दर्ज की गई है।

### नुकसान की भरपाई के प्रयास

**बरसात** से हुए नुकसान की भरपाई के लिए निगम कई कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में निगम ने मेक माई ट्रिप के साथ एमओयू साइन किया है। इससे ऑनलाइन ऑक्यूपेंसी बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा अन्य प्लेटफार्म जो ऑनलाइन होटल बुकिंग करते हैं, उनके साथ भी निगम की ओर से सहयोग का प्रयास किया जा रहा है।



“**बरसात** से पर्यटन को दो तरह का नुकसान हुआ है, भवनों के टूटने व छतों के खराब होने से 100 करोड़, जबकि पर्यटकों के न आने से 15 से 20 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है, क्योंकि रास्ते बंद पड़े हैं। बरसात का समय पर्यटन सीजन के लिए मंदी का दौर रहता है।

**-राजीव कुमार, एमडी, एचपीटीडीसी।**

### मजदूर संघ की चेतावनी डीए का भुगतान नहीं हुआ, तो होगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** लोक निर्माण विभाग फतेहपुर में भारतीय मजदूर संघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आंगनबाड़ी, जलरक्षक, जल शक्ति, वन, कृषि एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। मदन राणा ने कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ता (डीए), वेतन और अन्य लाभों के भुगतान में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने मई में 3 फीसदी डीए देने की घोषणा की थी, लेकिन अगस्त तक भुगतान नहीं हुआ। इसके अलावा 2016 के पे कमीशन का एरियल भी अभी तक कर्मचारियों को नहीं मिला। मदन राणा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सुधार नहीं किए, तो कर्मचारी बड़े आंदोलन पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हैप्पी बर्थडे



लोअर अरनियाला (ऊना) के निवान शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा के कमलजीत को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# ध्वस्त मार्ग पर बनेगा वैकल्पिक पुल लोक निर्माण विभाग ने शुरू किया काम

**शुभांजलि, अनंत ज्ञान**

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के साथ जोड़ने वाले खड़ा डंडा-मैक्लोडगंज संपर्क मार्ग के तहत आते जोगीबाड़ा क्षेत्र की सड़क में हाल ही में हुए भूस्खलन के बाद लोगों के आने जाने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा दोनों तरफ से जोड़ने के लिए लोहे का पुल बनाने का काम शुरू कर दिया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में लैंडस्लाइड के कारण सड़क का हिस्सा टूटकर गहरी खाई में जा गिरा था। सड़क पर वाहनों की आवाजाही के लिए तो बंद हो गई थी। वहीं, यहां से आने जाने वाले राहगीरों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

जिला प्रशासन के आदेशों पर इस स्थान को दोनों और से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा लोहे के पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस पुल को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला प्रशासन को 1.60 लाख रूपए का एस्टिमेट बनाकर भेज दिया गया है। विभाग की मानें तो इस पूरे सड़क मार्ग पर जगह-जगह सड़क को पहुंचे नुकसान को दुरुस्त करने के कार्य को अभी समय लगेगा। इसके चलते विभाग द्वारा इस प्रभावित क्षेत्र में केवल राहगीरों के लिए पुल का निर्माण किया जा रहा है। उधर, इस बारे में लोक निर्माण विभाग धर्मशाला के एक्सईएन दिनेश शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेशों पर दोनों तरफ के राहगीरों के लिए इस पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस पुल को दो-तीन दिन के भीतर बना दिया जाएगा।



वैकल्पिक पुल बनाने के लिए काम में जुटे मजदूर।

### पीएम मोदी की घोषणाओं से गया स्पष्ट संदेशः त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल प्रदेश के प्रति विशेष लगाव और संवेदनशीलता एक बार फिर से दिखाई दी है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश में आई आपदा के दौरान मोदी ने धर्मशाला पहुंचकर आपदा की आपातकालीन बैठक लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। पीएम ने हिमाचल को 1500 करोड़ रुपए की राहत राशि प्रदान करके अपना फर्ज निभाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे और घोषणाओं से यह स्पष्ट संदेश गया है कि केंद्र सरकार संवेदनशील और जिम्मेदार सरकार है, जो केवल कागजी आश्वासन नहीं देती, बल्कि ठोस कदम उठाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने न केवल राहत पैकेज दिया है, बल्कि दीर्घकालीन पुनर्निर्माण और अवसंरचना बहाली की ठोस योजना भी सामने रखी है।

### प्रभावितों को कंबल व टेंट किए गए वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** लायंस क्लब धर्मशाला द्वारा लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321डी के तहत चंबा जिले के तीसा क्षेत्र की धोन्वी पंचायत में हालिया बारिश और भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सेवा कैंप लगाया गया। क्लब सदस्यों ने प्रभावित गांवों में पैदल जाकर जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाई। इस दौरान लगभग 800 कंबल और 40 टेंट वितरित किए गए। सलूणी क्षेत्र में भी 125 कंबल और 10 वाटरप्रूफ टेंट बांटे गए। इस सेवा कार्य में क्लब सदस्य नसीब सिंह, प्राजेश मल्ही, भगत राम ठाकुर, प्रदीप चौधरी, आरसी कटोच व सुरेंद्र कुमार शास्त्री सहित जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### संत निरंकारी भवन दाड़ी में 54 यूनिट रक्त एकत्रित

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन दाड़ी में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ महात्मा रूपा गुरुंग व बैजनाथ के मुखी महात्मा चिंताराम ने किया। टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा की टीम की डॉक्टर अंजलि ने बताया कि शिविर में 54 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मटौर विश्वविद्यालय के छात्र दीपक प्रकाश और कार्तिक ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मिशन के संदेश को सार्थक किया। संयोजक महात्मा रूपा गुरुंग ने युवाओं की सराहना करते हुए इसे समाज सेवा की दिशा में प्रेरणादायक बताया। शिविर में टांडा की टीम से अनुराग, रीता, बलवीर सहित मटौर विश्वविद्यालय के प्रो. सुदेश कुमारी, प्रो. अजय कुमार और प्रो. दिनेश जमवाल भी उपस्थित रहे।

### सनी भाटिया ने जन्मदिन पर चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, योल।** योल के युवा समाजसेवी सरदार सनी भाटिया ने अपने जन्मदिन पर रविवार को बाजार में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने बाजार के बीच स्थित पब्लिक टॉयलेट और आसपास के क्षेत्र की सफाई करवाई। सनी भाटिया ने कुछ समय पहले स्थानीय व्यापारियों और लोगों से वादा किया था कि अपने जन्मदिन के अवसर पर वह स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाएंगे। व्यापार मंडल योल के कोषाध्यक्ष राजीव महाजन ने कहा कि यह कदम समाज के लिए प्रेरणादायी है। सनी भाटिया ने भरोसा दिलाया कि आगे भी ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। भाटिया ने कहा कि स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। हर व्यक्ति को अपने आसपास की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि जन्मदिन जैसे अवसरों को सामाजिक कार्यों के लिए यादगार बनाएं।

### पौंग बांध का जलस्तर बढ़ा, प्रशासन सतर्क

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कुछ दिनों तक जलस्तर घटने के बाद रविवार को फिर पौंग बांध का जलस्तर लगातार बढ़ा है। सुबह से शाम तक इनफ्लो बढ़ता रहा और शाम 5 बजे तक जलस्तर 1391.90 फुट दर्ज किया गया। फतेहपुर, इंदौरा और निचले मंड क्षेत्र के दर्जनों गांव पौंग बांध से छोड़े गए पानी का खामियाजा भुगत रहे हैं। खेतों में खड़ी मक्की और धान की फसलें बर्बाद हो गई हैं, जबकि कई घरों में पानी घुसने से ग्रामीणों को पलायन करना पड़ा। एसडीएम विश्रुत भारती ने बताया कि प्रभावित लोगों की सुरक्षा और राहत व्यवस्था पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हरसंभव मदद मुहैया कराई जाएगी। बीबीएमबी प्रशासन ने भी कहा कि आउटफ्लो नियंत्रित रखा जा रहा है और आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए टीमें अलर्ट मोड पर हैं।

### धानग पंचायत में बारिश से गिरा घर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बारिश से उपमंडल के धानग पंचायत के सोहन सिंह का मकान गिर गया। वहीं, माधो नगर पंचायत के लोट गांव में रात को ही भारी बारिश की वजह से हुए भूस्खलन में पप्पी राम, सुरेश कुमार,भोली देवी के घरों में भी भारी खतरा उत्पन्न हो गया। सोहन सिंह के क्षतिग्रस्त घर का पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ने गांव के प्रधान रोहित कपूर के साथ दौरा किया तथा प्रशासन से मांग की है कि अति शीघ्र सोहन सिंह को आर्थिक मदद मुहैया करवाई जाए। माधो नगर पंचायत के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि प्रशासन को स्थिति के बारे में अवगत करा दिए गया है तथा उन्होंने हर संभव सहायता की बात कही है।

### जवाली में बच्चों ने दिया मानवता का संदेश

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार जोनल स्तरीय निरंकारी बाल समागम का आयोजन निरंकारी सत्संग भवन जवाली में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मिशन की विभिन्न शाखाओं से बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। बच्चों ने भजन, विचार और नाटक के माध्यम से भक्ति और मानवता का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। जिला बिलासपुर से आए ज्ञान प्रचारक महात्मा गुलशन नड्डा और कांगड़ा जोन से सेवादल संचालक तिलकराज डोगरा ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की और मिशन के मानव कल्याण कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संयोजक प्रीतम गुलेरिया सहित कई सेवाकार महात्मा उपस्थित रहे।

# राइडर की अधिसूचना को किया जाए निरस्त

## पीटीएफ जिला कांगड़ा की बैठक में कई मुददों पर चर्चा, शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता पर हो पुनर्विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार से राइडर की अधिसूचना को निरस्त करने की अपील की है। इसके साथ टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार करने तथा जिन शिक्षकों के नाम वरिष्ठता सूची में शामिल नहीं हैं, उनके केस बनाकर भेजने पर विचार किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा की बैठक कोटला में जिलाध्यक्ष कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें जिला के 23 खंडों की कार्यकारिणियों सहित 95 शिक्षकों ने भाग लिया।

बैठक में कहा कि सरकार की ओर से हाल ही में जारी पत्र में कर्मचारियों के राइडर को समाप्त किया गया था, जिससे अध्यापकों को प्रतिमाह लगभग 10 से 15 हजार रुपए का नुकसान होना निश्चित था। इस पर जिला कार्यकारिणी ने प्रदेश इकाई के साथ मिलकर इस मामले को सरकार के समक्ष उठाया, तो सरकार ने राइडर की अधिसूचना के फिलहाल स्थगित कर दिया है। प्राथमिक शिक्षक संघ सरकार से इस अधिसूचना को पूर्ण रूप से निरस्त करने की अपील की है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता के मुद्दे पर खंड तथा जिला शिक्षक संघ राज्य कार्यकरिणी एआईपीटीएफ के साथ मिलकर टेट की अनिवार्यता के बारे सुप्रीम कोट के इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाएगा।



जिलाध्यक्ष कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में हुई प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक।

### वरिष्ठता सूची में नाम न होने पर चर्चा

**बैठक** में मुख्य शिक्षकों तथा कनिष्ठ बुनियादी अध्यापकों की वरिष्ठता सूची में कुछ अध्यापकों के नाम सूची में नहीं होने के बारे में चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिस भी खंड के मुख्य शिक्षक या शिक्षक का नाम वरिष्ठता सूची में नहीं है, उसका केस बनवाकर खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से जिला शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय धर्मशाला को समय पर भिजवा दिए जाएं।

### राज्य चुनाव के लिए जिला से दावेदारी पर चर्चा

**बैठक** में राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के त्रिवार्षिक चुनाव पर भी चर्चा की गई। इसके लिए आगामी राज्य चुनाव के लिए कांगड़ा जिला से दावेदारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की। सभी ने एकमत होकर जिला कार्यकारिणी से एक सशक्त उम्मीदवार पर विचार करने को कहा। इसके साथ ही शिक्षकों के अन्य मुद्दों जैसे कि जेबीटी से टीजीटी के पदों पर पदोन्नति तथा बीआरसी के पदों की भर्ती पर भी चर्चा की गई।

### सड़क हादसे में गाय और बाइक सवार घायल

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर के गांव जगनोली में रविवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार और बेसहारा गाय गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवकों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। हादसे के दौरान गाय का पेट बाहर निकल आया था और उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय चिकित्सक अजय कुमार, मनमोहन, मंजीत और एक अन्य डॉक्टर ज्वाली सहित टीम छुट्टी के दिन होने के बावजूद तुरंत गांव पहुंची। टीम ने घंटों मेहनत कर गाय का सफलतापूर्वक इलाज किया। गांव के सेवानिवृत्त बीएसएफ इंस्पेक्टर शैतान चंबियाल ने गाय के इलाज का पूरा खर्च स्वयं उठाया।

### हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में सीयू अग्रणी : प्रो. बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक आत्मा और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए हिंदी पखवाड़े का भव्य आयोजन किया है। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के मार्गदर्शन में यह आयोजन न केवल शैक्षणिक दृष्टि से बल्कि भाषाई चेतना के स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहा है। विश्वविद्यालय ने इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए सभी पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध कराए हैं। प्रशासनिक कार्य भी हिंदी में करने के लिए सभी स्कूलों और केंद्रों को निर्देश जारी किए गए हैं। धर्मशाला, देहरा और शाहपुर परिसरों में आयोजित हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राएं, शोधार्थी, संकाय सदस्य और शिक्षकेतर कर्मचारी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। नाटिका, लोकगीत, एकांकी, निबंध, भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से हिंदी की विविधता, जन-संस्कृति और भाषाई समृद्धि को उजागर किया जा रहा है।

### जागोरी संस्था ने किया मां- बेटी मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, गगल।** जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पंचायत भवन कंद्रेर में मां-बेटी मेले का आयोजन किया गया। मेले में विकास खंड कांगड़ा की छह ग्राम पंचायतों से 172 प्रतिभागिओं ने भाग लिया। जगोरी संस्था की कार्यकर्ता सरिता शर्मा ने बताया कि मेले के आयोजन का उद्देश्य बदलते सामाजिक समीकरण में मां एवं बेटी के रिश्ते को मजबूती प्रदान करना था, जिससे कि जीवनभर के लिए यह उनके बीच एक मजबूत रिश्ते की नीव बने और वे जीवन के हर मोड पर एक दूसरे के लिए मार्गदर्शन और सहारा प्रदान करते रहें।

### द्वितीय वाहिनी की रजत जयंती पर समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** द्वितीय भारतीय आरक्षित वाहिनी सकोह, धर्मशाला ने रविवार को स्थापना दिवस एवं रजत जयंती समारोह मनाया। इस अवसर पर चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन वाहिनी के बच्चों द्वारा किया गया। समारोह में हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी (भापुसे) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सांस्कृतिक संध्या में पुलिस जवानों और स्थानीय कलाकारों ने गीत, नृत्य व नाटकों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# बड़ा भंगाल में भेड़-बकरियों और मवेशियों संग फंसे 100 पशुपालक



भेड़पालकों का राशन हो चुका है खत्म, प्रशासन से लगाई मदद की गुहार।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** हिमाचल की दुर्गम घाटी बड़ा भंगाल का रास्ता बंद होने की वजह से हजारों भेड़-बकरियां और पशुधन सहित करीब 100 भेड़पालक थमसर, कालिहनी, दमाण, डोडी नाला और बड़ा भंगाल में फंस गए हैं।

जगह-जगह रास्ता बंद और पेड़ गिरने की वजह से रास्ते का नामोनिशान ही गायब हो चुका है। वापस लौटे बीड़ पंचायत के भेड़ पालक ब्रह्माराम और दान सिंह ने बताया कि भेड़पालकों के पास राशन खत्म हो चुका है और वर्तमान में दाने-दाने का मोहताज हैं। ऐसे में प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करते हुए रास्ता खुलवाना चाहिए और भेड़पलकों तक राहत सामग्री पहुंचाने सुनिश्चित किया जाना चाहिए। एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने कहा कि पलाचक से ऊपर जाने वाला मार्ग को बहाल किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि भेड़पालकों का कहना है कि इस रास्ते में बहुत खतरा है, नीचे वाला मार्ग जिसमें डोडी नाला है उसे दुरुस्त किया जाए। नीचे वाले रास्ते से 2 घंटे में सफर तय होगा। वहीं, ऊपर वाले रास्ते से करीब दो दिनों का समय लगेगा। एसडीएम ने भेड़पलकों को सुनिश्चित किया है कि प्रशासन वहां पर पूरी नजर रखे हुए है।

# केवल पठानिया ने वितरित किए 34 लाख रुपए के चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कृषि विभाग की ओर से कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) परियोजना के तहत रविवार को रक्कड़-का-बाग (रैत) में एक दिवसीय किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरत की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन तथा आतमा परियोजना से प्रदेश के किसान-बागवान प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं और इसे सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहे हैं। सरकार की पहल से किसानों को अपनी फसलों का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं तक शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद पहुंचेंगे। उन्होंने घोषणा की कि रक्कड़-का-बाग में शीघ्र ही 2 हैंडपंप लगाकर पेयजल आपूर्ति को बेहतर किया जाएगा। पठानिया ने किसानों को फलदार पौधे भी वितरित किए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 34 लाख के चेक वितरित किए। उन्होंने 10 लाभार्थियों को गृह निर्माण के लिए 3-3 लाख रुपए तथा 2 युवाओं को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत विवाह अनुदान के 2-2 लाख रुपए के चेक वितरित किए।


**रक्कड़-का-बाग के उपप्रधान सुरेंद्र ने राहत कोष में दिए 21 हजार रुपए**

**118 बच्चों को स्कूल बैग भी बांट :** पठानिया ने अपने स्तर पर 5 स्कूलों के 118 बच्चों को स्कूल बैग भी वितरित किए। उन्होंने शिव शक्ति महिला मंडल, ओम साईं महिला मंडल और हरि ओम महिला मंडल को 11-11 हजार रुपए के चेक दिए। वहीं, रक्कड़-का-बाग के उपप्रधान सुरेंद्र सिंह जम्वाल ने आपदा राहत कोष में 21 हजार रुपए का चेक भेंट किया।

### महिला पुलिस अधिकारी से बदसलूकी करने वाले नेता पर हो कार्रवाई : बिक्रम

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिक्रम ठाकुर ने टांडा मेडिकल कॉलेज में कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र मनकोटिया द्वारा ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस अधिकारी से धक्का-मुक्की और धमकी देने की घटना को बेहद शर्मनाक, निंदनीय और आपराधिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह महिला सम्मान पर सीधा हमला है और पूरे पुलिस बल का मनोबल गिराने का प्रयास है। बिक्रम ने कहा कि अपनी ड्यूटी पर तैनात और जिम्मेदारी निभा रही महिला पुलिस अधिकारी को धक्का देना और धमकाना, मनकोटिया की सोच और कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र मनकोटिया हमेशा सुर्खियों में रहने के लिए विवादित तरीके अपनाते रहे हैं। यह घटना साफ करती है कि कांग्रेस का असली चेहरा महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है। भाजपा इस मामले को हल्के में नहीं लेगी और हर स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी।

### चिट्टा आरोपी की निशानदेही पर मुख्य सप्लायर दसूआ से गिरफ्तार



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के अशोक रतन के दिशा निर्देशानुसार नशा माफिया पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस ने 2 दिन पहले थाना इंदौरा के मिलवां गांव में गुप्त सूचना के आधार पर एक घर में छापेमारी की थी। पुलिस ने रोहित कुमार पुत्र मनजीत सिंह के घर से 262 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया गया था। उक्त आरोपी एक बड़े नशा तस्कर से जुड़ा हुआ है। रोहित की निशानी के अनुसार, वह नशा जिला होशियारपुर के दसुआ से लेकर आता था। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव के नेतृत्व में टीम गठन की गई और कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर पवन कुमार पुत्र बालकिशन गांव बलगन तहसील दसुआ के घर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान उसके घर से 107,800 रुपए की नकदी तथा एक डिजिटल तराजू सहित उसे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इसकी पुष्टि डीएसपी संजीव यादव ने की है।



धर्मशाला। वीवीए फाउंडेशन की ओर से रविवार को राजोल के युवाओं के साथ मिलकर कुठमां स्थित मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# इंजीनियर्स दिवस
## की हार्दिक शुभकामनाएं

### आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।


इंजीनियर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

HIMACHAL PRADESH P W D


ई. डीसी ठाकुर
अधिशाषी अभियंता हि.प्र. लो.नि.वि. मंडल नं.1 बिलासपुर


ई. राजीव कुमार शर्मा
सहायक अभियंता हि.प्र. लो.नि.वि. कुठेड़ा


ई. सीता राम ठाकुर
सहायक अभियंता हि.प्र. लो.नि.वि. बेरी


देश के निर्माण में हमारे इंजीनियर का महत्वपूर्ण योगदान




इंजीनियर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


ई. सतीश शर्मा
अधिशाषी अभियंता
जल शक्ति विभाग, मंडल झंडूता



इंजीनियर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एक फोन आपकी सेहत बदल सकता है
बिना जिम, बिना योगा, बिना दवाईयों के
मोटापा घटायें
या
वजन बढ़ायें
पूछिये कैसे?
मोटापे से होने वाली बीमारियां-
डायबिटीज़
उच्च रक्तचाप, (हाई ब्लड प्रेशर)
घुटनों, कमर व पैरों में दर्द होना।
कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना।
याददाश्त का कमजोर होना।




ई. संजय सोनी मो. न. 8894184425



जलशक्ति विभाग भोरंज
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


आशीष देव
सहायक अभियंता जेएसवी भोरंज



HIMACHAL PRADESH P W D
लोकनिर्माण विभाग भोरंज
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


राजेश कुमार, सहायक अभियंता
लोकनिर्माण विभाग, भोरंज



इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


ई. रंजन गुप्ता
अधिशाषी अभियंता
हि.प्र. लो.नि.वि.
मंडल नं.2 बिलासपुर



जल शक्ति विभाग घुमारवीं
की ओर से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


ई. राकेश वैद्य
अधिशाषी अभियंता


ई. मस्त राम चौहान
सहायक अभियंता



हि.प्र. राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड भोरंज
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


संजय कुमार भरेड़ी
सहायक अभियंता
भरेड़ी


पंकज डोगरा
जे.ई.


पवन भाटिया
जे.ई.


जॉर्ज शर्मा
जे.ई.


रजनीश शर्मा
जे.ई.


देश राज
जे.ई.



इंजीनियर्स दिवस की सभी जिला व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

HIMACHAL PRADESH P W D


जे.ई. रजनीश कुमार
विकास खंड कार्यालय बिझड़ी


जे.ई. देशराज
विकास खंड कार्यालय बिझड़ी


जे.ई. राकेश चंदेल
लोक निर्माण विभाग बिझड़ी


इंजीनियर प्रेम दतयाल



HIMACHAL PRADESH P W D
लोक निर्माण विभाग
मंडल टौणी देवी
की तरफ से समस्त अभियंताओं को
'इंजीनियर्स दिवस'
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं






लोक निर्माण विभाग
HIMACHAL PRADESH P W D
मंडल हमीरपुर
की तरफ से जिला व प्रदेशभर के साथियों को
इंजीनियर्स डे
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर से नकदी और चांदी के आभूषण उड़ा ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** देहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बागेश्वर में एक प्राचीन माता मंदिर में चोरों ने नकदी व चांदी के आभूषण चुरा लिए। घटना से क्षेत्रवासियों में भारी रोष है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता रमेश चंद पुत्र स्वर्गीय माता राम निवासी धमंदर, डाकघर भरोली, तहसील राजगढ़, जिला सिरमौर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बीते दिनांक 12 सितंबर की सुबह करीब 8 बजे वे मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। पूजा करने के बाद सुबह 9 बजे मंदिर को बंद कर वे अपने घर लौट आए। शिकायत के अनुसार 13 सितंबर को सुबह लगभग 6 बजे जब वे पुनः मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर के मुख्य द्वार का कुंडा टूटा हुआ था। जब वे भीतर गए तो पाया कि मंदिर का दरवाजा आधा खुला हुआ था और दानपात्र का ताला टूटा पड़ा था। मंदिर के भीतर रखे दानपात्र से नकदी गायब थी। इसके साथ ही मंदिर से एक चांदी की छड़ी, जिस पर सोने का अंश जड़ा हुआ था, चार छोटी-छोटी चांदी की मूर्तियां तथा 11 चांदी के सिक्कों से जड़ा एक चांदी का हार भी चोरी हो गया। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 90 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस थाना देहा ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। उधर, पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और चोरों की धरपकड़ के प्रयास जारी हैं।

### भालू ने दो लोगों पर किया हमला, चेतावनी जारी

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत डंसा में काले भालू द्वारा दो व्यक्तियों पर हमला किए जाने की घटना सामने आई है। प्रभावित व्यक्तियों को अंतरिम रिलीफ के तहत धनराशि जारी की जा रही है। वन विभाग के डीएफओ रामपुर गुरु हर्ष सिंह ने ग्रामीणों को सुरक्षित रहने के लिए चेतावनी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि अकेले जंगल, बगीचों या सुनसान क्षेत्रों में न जाएं। खेत या जंगल कार्य पर जाते समय हमेशा समूह में जाएं, लाठी/डंडा साथ रखें और पटाखों का प्रयोग करें। भालू की गतिविधि बारे तुरंत विभाग को सूचित करें। रात में अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, टॉर्च/रोशनी का प्रयोग करें। पटाखों का शोर करके ही बाहर निकलें। बच्चों और बुजुर्गों को अकेले बाहर न भेजें। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें और खुले में न छोड़ें। घर व खेतों के आसपास झाड़ियां साफ रखें और कूड़ा-कचरा न फैलाएं। उन्होंने कहा कि भालू से निजात पाने के लिए वन विभाग शीघ्र ही पिंजरा लगाने की कार्रवाई कर रहा है। डीएफओ रामपुर ने ग्रामीणों से अपील की है कि सभी मिलकर सतर्क रहें, क्योंकि जन सुरक्षा केवल सभी के सहयोग से संभव है।

### सीमा कालेज में पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन

**दक्षमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा में कालेज प्राचार्य डॉ. ललिता रावत की अध्यक्षता में अभिभावक शिक्षक संघ की आम सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन करना था। बैठक में मतदान प्रक्रिया के माध्यम से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें पप्पू शर्मा को अध्यक्ष, राजदेव चौहान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंगत राम को उपाध्यक्ष, डॉ. सुरेंद्र सिंह कुल्टा को सचिव, नरेश नैंटा को संयुक्त सचिव व डॉ. ओम शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत कार्यकारिणी की संरक्षक रहेंगी। नई कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में प्रीतम सिंह, अंजना चौहान, महेंद्र सिंह, अनिता, रेखा सोनी, रीना, मालता, दौलत राम, शुकरु राम, सुनीता, मीरा देवी व सुनीता शामिल रहे। कालेज प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

### रक्तदान शिविर व अभियान होंगे आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर में आयोजित विशेष बैठक में संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा को लेकर मार्गदर्शन दिया। 17 सितंबर से सभी 17 जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित होंगे, शिमला का शिविर रिज मैदान पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की मौजूदगी में होगा। 21 सितंबर को शिमला में नमो मैराथन होगी, जबकि 25 सितंबर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत अभियान की शुरुआत होगी, जो 25 दिसंबर तक चलेगा और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनियों व मेलों का आयोजन किया जाएगा।

**अवसर** कश्मीरी सेब आपूर्ति थमने से प्रदेश के बागों में गूंजा सुनहरा लाभ

# हिमाचली सेबों की देशभर में बढ़ी मांग

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** घाटी में भारी बारिश ने कश्मीरी सेब की राह रोक दी है। लेकिन इसके बीच हिमाचल के बागवानों ने अपनी मेहनत और जिद के दम पर बाजार को थाम लिया है। बरसात की कठिनाइयों से जूझते हुए उन्होंने ऐसा सेब उतारा है जो मैदानों से लेकर दिल्ली तक सुर्खियों में है।

जानकारी के अनुसार शिमला की भट्टाकुफर मंडी से लेकर शिलारू और नारकंडा तक ट्रकों की कतारें रोज लंबी हो रही हैं। पराला की ढलानों से उतरकर फलों का कारवां मैदानों की ओर बह रहा है। सोलन और परवाणू की मंडियों में व्यापारी पहले से डेरा डाले हैं, जबकि पिंजौर के गलियारों में हिमाचली सेब की खुशबू फैल चुकी है।

दिल्ली की थोक मंडियों, जो अब तक घाटी के माल पर टिकी थीं, इन दिनों पूरी तरह हिमाचली खेपों पर निर्भर हैं। कीमतों में अचानक उछाल आया है। रॉयल डिलीशियस किस्म 2,300 से 2,500 रुपए प्रति बॉक्स तक पहुंच गई है, जबकि कुछ सप्ताह पहले यही बॉक्स 1,700 से 1,900 रुपए में बिक रहे थे। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र से आए थोक व्यापारी अब सीधे बागानों में पहुंचकर सौदे कर रहे हैं। बिचौलियों की परतें टूटी हैं और बागवान अपने फल का सीधा मूल्य पा रहे हैं।

- **रॉयल डिलीशियस किस्म 2,300 से 2,500 रुपए प्रति बॉक्स तक पहुंचा**
- **शिमला-किन्नौर से मैदानों तक मंडियां सेब से हुई गुलजार**



**आने वाले दिनों में दाम और रंगत दोनों बनाएंगे नए रिकॉर्ड**

**अभी** ऊंचाई वाले इलाकों का असली प्रीमियम माल उतरना बाकी है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि आने वाले दिनों में दाम और रंगत दोनों नए रिकॉर्ड बनाएंगे। मौजूदा परिस्थितियां भले अस्थायी हों, मगर इस दौर ने पहाड़ के बागवानों को भरोसा दिया है कि उनकी मेहनत देशभर की मंडियों में अपनी पहचान बनाए रख सकती है। इसके लिए अब आने वाले दिनों के ऊंचाई वाले ईलाकों के बागवान भी उत्सक हैं कि उनके सेब का सही मुल्य पड़े।

**सोलन की मंडियों में 23 लाख डिब्बों की हुई बिक्री**

**प्रदेश** कृषि विपणन बोर्ड के अनुसार, अब तक 1.62 करोड़ सेब के डिब्बे हिमाचल की मंडियों में पहुंच चुके हैं। इनमें 1.02 करोड़ बॉक्स शिमला-किन्नौर क्षेत्र से आए हैं, जबकि सोलन की मंडियों में 23 लाख डिब्बों की बिक्री हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 48 लाख बॉक्स अधिक उतारे गए हैं।

# कोटखाई में अधिकांश रूटों पर थमी बस सेवा, दो रूटों पर चल रहीं बसें




- **खराब सड़कों की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में बाधित हुई परिवहन व्यवस्था**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कोटखाई उपमंडल में सड़कों की खराब हालत ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

प्रदेश सरकार जहां ग्रामीण सड़कों को वाहनों के लिए बहाल करने के दावे कर रही है, वहीं हकीकत यह है कि अधिकांश बस रूटों पर परिवहन निगम की बस सेवाएं पूरी तरह से बंद पड़ी हैं। वर्तमान में केवल कोटखाई-आदर्श नगर और बहालीधार रूट पर ही निगम की बसें चल रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस अड्डा प्रभारी प्रकाश ने बताया कि सड़कों की हालत में सुधार होते ही बड़े वाहनों के लिए बस सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी।

हालांकि, जब तक सड़कें दुरुस्त नहीं हो जातीं, तब तक लोगों को निजी वाहनों या अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ेगा, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। इस स्थिति ने स्थानीय निवासियों में रोष पैदा कर दिया है और वे जल्द से जल्द बस सेवाएं बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

# प्राकृतिक आपदा से हर साल प्रदेश को भारी नुकसान : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने से पर्यावरण संकट गहराया**
- **स्थानीय अनुभव और सुझावों को नीतियों में शामिल करना बेहद जरूरी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि विकास के नाम पर पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई ने प्राकृतिक संतुलन को गंभीर क्षति पहुँचाई है। इसके कारण हिमाचल प्रदेश को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में पर्यावरणीय संकट और गहराएगा।

मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना समय की सबसे बड़ी मांग है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए हमें ऐसे मॉडल अपनाने होंगे, जिनसे विकास की गति भी बनी रहे और पर्यावरण पर दबाव भी न बढ़े। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को चाहिए कि वे अपनी निर्णय-प्रक्रिया में स्थानीय अनुभवों और सुझावों को शामिल करें।

क्योंकि जलवायु परिवर्तन की भारी कीमत हिमाचल पहले ही चुका रहा है। पहाड़ों का संरक्षण न केवल वर्तमान पीढ़ी की, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा और भविष्य की गारंटी है।

# सेवा भारती ने आपदा प्रभावितों को दी सहायता

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

बीते दिनों की भारी बरसात व भूस्खलन से रामपुर क्षेत्र के कई परिवार बेघर हो गए हैं। लोग तंबुओं में रहने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में सेवा भारती सामाजिक संस्था उनकी सहायता को आगे आई है।

आज संस्था द्वारा रामपुर, चाट्टी और जगात खाना में आपदा प्रभावित 30 परिवारों को सहायता के रूप में कंबल, गद्दे, तिरपाल, दैनिक उपयोग के बर्तन, गैस स्टोव, एक माह का राशन आदि वितरित किए गए।

सेवा भारती संस्था के प्रदेश आपदा प्रभारी डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि संस्था समय-समय पर लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहती है। आज इसी क्रम में रामपुर, चाट्टी और जगत खाना में देवठी, लालसा, कुशवा, प्राणतला, बनाया आदि गांवो के 30 आपदा प्रभावित परिवारों को रोजमर्रा की जरूरत का सामान वितरित किया गया।



सेवा भारती के कार्यकर्ता सामूहिक चित्र में।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व संस्था द्वारा मंडी क्षेत्र और कल्लू क्षेत्र के प्रभावित परिवारों को भी सहायता के रूप में विभिन्न दैनिक जरूरत की वस्तुएं प्रदान की गई। संस्था आने वाले समय में भी इस कार्य को जारी रखेगी। सेवा भारती रामपुर इकाई के अध्यक्ष उमादत्त शर्मा और सचिव यशपाल शर्मा और संस्था में कार्यरत स्वयं सेवी बहनों ने भी इस मौके पर अपनी सेवाएं दी। आपदा प्रभावितों ने ऐसे आड़े समय में उनकी सहायता करने के लिए संस्था का आभार जताया है।

# पुष्पेंद्र कुमार बने संजौली कॉलेज पीटीए के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजकीय महाविद्यालय संजौली शिमला में पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित पीटीए कार्यकारिणी में पुष्पेंद्र कुमार को अध्यक्ष चुना गया। जबकि उपाध्यक्ष सुमन नेगी, सचिव डॉ. चंदर वर्मा, संयुक्त सचिव रीना तेगटा, और कोषाध्यक्ष का जिम्मा डॉ. अनुपम वर्मा को सौंपा गया। कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर प्रशांत, डॉ. लखबीर, हेमलता, ममता ठाकुर, रीता शर्मा, सरिता, बिमी राम और रीना को शामिल किया गया।

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. भारती भागड़ा ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सौ से अधिक अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सहयोग के लिए आह्वान किया।

# पूर्व पीसीसी महासचिव ने लिया बारिश प्रभावित क्षेत्र का जायजा

**मदन गोपाल, अनंत ज्ञान**

**बरठीं।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत आपदा से प्रभावित विभिन्न गांव का दौरा किया। उन्होंने प्रभावितों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। विवेक कुमार ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत गांव ठठल जंगल, गोइंड, चैंता, बडगांव गल्लू, बुखर, दमेहड़ा, बडगांवए चुंगी आदि में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को हरसंभव मदद करने को कहा गया है। विवेक ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत प्राकृतिक आपदा के चलते करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा किया जा रहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा के चलते प्रभावित हुए लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा में बेहतर कार्य किया है। प्रदेश सरकार की ओर से आपदा प्रभावितों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घर रहने के लायक नहीं हैं, उन लोगों के रहने का प्रबंध किया गया है। सरकार द्वारा इन लोगों को किराए की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। अधिकारी भी नुकसान को लेकर लगातार रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा गया है। सभी प्रभावितों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

# बिलासपुर जिले में पहली बार नहीं मनाया हिंदी दिवस

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

बिलासपुर। इतिहास में पहली बार बिलासपुर जिले में हिंदी दिवस का आयोजन नहीं हो सका। इस बार 14 सितंबर को हर वर्ष की तरह न तो जिला स्तर पर कार्यक्रम हुए और न ही प्रदेश स्तर पर। सरकार के विशेष आदेश के बाद भाषा विभाग ने सभी गतिविधियां निरस्त कर दीं।

भाषा विभाग के सूत्रों के अनुसार, प्रदेशभर में बीते दिनों से हो रही भारी बारिश और आपदा जैसी परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने सभी जिलों को निर्देश दिए थे कि इस बार हिंदी दिवस के औपचारिक समारोह न किए जाएं। इसके चलते प्रदेशभर में कहीं भी सरकारी स्तर पर आयोजन नहीं हुआ। वहीं, भाषा विभाग का कहना है कि इस बार प्रदेश में आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई है। भारी वर्षा और भूस्खलन से जहां जन-जीवन प्रभावित है, वहीं प्रशासन पूरी तरह राहत और बचाव कार्यों में जुटा हुआ है। ऐसे में सरकार की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा रही, जिस कारण हिंदी दिवस का औपचारिक आयोजन संभव नहीं हो पाया।

## साहित्यकारों और विद्यार्थियों में निराशा

**हिंदी** दिवस रद्द होने से साहित्यकारों और विद्यार्थियों में निराशा है। स्थानीय साहित्यकार और कल्याण कला मंच के अध्यक्ष सुरेंद्र मिन्हास ने कहा कि 'प्राकृतिक आपदा और बारिश जैसी मजबूरियों को हम समझते हैं, लेकिन हिंदी जैसी राष्ट्रभाषा का दिवस चुपचाप गुजर जाना दुखद है। ऑनलाइन आयोजन या वैकल्पिक कार्यक्रम किए जाते तो भाषा प्रेमियों का मनोबल बना रहता।' प्रसिद्ध लेखिका डॉ. शालिनी शर्मा ने हिंदी दिवस के आयोजन न होने पर गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 'प्राकृतिक आपदा की स्थिति को हम समझते हैं, लेकिन हिंदी जैसी हमारी मातृभाषा का दिवस पूरी तरह खामोशी में गुजर जाना दुःखद है। कम से कम ऑनलाइन या प्रतीकात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदी के प्रति सम्मान प्रकट किया जा सकता था।' छात्रा नेहा ठाकुर का कहना था कि हम हर साल हिंदी दिवस पर भाषण और कविता प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं। इस बार ऐसा मौका न मिलना निराशाजनक है। सरकार को चाहिए था कि डिजिटल माध्यम से हमें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती।

### स्कूल-कॉलेजों में भी सन्नाटा

**रविवार** होने के कारण स्कूलों और कॉलेजों में भी कोई गतिविधि नहीं हो सकी। आमतौर पर इस दिन शैक्षणिक संस्थानों में भाषण प्रतियोगिताएं, वाद-विवाद, कविता पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन इस बार वहां भी पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा।

### जिले में पहली बार टूटी परंपरा

**हिंदी** दिवस को लेकर बिलासपुर जिले में हर साल बड़े पैमाने पर आयोजन होते रहे हैं। भाषा विभाग और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से कवि सम्मेलन, निबंध प्रतियोगिताएं और साहित्यिक गोष्ठियां करवाई जाती रही हैं। लेकिन इस बार परिस्थितियां ऐसी बनीं कि दशकों पुरानी यह परंपरा टूट गई।

# अमान जॉर्डन में खेलेगा मोरसिंघी नर्सरी का खिलाड़ी साहिग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की हैंडबाल में दिन प्रतिदिन उपलब्धियां बढ़ती जा रही हैं। महिला हैंडबाल खिलाड़ियों के साथ अब पुरुष खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे हैं। इसी कड़ी में 15 से 25 सितंबर तक अमान जॉर्डन में होने वाली फर्स्ट यूथ मैन अंडर-17 हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी के खिलाड़ी साहिग का चयन हुआ है। 15 से 25 सितंबर तक अमान जॉर्डन में होने वाली इस हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम रवाना हो गई है। भारतीय पुरुष टीम में बिलासपुर जिले की मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी साहिग को भी शामिल किए गए हैं। मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की संचालिका व कोच स्नेहलता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम में उनकी नर्सरी के साहिग अमान जॉर्डन हैंडबाल प्रतियोगिता में अपना दम दिखाएंगे। उधर, एमेच्योर हैंडबाल एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप राणा, महासचिव क्रांति ठाकुर, कोषाध्यक्ष रिहान दूबे ने शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, व्यासपुर हैंडबाल संघ के अध्यक्ष मनोज पराशर, दिनेश, संजीव, कृष्ण कुमार, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी हमीद खान, जगदीश ठाकुर, सचिन चौधरी, चंदन सिंह, मनोज ठाकुर, मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी के अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ियों ने चयनित खिलाड़ी को बधाई दी है।



# बास्केटबाल चैंपियनशिप के लिए टीम चयनित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मंडी में 20 सितंबर से 22 सितंबर तक आयोजित होने वाली सब जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए जिला बिलासपुर बास्केटबाल लड़कों की टीम का चयन कर लिया गया है। संघ के महासचिव राजकुमार राणा ने बताया कि बेहतर प्रदर्शन के आधार पर आरव शर्मा, रजनीश, आर्यन शर्मा और शिवम दधोल से अरमान व अनमोल बरमाना से अर्णव ओर निकुंज बिलासपुर से वरुण कंदरौर से आदित्य औहर से वेदांत और आयुष डंगार से चयनित किए गए। सुबह भारी बारिश के चलते कम संख्या में लड़कियां ट्रायल के लिए पहुंची, उनके ट्रायल आगामी दिनों में लिए जाएंगे। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर दधोल पाठशाला में कोच अश्वनी कुमार और संजय कुमार की देखरेख में लगाया जाएगा। वहीं, बिलासपुर जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण रनौत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर एडीपीई अश्वनी कुमार आदि ने टीम को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। संघ के वरिष्ठ उपप्रधान करतार सिंह ठाकुर ने टीम को स्पोर्ट्स किट भेंट की।

# बाडू देव भेल मेला 18 को, खेलकूद स्पर्धा भी होगी

**विनोद, अनंत ज्ञान, कुठेड़ा ( बिलासपुर)।** घुमारवीं उपमंडल के कुठेड़ा क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक बाडू देव भेल मेले का आयोजन 18 सितंबर को किया जाएगा। इसका शुभारंभ एसडीएम गौरव चौधरी करेंगे। मेले की शुरुआत पारंपरिक शोभा यात्रा से होगी जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। इसके पश्चात महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिताएं, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजन समिति की प्रधान ज्योति प्रकाश ने बताया कि 18 और 19 सितंबर को सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित होंगी। प्रसिद्ध गायिका निशा शर्मा अंतिम संध्या में प्रस्तुति देंगी। मेले को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरी आस्था है। तैयारियां पूर्ण हैं और प्रशासन ने सुरक्षा व यातायात की पुख्ता व्यवस्था की है। समिति ने अच्छे मौसम की कामना की है।

# कृष को मिस्टर और सृष्टि को मिस फ्रेशर चुना

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के अर्थशास्त्र विभाग में द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फ्रेशर पार्टी में बीए प्रथम वर्ष के कृष को मिस्टर फ्रेशर तथा सृष्टि को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नवीन भारद्वाज ने मुख्य अतिथि डॉ. पीएस कटवाल सहित उपस्थित शिक्षकों डॉ. भूमेंद्र जसवाल (अध्यक्ष, वाणिज्य विभाग) और डॉ. श्यामलाल (हिंदी विभाग) का आभार व्यक्त किया।

# बिलासपुर कॉलेज की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में रविवार को अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की आम बैठक आयोजित की गई। पीटीए सचिव डॉ. भूमेंद्र जसवाल ने वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्राचार्या डॉ. पीएस कटवाल ने पीटीए सहयोग से हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। बैठक में ओपन एयर लाइब्रेरी के लिए दो लाख की बेंचों सहित कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी भंग कर 2025-26 की नई कार्यकारिणी गठित की गई। नईम मोहम्मद को फिर से अध्यक्ष, सुरेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष, नीलम कुमारी सह सचिव और संजीव ढिल्लों कोषाध्यक्ष चुने गए। अन्य सदस्यों का भी सर्वसम्मति से चयन हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने छात्रहितों को प्राथमिकता देने की बात कही।

# श्रमिकों को वित्तीय सुविधाओं के बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ऑल हिमाचल पीडब्ल्यूडी-आईपीएच एंड कन्ट्रैक्चुअल वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा घुमारवीं में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्षता इंटक प्रदेश अध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर ने की। शिविर का उद्घाटन सतपाल, चेयरमैन कृषि उपज मंडी समिति ने किया, जबकि समापन चेयरपर्सन नगर परिषद घुमारवीं रीता सहगल ने किया। सतपाल ने मजदूरों की भूमिका को विकास में अहम बताया और सरकार द्वारा दी जा रही श्रम कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। रीता सहगल ने इंटक को कांग्रेस का मजबूत स्तंभ बताया। पंजीकरण सहायिका जगतम्बा शर्मा व लाभ वितरण सहायिका जागृति शर्मा ने श्रमिकों को पंजीकरण, नवीनीकरण और वित्तीय सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों और यूनियन पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कामगारों ने भाग लिया।

# जिला टीजीटी आर्ट्स एसोसिएशन की कमान फिर राकेश चौधरी को


घुमारवीं में जिला टीजीटी आर्ट्स एसोसिएशन के चुनाव करवाए गए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**जिला** टीजीटी आर्ट्स एसोसिएशन की कमान एक बार फिर राकेश चौधरी को मिली है। राकेश चौधरी को तीसरी बार जिला का अध्यक्ष चुना गया है। घुमारवीं में जिला टीजीटी आर्ट्स एसोसिएशन का चुनाव आयोजित हुआ। इस चुनाव में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कौशल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जिला महासचिव पवन शर्मा और प्रवीण चंदेल को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

इसके अलावा महिला विंग के प्रधान की जिम्मेदारी संतोष धीमान को सौंपी गई है। उन्हें महिला विंग के गठन का दायित्व भी सौंपा गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश चौधरी ने कहा कि टीजीटी आर्ट्स शिक्षकों की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें राज्य स्तर पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रोमोशन लिस्ट को लेकर जल्द ही शिक्षा मंत्री से मुलाकात की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही शेष कार्यकारिणी का गठन कर लिया जाएगा। इस मौके पर घुमारवीं के प्रधान अनिल कुमार, मदन शर्मा, घुमारवीं प्रधान कुमंत राज सुमन, प्रवीण शर्मा, झंडूता के प्रधान विनोद गौतम, रूपलाल, सदर बिलासपुर के प्रधान गोपाल शर्मा, महासचिव राजेंद्र सिंह, रूपलाल, महेंद्र, विजय कुमार, पुष्पा देवी, सुमन, आशा कुमारी, ज्योति, अश्वनी शर्मा, संजीव, सुनील कुमार, सोहन, मदन लाल, विजय, अशोक कुमार, देशराज, विकास, अजय, सुशील पुनम सहित सदस्य मौजूद रहे।

**मुलाकात** विधायक ने री गांव की सड़क समस्या को सुलझाने का दिया आश्वासन

# री-रडोह सड़क निर्माण प्राथमिकता: कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**पंचायत** बडगांव के री गांव के लोग रविवार को सड़क समस्या को लेकर विधायक जीतराम कटवाल से मिले। ग्रामीणों की व्यथा सुनते हुए विधायक ने कहा कि री-रडोह संपर्क सड़क का निर्माण उनकी प्राथमिकता में है और इसके समाधान के लिए वे पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि हर बार विधानसभा में इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया, लेकिन प्रदेश सरकार ने 'खजाना खाली' होने का बहाना बनाकर इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

उन्होंने कहा कि चुनाव क्षेत्र में अब तक बागछाल, नंद नगरांव सहित 9 पुलों का निर्माण हो चुका है, लेकिन इनमें से तीन पुलों की अप्रोच रोड के लिए बजट प्रावधान नहीं हो पाया है। इन्हीं में री-रडोह पुल का अप्रोच रोड भी शामिल है। इस पुल के बनने से बरठीं और हमीरपुर क्षेत्र से झंडूता व बागछाल तक की दूरी लगभग 18 किलोमीटर कम हो जाएगी, जिससे जनता का समय और धन दोनों की बचत होगी। पिछले आठ वर्षों में क्षेत्र के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिनमें 26 सड़कों का उन्नयन व विस्तारीकरण, 9 बड़े पुलों का निर्माण, 33 केवी का सब स्टेशन और 14 उठाऊ पेयजल योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार ने आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 1500 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज स्वीकृत किया है। इस राशि से री-रडोह सड़क की समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। कटवाल ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि अब यह सड़क केवल सपना नहीं, बल्कि जल्द ही हकीकत बनेगी। आपका साथ, धैर्य और विश्वास ही मेरी ताकत है। हम सब मिलकर अपने क्षेत्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनाएंगे। इस अवसर पर पंचायत प्रधान निक्कु राम, रघुवीर सिंह, विशन दास, शमशेर सिंह सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।


सड़क समस्या को लेकर विधायक जीतराम कटवाल से मिलते ग्रामीण।

# बंद सड़कों को जल्द करें बहाल : नीरज

## विधायक ने आपदा प्रभावित पांच पंचायतों का दौरा कर जाना लोगों का दुख-दर्द

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** सदर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर ने हाल ही में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित पांच पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने मंगला, कोलका, गजनूई और खजियार पंचायतों में जाकर प्रभावित परिवारों से मुलाक़ात की तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। दौरे के दौरान विधायक के साथ जिला चंबा के सभी विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने मौके पर बंद पड़ी सड़कों का जायजा लिया और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मार्गों को जल्द से जल्द बहाल किया जाए ताकि लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके।

विधायक नीरज नैय्यर ने प्रभावित लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन हर समय उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और पुनर्वास की सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के इस दौरे से लोगों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का समाधान तेज़ी से होगा और कठिन समय में प्रशासन व जनप्रतिनिधि हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।

## चंबा मेडिकल कॉलेज को मिली सौगात, अत्याधुनिक स्वचालित प्रयोगशाला व शैक्षणिक ब्लॉक के लिए 125 करोड़ की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। सीएम सुक्खू ने चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, चंबा के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।



मुख्यमंत्री ने कॉलेज में 25 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक स्वचालित प्रयोगशाला (ऑटोमेटेड लैब) स्थापित करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने शैक्षणिक ब्लॉक के निर्माण के लिए 100 करोड़ उपलब्ध करवाने का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर न जाना पड़े। इसके लिए चंबा मेडिकल कॉलेज को उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरणों और संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है। आने वाले समय में यह मेडिकल कॉलेज न केवल चंबा बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनेगा।

**विधायक नैय्यर ने सीएम का जताया आभार**

चंबा सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर ने जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया और कहा कि यह घोषणा चंबा जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक ब्लॉक और स्वचालित प्रयोगशाला की स्थापना से न केवल चिकित्सकों और छात्रों को सुविधा मिलेगी बल्कि आम जनता को भी उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सीधे तौर पर प्राप्त होगा। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भी मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत किया और इसे चंबा के विकास की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय बताया।

## प्राकृतिक आपदा से 2 करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के उपमंडल डलहौजी को हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान झेलना पड़ा है। उपमंडल नागरिक अधिकारी (एसडीएम) डलहौजी अनिल भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक के आकलन में लगभग 2 करोड़ रुपए का नुकसान दर्ज किया गया है। आपदा की चपेट में आने से कई गौशालाएं, लोगों के घर और खेतीबाड़ी की जमीन क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से फौरी राहत पहुंचाई जा रही है, ताकि उन्हें तत्काल सहायता मिल सके। एसडीएम ने यह भी बताया कि प्रशासन की टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रही है और नुकसान का विस्तृत आकलन जारी है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं। डलहौजी क्षेत्र के लोग उम्मीद जता रहे हैं कि सरकार जल्द ही उन्हें पर्याप्त मुआवजा और पुनर्वास सहायता प्रदान करेगी।

## डलहौजी की चरमराई अर्थव्यवस्था को राहत दिलाने उठी आवाज

# आरएस बाली से करेंगे राहत पैकेज की मांग : मनीष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

बनीखेत व आसपास के क्षेत्रों की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था इस वर्ष अभूतपूर्व संकट से जूझ रही है। होटल व्यवसाय, टैक्सी सेवाएं, स्थानीय व्यापार और रोजमर्रा की दुकानें सभी पर गंभीर आर्थिक असर पड़ा है। हजारों परिवार आज रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वर्ष 2025 में क्षेत्र को तीन बड़े झटकों का सामना करना पड़ा। पहला, मई में भारत-पाक युद्ध (ऑपरेशन सिंदूर) ने पूरे देश में भय और अस्थिरता का माहौल बना दिया, जिससे पर्यटक डलहौज़ी जैसे पर्यटन स्थलों से दूर रहे।



दूसरा, जून का पर्यटन सीज़न लगभग पूरी तरह ठप रहा। तीसरा, जुलाई और अगस्त की भीषण मानसूनी आपदा ने हिमाचल प्रदेश में सड़कों, पुलों और कनेक्टिविटी को बुरी तरह प्रभावित किया। लगातार बारिश और भूस्खलनों ने यात्रियों की आवाजाही को लगभग असंभव बना दिया। इन परिस्थितियों ने डलहौजी को आर्थिक संकट के कगार पर ला खड़ा किया है। होटल खाली पड़े हैं, टैक्सी ऑपरेटर बैंक कर्ज़ के बोझ तले दबे हैं और दुकानदारों की आमदनी लगभग शून्य हो चुकी है।

ऐसे संकट के समय में डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता मनीष सरीन ने आगे बढ़कर मोर्चा संभाला है। उन्होंने घोषणा की है कि वे इस गंभीर स्थिति को हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के चेयरमैन आर.एस. बाली के समक्ष जल्द ही उठाएंगे और क्षेत्र के लिए एक ठोस राहत पैकेज की मांग करेंगे।

मनीष सरीन ने कहा कि डलहौजी और बनीखेत आज अभूतपूर्व संकट से गुजर रहे हैं। यह केवल पर्यटन की समस्या नहीं, बल्कि हज़ारों परिवारों की जीविका का सवाल है। होटल व्यवसाय ठप हैं, टैक्सी चालक कर्ज़ में डूबे हैं और दुकानदारों को दिन भर में ग्राहक नहीं मिल रहे। मैं पूरी उम्मीद के साथ कहता हूं कि आरएस बाली के नेतृत्व में डलहौज़ी को राहत जरूर मिलेगी।

प्रस्तावित पैकेज में होटल व्यवसायियों और व्यापारियों के लिए टैक्स-फीस में छूट, बिजली बिलों का स्थगन, टैक्सी चालकों को ईंधन सहायता, दुकानदारों को किराया व यूटिलिटी बिलों में राहत और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रचार अभियान शामिल हो सकते हैं। मनीष सरीन ने कहा कि डलहौज़ी हिमाचल का मुकुटमणि है और जल्द ही इसे फिर से पर्यटकों से गुलज़ार करने के प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर राजेश चोभियाल, इच्छा राम टंडन, रजत शर्मा, योगराज महाजन, विशाल सिंह, विकास सिंह और विकास धीमान भी मौजूद रहे और सभी ने इस मांग का समर्थन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### तुनुहट्टी बैरियर के पास सड़क धंसने से ट्रक गिरा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 154ए पर तुनुहट्टी बैरियर के पास बेली नामक स्थान पर एक बड़ा हादसा टल गया। राशन से भरा मालवाहक ट्रक सड़क धंसने के कारण नीचे खड़े दूसरे ट्रक पर जा गिरा। गनीमत रही कि नीचे खड़े ट्रक का चालक और परिचालक उस समय वहां मौजूद नहीं थे, जिससे कोई बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में दो बाइकें भी नीचे गिर गईं, लेकिन बाइक सवार और ट्रक चालक सभी सुरक्षित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस जगह सड़क धंसी है वहां का बड़ा हिस्सा नीचे चला गया है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि इस स्थान पर समय रहते सुरक्षा व्यवस्था और वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया गया तो भविष्य में कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। फिलहाल गाड़ियों की आवाजाही जारी है।

### मणिमहेश लंगर सेवा में प्रशासन ने दिया सहयोग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पिछले 14 वर्षों से चंबा के ऐतिहासिक चौगान में लगने वाली मणिमहेश लंगर सेवा इस बार भी भगवान श्री मणिमहेश कैलाश यात्रा में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित रही।



हालांकि, इस बार भारी बारिश और आपदा जैसी परिस्थितियों ने लंगर सेवा को कई कठिनाइयों का सामना कराया। मणिमहेश लंगर सेवा के संचालक विजय कुमार सम्मी ने बताया कि 23 से 31 अगस्त तक आयोजित इस पवित्र लंगर में प्रतिदिन करीब 20 हजार श्रद्धालुओं को तीन समय का भोजन कराया गया। बारिश के कारण पानी और गैस सिलेंडर की कमी जैसी चुनौतियाँ सामने आईं, लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के समय पर सहयोग से यह सेवा निरंतर चलती रही। उन्होंने बताया कि तेज बारिश के कारण कई श्रद्धालु श्री मणिमहेश कैलाश तक नहीं पहुंच पाए, ऐसे श्रद्धालुओं को चंबा शहर के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्रीचंद गुरुद्वारा और नए बस अड्डे पर ठहराया गया। वहां भी समय-समय पर लंगर सेवा पहुंचाई गई। विजय कुमार सम्मी ने एसडीएम चंबा से विशेष भेंट कर जिला प्रशासन का दिल से आभार व्यक्त किया।

### डलहौजी वन विभाग को 2.61 करोड़ की चपत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में बीते दिनों आई प्राकृतिक त्रासदी ने वन विभाग की संपदा को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। वन मंडल अधिकारी डलहौजी रजनीश महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक विभाग को लगभग 2 करोड़ 61 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि कई संपर्क मार्ग अभी भी बाधित हैं, जिस कारण कुछ क्षेत्रों में नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। विभाग की टीमें लगातार प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर रही हैं और जल्द ही विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी। महाजन ने कहा कि त्रासदी ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं जंगलों और वन संपदा को भी गहरी क्षति पहुंची है।

### सड़कें बंद होने से संकट में किसान व व्यापारी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** गत दिनों क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण चोटाभंगाल और चौहार घाटियों को जोड़ने वाले मुख्य बरोट-घटासनी सड़क मार्ग सहित लगभग सभी आंतरिक सड़कें ल्हासे गिरने और डंगे ढहने के कारण पूरी तरह से बंद हो गई हैं। इससे किसानों, व्यापारियों और आम जनता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा लगातार बहाली कार्य किया जा रहा है। थल्टूखोड़-ग्रामण, थल्टूखोड़-मढ़, वोचिंग-रुलिग और बरोट-मियोट सड़क मार्ग आंशिक रूप से बहाल कर दिए गए हैं। बरोट-घटासनी मुख्य मार्ग गुराहला नामक स्थान पर बार-बार भारी ल्हासे गिरने से अब भी बंद है। बीड़-वाया विलिंग, राजगुंधा-बड़ा ग्रां मार्ग भी छिछड़ में दलदल भरी पहाड़ी के खिसकने से लगातार बाधित है। इस स्थिति के चलते बड़ा ग्रां, कोठी कोहड़, मुल्थान, लोआई, पोलिंग आदि पंचायतों के किसान अपनी तैयार आलू और सब्जी की फसल खेतों से नहीं निकाल पा रहे हैं। राशन, गैस सिलेंडर व अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति रुकने से दुकानों की बिक्री बंद हो गई है। किसानों ने सरकार और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क बहाली के लिए विशेष टीमें और अतिरिक्त मशीनरी तुरंत भेजी जाए ।

### जमींदोज मकान का सोहन लाल ने लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर शहर के भोजपुर में भारी वर्षा से रफी खान पुत्र कुतुबद्दीन की गोशाला क्षतिग्रस्त होने पर हुए नुकसान का पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने रविवार सुबह पहुंचकर जायजा लिया गया। उन्होंने प्रभावित परिवारों के मुखिया रफी और परिवाजनो से मुलाकात कर उनके दुख-दर्द को साझा किया और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया और फौरी रूप से प्रशासन की तरफ से तिरपाल और पांच हजार की राशि दी गई। पूर्व सीपीएस ने कहा कि सरकार और प्रशासन से प्रभावित परिवार को राहत दिलाने के लिए हरसम्भव प्रयास किए जाएंगे।

### ट्रस्ट ने प्रवासी बच्चों तक पहुंचाई शिक्षा सामग्री

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नरत्वम् चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रवासी परिवारों के बच्चों को कॉपी, पेंसिल और अन्य स्टेशनरी सामग्री वितरित कर उनके भविष्य को संवारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। ट्रस्ट की टीम ने अभिभावकों के साथ संवाद सत्र आयोजित कर शिक्षा के महत्व, नियमित उपस्थिति और स्थानांतरण के दौरान पढ़ाई न टूटने के उपायों पर चर्चा की। संस्थापक हर्ष ठाकुर और सदस्य पंकज नेगी ने कहा, 'शिक्षा अवसरों के दरवाजे खोलती है। हमारा प्रयास है कि कोई बच्चा किताब-कॉपी के अभाव में पीछे न छूटे।' इस पहल से बच्चों में उत्साह दिखा और कई अभिभावकों ने नियमित रूप से बच्चों को स्कूल भेजने का संकल्प लिया। ट्रस्ट आने वाले सप्ताहों में समुदाय स्तर पर अभ्यास सत्र, पुस्तक संग्रह अभियान और प्रवेश सहायता शिविर आयोजित करने की योजना बना रहा है।

### सराहनीय कार्य के लिए मिला सम्मान

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** सात दिवसीय माता त्रिपुर भैरवा मेला के समापन अवसर पर मेला कमेटी द्वारा पंडोह पुलिस चौकी के जांबाज अधिकारी व कांस्टेबल चेतराम को उनके सराहनीय कार्य के लिए विशेष सम्मान दे कर सम्मानित किया गया। मेले के मुख्यातिथि भाजपा नेता आश्रय शर्मा द्वारा चौकी प्रभारी अनिल कटोच और ट्रैफिक इंचार्ज चेतराम को शाल टोपी पहना कर सम्मानित किया। स्वयं आश्रय शर्मा ने इन दोनों जांबाज पुलिस अधिकारियों प्रशंसा करते हुए कहा कि इन के अथक प्रयासों से ही मंडी से झलोगी तक सड़क मार्ग को बहाल करने को जोखिम पुर्ण कार्य किया गया है। इनकी सतर्कता से दर्जनों लोगों की जान बची है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक इंचार्ज चेतराम ने वर्ष 2023 की आपदा से ले कर इस बार की आपदा में लोगों के हर क्षेत्र में सहयोग के नये आयाम स्थापित किए हैं। पुलिस विभाग को इन दोनों की सेवाओं को अन्य पुलिस अधिकारियों के लिए प्रेरणा के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया जाना चाहिए। मेला कमेटी की अध्यक्ष विना महंत ने इस समारोह की अध्यक्षता की। जबकि उपप्रधान सियोग फतेराम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री उइके ने भरमौर में हुई तबाही का रिप्रेजेंटेशन देखा



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**भरमौर** क्षेत्र में हाल ही की प्राकृतिक तबाही का जायजा लेने के लिए केंद्रीय जनजातीय मामले राज्य मंत्री दुर्गादास उइके रविवार को भरमौर पहुंचे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई उच्च स्तरीय बैठक में भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज, एडीएम कुलवीर सिंह राणा और एसडीएम अभिषेक मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत रिप्रेजेंटेशन देखा और केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन से होली तहसील के सलूण गांव के पीड़ितों को दी गई राहत की जानकारी ली और मणिमहेश यात्रा ट्रैक व अन्य स्थानों पर हुए नुकसान का ब्यौरा भी प्राप्त किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की 24 पंचायतें सहित हड़सर और उलांसा पंचायत को जनजातीय दर्जा देने पर प्रदेश सरकार से प्रस्ताव आने पर केंद्र उचित कार्रवाई करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में विकास कार्यों की डीपीआर वैज्ञानिक तरीके से तैयार की जाए ताकि सरकारी धन का सदुपयोग हो और एक ही कार्य को बार-बार न करना पड़े। दुर्गादास उइके ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार हिमाचल और भरमौर क्षेत्र को हर संभव मदद देगी ताकि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र पुनर्निर्माण हो सके।

# राज्यपाल ने आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री की वितरित

## शिव प्रताप शुक्ल ने जनप्रतिनिधियों को अतिरिक्त राहत सामग्री की सूची भेजने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जिला चंबा के उपमंडल डलहौजी के तहत बनीखेत नगर पंचायत के सभागार में आपदा प्रभावित लोगों को खाद्य एवं राहत सामग्री वितरित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से संवेदनशील हो रहा है। शिव प्रताप शुक्ल ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्ष 2023 के बाद से प्रदेश में आपदाओं की आवृत्ति बढ़ी है। इससे न केवल जन-धन की हानि हुई है बल्कि विकास कार्य भी प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हिमाचल दौरे के दौरान राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए राज्य सरकार को 1500 करोड़ की धनराशि उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित जिलों का दौरा करने के पश्चात केंद्रीय मंत्रियों तथा अंतर मंत्रालय केंद्रीय दल द्वारा किए गए आकलन के आधार पर प्रदेश को अतिरिक्त राहत राशि देने का आश्वासन भी प्रधानमंत्री ने दिया है।




राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री रवाना करते हुए।

शुक्ल ने प्रदेश को खाद्य एवं राहत सामग्री भेजने के लिए केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र में परिस्थितियों के लिहाज से अतिरिक्त खाद्य एवं राहत सामग्री की मांग के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियों को सचिव राज्यपाल एवं राज्य रेडक्रॉस तथा उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस के कार्यालय में सूची प्रेषित करने को कहा।

राज्यपाल ने आपदा के दौरान प्रदेशवासियों के मनोबल और साहस की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लोगों ने धैर्य, साहस और एकजुटता से विपरीत परिस्थितियों का डटकर सामना किया।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिला में आगामी दो-तीन माह की समयावधि में सभी व्यवस्थाएं सामान्य होंगी। उन्होंने इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक विपिन परमार, डॉ. हंसराज तथा डीएस ठाकुर ने भी अपने विचार साझा किए।

राज्यपाल ने इस दौरान विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी किया। उन्होंने इस दौरान राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154-ए के विभिन्न आपदाग्रस्त स्थलों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बनीखेत कस्बे के समीप क्षतिग्रस्त क्षेत्र, ककियाणा गांव और चौहड़ा के समीप आपदा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बिक्रम जरयाल, पवन नैय्यर, भाजपा के जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल, राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव एसडीएम अनिल भारद्वाज सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# विधायक चंद्रशेखर के अनशन का 7वें दिन में प्रवेश

## भोरंज व सुजानपुर के विधायक सुरेश कुमार और रणजीत का समर्थन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर का आमरण अनशन रविवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गया। विधायक चंद्रशेखर के समर्थन में भोरंज के विधायक सुरेश कुमार और सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह भी उनके समर्थन में आए। सुरेश कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर द्वारा आरंभ किया गया आंदोलन क्षेत्र की जनता की कठिनाई को देखते हुए शुरू किया गया है।



विधायक चंद्रशेखर का हालचाल जानने के उपरांत धरना स्थल पर सुरेश कुमार।

सुरेश कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आगामी सोमवार शाम तक मोरथ के अधिकारियों को नहीं बदला व उनके उच्चाधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो मंगलवार से इसी जगह आमरण अनशन शुरू कर देंगे और भोरंज विधानसभा क्षेत्र से भी भारी संख्या में लोग शामिल होकर इस आंदोलन को और विस्तार देंगे। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन जनता का है और मोर्थ कंपनी के साथ भारत सरकार का इकरार फरवरी 2025 को हुआ था और इस प्रोजेक्ट को फरवरी 2022 तक पूरा करना था। उन्होंने कहा कि कंपनी गावर के साथ चार शर्तों के साथ समझौता होगा जिसमें पहले एक शर्त में सड़क के निर्माण कार्य को करने की निश्चित तिथि दूसरे लोगों के घरों को हुए नुकसान की भरपाई करना तीसरे वर्तमान में इस प्रोजेक्ट पर नियुक्त मोर्थ के सभी कर्मचारियों को बदलना। चौथे सभी प्रकार से निर्माण कार्य में गुणवत्ता लाने का लिखित समझौता करना होगा। सुरेश कुमार ने सांसद अनुराग ठाकुर से भी सड़क निर्माण कार्य को लेकर सहायता देने का अनुरोध किया। इस अवसर पर सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले कल देर शाम सीएमओ मंडी डॉक्टर दीपाली शर्मा बीएमओ डॉ अनिल कुमार ने विधायक के क्रमिक अनशन स्थल का दौरा किया और उनकी गिरती सेहत को लेकर परिवार की सहमति से उन्हें गुलकोज चढ़ाने के लिए ड्रिप लगाया। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा और मेडिकल कॉलेज नेरचौक के पूर्व एमएस डॉक्टर पन्नालाल ने भी उनका हाल जाना।

## विधायक का अनशन तुड़वाने के लिए उठाएं कदम: किसान सभा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा खंड कमेटी धर्मपुर ने पिछले छह दिनों से अवाहदेवी चौक पर स्थानीय विधायक द्वारा किये जा रहे अनशन का अभी तक कोई हल न होने पर चिंता व्यक्त की है। सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा, सचिव सुरेश शर्मा, बाला राम, रामचंद ठाकुर, ओमचंद, करतार सिंह, बलदेव ठाकुर, कश्मीर सिंह, सूबेदार मोहनलाल, मिलाप चन्देल, मेहर सिंह, पृथी सिंह, अशोक कुमार, सूरत सिंह, कैप्टन महाजन सिंह, हेमचंद, टेक सिंह, हाजरी लाल, शंभू राम, रूप लाल बीस्ट, सोहन सिंह, ओम चंद, ओम प्रकाश, रूपचंद, रूपलाल, रमेल चंद, प्रकाश वर्मा, प्रकाश सकलानी, लुददर सिंह, भाग सिंह, अरुण अत्री, हरजीत सिंह, बालम राम, सुखराम, कमलेश कुमार, दूनी चन्द, कृष्ण चन्द, ज्ञान चंद, पूर्ण पराशर, अमृत लाल, बृज लाल शर्मा इत्यादि ने राज्य व केंद्र सरकार से विधायक द्वारा किये जा रहे अनशन की मांगों को जल्द मानने और अनशन समाप्त करने का जल्द समाधान करने की मांग की है ताकि उन्हें किसी तरह का स्वास्थ्य संबंधी नुकसान न पहुंचे।

# हरीश वैद्य चुने मंडी सिटीजन काउंसिल के नए अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सात सौ सदस्यों वाली मंडी नागरिक सभा ने रविवार को अपनी आम सभा में नया अध्यक्ष चुन लिया है। हरीश वैद्य अब मंडी नागरिक सभा के अध्यक्ष होंगे। रवि कांत वैद्य ने चुनाव अधिकारी की जिम्मेवारी निभाते हुए हरीश वैद्य को नया अध्यक्ष चुने जाने का ऐलान किया।

पैंतीस साल पुरानी नागरिक सभा मंडी के इन चुनावों में लगभग 250 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर मंडी नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट, पार्षदगण, सरदार पटेल विश्वविद्यालय की पूर्व प्रति कुलपति डॉ. अनुपमा सिंह समेत कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान 1990 में हुए मंडी गोलीकांड के बाद मंडी नागरिक सभा का गठन हुआ था।

नौ साल तक लगातार नागरिक सभा के अध्यक्ष रहे ओ पी कपूर ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करने का ऐलान किया तो नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया आरंभ हुई। निवर्तमान महासचिव हरीश वैद्य का नाम प्रस्तावित हुआ और उसका अनुमोदन भी हुआ मगर निवर्तमान अध्यक्ष ओ पी कपूर को ही बनाए रखने के लिए संविधान में संशोधन करने की मांग भी उठी। चूंकि कार्यकारिणी भंग हो चुकी थी ऐसे में किसी तरह का संशोधन हो पाना संभव नहीं था ऐसे में ओपी कपूर के नाम का प्रस्ताव तो आया मगर निर्वाचन अधिकारी ने इसे संविधान के अनुरूप न बताते हुए हरीश वैद्य को नया अध्यक्ष चुने जाने का एलान कर दिया। इसके साथ ही कई अन्य पदो के लिए भी चुनाव होने थे मगर आम सभा ने सर्वसम्मत राय से चुने गए नए अध्यक्ष को दस दिन में नई कार्यकारिणी बनाने के लिए अधिकृत कर दिया। इससे पहले तीन घंटे तक खत्री सभा भवन में आम सभा की बैठक चली जिसमें शहर से जुड़े कई मुद्दे उठाए गए।

## सीएम सुक्खू के दिल्ली दौरे पर राजनीति न करे विपक्षः हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिल्ली दौरे को लेकर विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा लगाए गए आरोपों पर कांग्रेस ने कड़ा पलटवार किया है। कांग्रेस नेता ठाकुर हीरापाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का दिल्ली जाना प्रदेश हित में केंद्र सरकार के सामने हिमाचल की आपदा राहत और पुनर्निर्माण की मांगों को मजबूती से रखने के लिए होता है, न कि निजी आयोजनों में भाग लेने के लिए।

हीरापाल सिंह ने जयराम ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि जब वे खुद मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने कितनी बार सरकारी हेलीकॉप्टर से केवल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को छोड़ने के लिए दिल्ली का दौरा किया, इसका रिकॉर्ड सबके सामने है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू तो वित्त मंत्री, कृषि मंत्री, गृह मंत्री और प्रधानमंत्री तक से मिलकर राज्य के लिए आर्थिक सहायता जुटा रहे हैं, ताकि बाढ़, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे हिमाचल को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि एकजुट होकर आपदा से जूझ रहे लोगों की मदद का है। प्रदेश में सड़कों के टूटने, मकानों के ढहने, बिजली-पानी जैसी समस्याओं से लोग त्रस्त हैं, और विपक्ष को सत्ता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना चाहिए। सस्ती लोकप्रियता के लिए राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। हीरापाल सिंह ने कहा कि विपक्ष को सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए, न कि षड्यंत्र रचना चाहिए।

# रविंद्र दूसरी बार बने बाला सुंदरी मंदिर कमेटी के प्रधान

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

रविवार को मंडी जिला की विख्यात एवं अराध्य माता बाला सुंदरी मंदिर के परिसर में मंदिर कमेटी के त्रैवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। मंदिर कमेटी के प्रधान रविन्द्र सिंह गुलेरिया ने विस्तार से चर्चा के बाद पूर्व कमेटी को भंग कर नव कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की गई चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए डॉ अमर सिंह गुलेरिया, जगदीप गुलेरिया,डॉ सतीश गुलेरिया , सुरेंद्र गुलेरिया व बलवीर गुलेरिया सहित पांच सदस्य कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर रविंद्र सिंह गुलेरिया सर्वसम्मति से दूसरी बार बाला सुंदरी मंदिर कमेटी के प्रधान चुने गए। इसके अतिरिक्त ब. उप प्रधान पद पर कैप्टन हरदेव सिंह गुलेरिया, देवेंद्र सिंह गुलेरिया, उप प्रधान उत्तम सिंह गुलेरिया व ललित गुलेरिया, महासचिव महेंद्र सिंह गुलेरिया , वरिष्ठ सचिव डॉ सुभाष गुलेरिया, डॉ सतीश गुलेरिया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गुलेरिया, मंदिर पुजारी बलदेव सिंह गुलेरिया, प्रेम सिंह गुलेरिया, मुख्य सलाहकार सूरत सिंह गुलेरिया, ध्यान सिंह गुलेरिया और तेज सिंह भभोरिया, मीडिया सलाहकार कुलदीप गुलेरिया, वित्तीय सलाहकार



माता बाला सुंदरी मंदिर परिसर में मंदिर कमेटी के त्रैवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए।

मोहन सिंह गुलेरिया, बलवीर सिंह गुलेरिया, लेखा सलाहकार मेहर सिंह गुलेरिया, किशोरी गुलेरिया, दिलीप सिंह गुलेरिया, शिकायत निवारण कमेटी अरुण गुलेरिया, निहाल सिंह गुलेरिया, प्रकाश गुलेरिया, सुरेंद्र गुलेरिया, राजेंद्र गुलेरिया, बलदेव गुलेरिया, कश्मीर गुलेरिया, ललित गुलेरिया, जय सिंह गुलेरिया, लाल सिंह वर्मा, प्रीतम सिंह गुलेरिया, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के लिए अमर सिंह गुलेरिया, सुरेंद्र गुलेरिया, नागेश गुलेरिया , बलवीर सिंह गुलेरिया, डॉ सतीश गुलेरिया, जगदीप गुलेरिया, कानूनी सलाहकार जीपी गुलेरिया, जगदीप सिंह गुलेरिया। इस अवसर पर पहली बार महिला प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया जिसमें सर्वसम्मति से प्रधान सुनीता गुलेरिया, सचिव तरुणा गुलेरिया, कार्यकारिणी सदस्यों में दिया शर्मा, करुणा कुमारी, मीरा देवी, रीता देवी, प्रोमिला शर्मा, पुष्पा देवी और नागिन गुलेरिया, इसके साथ ही युवा प्रकोष्ठ प्रधान विशाल गुलेरिया, सचिव असीम गुलेरिया कार्यकारिणी सदस्य में सेहवाल, दिनेश, बुनीत, निशांत, रंजीत, विशाल, जतिन, रितिक, पवनीश, अक्षय, योगिंद्र , अभिमन्यु और अनुराग को चुना गया।

## नाचन विस क्षेत्र में बारिश से मक्की की फसल तबाह

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में मानसूनी बारिश लगभग तीन महीने से लगातार होने से जहां भू-स्खलन के साथ ही सड़क मार्ग बह गए हैं और कच्चे मकान ध्वस्त हो गए हैं वहीं खेतों में खासा भूमि कटाव हुआ है जिससे मक्की समेत अन्य खरीफ की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। मूसलाधार बारिश से अस्त-व्यस्त हुए जनजीवन के बीच कृषि योग्य भूमि को भारी नुक़सान पहुंचना किसानों को बड़ी चिंता में डाले हुआ है। ऐसी स्थिति में रोजी रोटी के जुगाड़ पर ग्रहण लगना स्वाभाविक सी बात है क्योंकि किसानों ने नकदी फसलों के साथ ही मोटे अनाज एवं प्राकृतिक तौर पर खेती करना भी बड़े ही चाव से चुना था मगर मंदी छाने का सिलसिला कुछ इस कदर छाया कि वह जाने का नाम ही नहीं ले रहा है जिससे अन्न रक्षण पर सीधे सीधे कुदरत का कुठाराघात होता चला जा रहा है और मौसम का इस तरह अजीब तरीके से बरसना धान की फसल के लिए भी अब कहीं न कहीं घातक साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है। मेहनती किसान सुंकू राम, भगत राम, श्याम, राजेश कुमार, राजू, गौनू आदि ने संबंधित विभाग व सीएम सुक्खू से गुहार लगाई है कि शीघ्र ही कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक तौर पर हुए नुकसान का जायजा लेकर उचित भरपाई के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे अंदर हैं। हम केवल अपनी आंखों पर हाथ रख कर अंधकार को कोसते हैं। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# संवैधानिक संस्थाओं में टकराव

चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट में जिस तरह की तनातनी देखने को मिल रही है, उसने देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका और सीमाओं पर एक बार फिर बहस छेड़ दी है। कभी सुप्रीम कोर्ट अपनी सर्वोच्चता जताता दिखाई देता है तो कभी चुनाव आयोग यह कहकर अपने अधिकारों का दावा ठोक देता है कि चुनाव संबंधी हर गतिविधि केवल उसके अधीन है। ताजा विवाद वोटर लिस्ट बनाने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को पहचान का प्रमाण मानते हुए वोटर लिस्ट में उसे शामिल करने का निर्देश दिया था। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है, लेकिन चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के इस हस्तक्षेप पर आपत्ति जताई और हलफनामा दाखिल कर कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत वोटर लिस्ट तैयार करना और उसमें बदलाव करना पूरी तरह से उसका विशेषाधिकार है। यदि अदालत इसमें निर्देश देती है तो यह सीधे तौर पर आयोग के अधिकारों में दखलंदाजी होगी। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग आमने-सामने आए हों। इससे पहले भी कई बार चुनाव सुधारों और मतदाता पहचान प्रक्रिया को लेकर दोनों के बीच खींचतान होती रही है।

चुनाव आयोग का मानना है कि उसे पूरी स्वतंत्रता और स्वायत्तता प्राप्त है, क्योंकि यही लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है। यदि किसी भी बाहरी संस्था या अदालत से निर्देश आने लगेंगे तो उसकी स्वायत्तता प्रभावित होगी। वहीं सुप्रीम कोर्ट का तर्क यह है कि उसकी जिम्मेदारी संविधान की व्याख्या करना और मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है। ऐसे में यदि कोई प्रावधान नागरिकों के अधिकारों पर असर डालता है या पारदर्शिता को प्रभावित करता है, तो अदालत का हस्तक्षेप करना स्वाभाविक है। असल में इस पूरे विवाद की जड़ देश में मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता से जुड़ी चिंता है। अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि मतदाता सूची में फर्जी नाम शामिल हैं या मृत व्यक्तियों के नाम अभी तक हटाए नहीं गए हैं। दूसरी ओर कई पात्र नागरिक वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाते, जिससे उनका लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित होता है। सुप्रीम कोर्ट चाहता है कि आधार जैसी आधुनिक पहचान प्रणाली का उपयोग कर इस समस्या को दूर किया जाए, लेकिन चुनाव आयोग को डर है कि यदि आधार को अनिवार्य बना दिया गया तो एक तो यह नागरिकता और पहचान के बीच भ्रम पैदा करेगा और दूसरा, आधार डेटाबेस में मौजूद खामियों की वजह से वास्तविक मतदाता भी वंचित हो सकते हैं। यहां सवाल यह उठता है कि क्या वास्तव में चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट का उद्देश्य अलग-अलग है? जवाब है—बिलकुल नहीं। दोनों संस्थाएं अंततः यही चाहती हैं कि देश में चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय हों। सुप्रीम कोर्ट यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कोई नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न हो और चुनाव प्रक्रिया पर जनता का भरोसा कायम रहे। वहीं चुनाव आयोग यह चाहता है कि उसके अधिकारों और स्वतंत्रता पर किसी तरह की चोट न पहुंचे , ताकि वह बिना दबाव के काम कर सके।

संविधान ने चुनाव आयोग को एक स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था बनाया है। अनुच्छेद 324 स्पष्ट रूप से कहता है कि संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव का दायित्व पूरी तरह से चुनाव आयोग पर होगा। यही कारण है कि चुनाव आयोग को संविधान का प्रहरी भी कहा जाता है। दूसरी तरफ, सुप्रीम कोर्ट देश का सर्वोच्च न्यायिक निकाय है, जिसका काम संविधान की व्याख्या करना और उसके उल्लंघन की स्थिति में सुधार करना है। दोनों संस्थाएं अपने-अपने स्तर पर सर्वोपरि हैं, लेकिन यदि दोनों एक-दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप करने लगें तो टकराव से बचना कठिन है। जरूरत इस बात की है कि दोनों के बीच संवाद और सहयोग की संस्कृति विकसित हो। सुप्रीम कोर्ट यदि कोई निर्देश देता है तो उसे चुनाव आयोग के साथ चर्चा और परामर्श के आधार पर होना चाहिए। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब दोनों संस्थाएं टकराव की बजाय सहयोग की राह चुनें। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं का समाधान केवल कानूनी आदेशों से नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी और प्रशासनिक सुधार भी जरूरी हैं। आधार या किसी अन्य डिजिटल पहचान प्रणाली को वोटर लिस्ट से जोड़ने से पहले उसके सुरक्षित और त्रुटिहीन होने की गारंटी करनी होगी। साथ ही नागरिकों को यह भरोसा दिलाना होगा कि उनका व्यक्तिगत डाटा दुरुपयोग नहीं होगा। यदि पारदर्शिता और गोपनीयता के बीच संतुलन बना लिया जाए तो सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग दोनों की चिंताएं दूर हो सकती हैं। करोड़ों मतदाताओं की सूची तैयार करना, उसकी शुद्धता बनाए रखना और समय-समय पर उसमें सुधार करना आसान नहीं है।

ऐसे में यदि चुनाव आयोग अकेले अपने दम पर इसे पूरी तरह सही नहीं कर पा रहा तो अदालत का हस्तक्षेप या सुझाव कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन अदालत को भी इस प्रक्रिया की जटिलता समझनी होगी और ऐसे आदेश नहीं देने चाहिए जो आयोग के अधिकार क्षेत्र को सीमित कर दें। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट दोनों ही लोकतंत्र के स्तंभ हैं। दोनों की अपनी गरिमा और जिम्मेदारी है। यदि ये दोनों संस्थान आपसी टकराव छोड़कर मिलकर काम करें तो देश की चुनाव प्रक्रिया और भी सुदृढ़ और पारदर्शी हो सकती है। लोकतंत्र की असली ताकत संस्थाओं के सहयोग और संतुलन में है, न कि टकराव में। इसलिए जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट अपने दायरे में रहकर सुझाव दे और चुनाव आयोग उसे सकारात्मक दृष्टि से स्वीकार करे। आखिरकार दोनों का मकसद एक ही है-देश को एक ऐसी चुनाव व्यवस्था देना जिस पर जनता को पूरा भरोसा हो और जो लोकतंत्र की आत्मा को जीवित रख सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के दूसरे परमवीर चक्र विजेता

लांस नायक करम सिंह भारत के दूसरे परमवीर चक्र से सम्मानित व्यक्ति थे। इन्हें यह सम्मान सन 1948 में मिला लांस नायक करम सिंह का जन्म पंजाब के संगरूर जिले के भालियां वाले गांव में हुआ था। 6 वर्ष की उम्र में सिंह को स्कूल भेजा गया और पूरी कोशिश के बाद परिणाम यही निकला कि उन्हें पढ़ा पाना किसी के लिए भी असंभव है। इनके पिता सरदार उत्तम सिंह एक संपन्न किसान थे। दूसरी ओर करम सिंह के मन में साहसिक और रोमांचक जिंदगी की ललक थी और इनके चाचा ही इनके आदर्श थे, जो फौज में जूनियर कमांडिंग ऑफिसर थे। अपनी ही तरह की इस तबीयत के चलते करम सिंह गांव में कुश्ती और खेल-कूद के चैंपियन कहे जाते थे। दूसरा विश्व युद्ध पूरे जोर-शोर से जारी था। उन्हीं दिनों फौज की भर्ती का एक मौका उनके गांव में भी आया, जिसे करम सिंह ने नहीं गंवाया और इस तरह 26 वर्ष की उम्र में करम सिंह एक फौजी बन गए। वर्ष 1993 में अपने गांव में उन्होंने शांतिपूर्वक अंतिम सांस ली। उस समय उनकी पत्नी गुरदयाल कौर उनके साथ थीं। ■



लांस नायक करम सिंह
जन्म : 15 सितम्बर, 1915
मृत्यु : 20 जनवरी, 1993



कविता

## झुकना है तो रब के आगे

शिव सन्याल, मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*झुकना है तो रब के आगे, सुनता जो फरियाद।*
*इस दुनिया की ईश सहारे, टिकी हुई बुनियाद।*
*रवि धरती यह चांद सितारे, सागर शैल विशाल।*
*कल-कल करती नदियां बहती, भरें वेग सी चाल।*
*दिया यहां सब कुछ मालिक ने, करें सदा ही याद।*
*झुकना है तो रब के आगे, सुनता जो फरियाद।*
*नफरत के सब छोड़ो धंधे, कर मानव से प्यार।*
*बहुत दिया है हमको उसने, क्यों करें तकरार।*
*तेरे मेरे सब के अंदर, उस का गूंजे नाद।*
*झुकना है तो रब के आगे, सुनता जो फरियाद।*
*दृढ़ निश्चय जो मन में ठाने, करता पावन काम।*
*विश्वास करे रखे भरोसा, उस को मिलते राम।*
*पल पल होता राम सहाई, रखे सदा आबाद।*
*झुकना है तो रब के आगे, सुनता जो फरियाद।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में मानसून ने तोड़ी सेब अर्थव्यवस्था की रीढ़



यथार्थ



समरजीत

हिमाचल प्रदेश की पहचान आज देश और दुनिया में सेब की वजह से है। पहाड़ों की ढलानों पर फैले सेब के बागान केवल सुंदरता का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं। हिमाचल में हर साल तीन से साढ़े तीन करोड़ पेटियां सेब का उत्पादन होता है, जिससे लगभग पांच हजार करोड़ रुपए का कारोबार होता है। सेब कारोबार से लाखों लोग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से निर्भर हैं। शिमला, किन्नौर, कुल्लू, मंडी, चंबा और सिरमौर सेब की मुख्य बेल्ट हैं। मानूसन के जारी कहर से हिमाचल की सेब अर्थव्यवस्था गहरे संकट में है। इस बार सेब बगीचों को विनाशकारी मानसून ने तहस-नहस कर दिया है। लगातार बारिश, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं ने सड़क नेटवर्क का पूरा ढांचा ही हिला दिया है। कई पुल बह गए हैं, मेन और लिंक रोड टूट गए हैं तथा बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं ठप हो चुकी हैं। जब संपर्क की राहें बंद होती हैं, तो सबसे अधिक हानि सेब बागवानों को उठानी पड़ती है। इस बार कई जगह सी ग्रेड सेब की खरीद न होने से बागवानों को अपने सेब नाले में बहाने के लिए मजबूर होना पड़ा। निश्चित रूप से यह व्यवस्था की असफलता का प्रतीक है। सालभर की मेहनत, कीटनाशक-खाद का खर्च, मजदूरों की मेहनत और आशाओं से लदी हुई पेटियों का सड़ जाना आर्थिक नुकसान से कहीं अधिक अमानवीय घाव छोड़ गया है। समस्या केवल मौसमी नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक तैयारी की कमी और संस्थागत ढांचों की कमजोरी का चेहरा भी उजागर करती है। हिमाचल प्रदेश मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉर्पोरेशन (एचपीएमसी) जैसी संस्थाएं बागवानों की सुरक्षा-कवच बनकर काम करने के लिए बनी थीं। एचपीएमसी की मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सी-ग्रेड सेब की खरीद और उसका प्रसंस्करण बागवानों के लिए अब तक बेजोड़ सहारा रहा है, लेकिन इस बार जब 12 रुपए प्रति किलो के हिसाब से सेब के रेट तय होने के बाद भी सड़कें बंद रहीं और खरीद केंद्र समय पर नहीं खुल पाए, तब बागवानों का भरोसा टूटना स्वाभाविक था।

खरीद केंद्रों के न खुलने, उठान न होने और भुगतान में देरी ने बागवानों में वह गहरा असंतोष उत्पन्न कर दिया है जो अब सिर्फ नाराजगी तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि आक्रोश का रूप भी ले रहा है। सेब बागवान बेहद परेशान हैं। यह भी सोचा जाना चाहिए कि एचपीएमसी जैसी संस्था का मूल लक्ष्य केवल सेब खरीदना ही नहीं, बल्कि उत्पादन को सुरक्षित रखने के लिए ठोस व्यवस्था बनाना था, किंतु कोल्ड स्टोरेज की सीमित क्षमता, प्रसंस्करण इकाइयों की पुरानी मशीनरी और पायदान-दर-पायदान नाकाफी बुनियादी संरचनाएं इस प्रणाली को सतत् और विश्वसनीय बनाए रखने में असमर्थ रही हैं। प्रदेश में कोल्ड चेन की कुल क्षमता का अनुमानत केवल दस से पंद्रह प्रतिशत उत्पादन तक सीमित होना यह दर्शाता है कि अधिकतर बागवानों के पास अपना माल सुरक्षित रखने का विकल्प ही नहीं है। उन्हें अक्सर कम दामों पर रेहड़ी पर, मंडी में या बिचौलियों के भरोसे अपनी फसल बेचनी पड़ती है। अगर मौसम ने साथ न दिया तो तय कीमत और तय व्यवस्था के अभाव में किसान को भारी हानि उठानी पड़ सकती है। इतिहास बताता है कि हिमाचल में सेब की जड़ बहुत पुरानी है। कहा जाता है कि 1870 के आसपास एक ब्रिटिश सैनिक कैप्टन एए ली ने कुल्लू घाटी में सेब के कुछ पेड़ लगाकर प्रयोग किए, लेकिन सेब क्रांति के असल जनक अमेरिकी मिशनरी सैमुअल इवन स्टोक्स को माना जाता है, जिन्होंने 1916 के आसपास शिमला जिले के कोटगढ़ इलाके में न केवल रॉयल डिलीशियस, रेड डिलीशियस और गोल्डन डिलीशियस जैसी किस्मों को परख कर उगाया और इन्हें सफल भी बनाया था। उस शुरुआती दौर की मेहनत और प्रयोगों ने हिमाचल में बागवानी को वह दिशा दी जो आज भी राज्य की पहचान है। फिर समय के साथ नई किस्में, नई तकनीकें और बागवानी के आधुनिक तरीके आए।

बिलासपुर के हरिमन शर्मा ने वह उपलब्धि हासिल की जो कई किसान वर्गों के लिए वरदान साबित हुई। उन्होंने अपने नाम से ही एचआरएमएन-99 नामक सेब की लो-चिलिंग किस्म विकसित की, जो समुद्र तल से 1800 फुट तक की ऊंचाई पर भी उगाई जा सकती है और गर्म इलाकों में भी उत्पादन संभव बनाती है। ऐसे नवाचारों ने सेब की खेती को पारंपरिक सीमाओं से परे फैलाया और नए क्षेत्रों में क्रांति लाई, लेकिन नवाचार अकेला पर्याप्त नहीं, उसे संरचनात्मक सुदृढ़ता और बाजार-सरलताओं के साथ जोड़ना भी जरूरी होता है। देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षों में मौसम, विशेषकर मानसून की तीव्रता ने हम सब हिमाचलियों को परेशानी में डाला है। मानसून अब बेहद विनाशकारी होती जा रही है, जो हिमाचल के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। भूस्खलन, नदियों का उफान और अनेक स्थानों पर सड़कों का कट जाना यही संकेत देते हैं कि पारंपरिक व्यवस्थाएं अब असमर्थ हो चुकी हैं। एचपीएमसी योजना के तहत इस बार अब तक करीब 43 हजार मीट्रिक टन सेब की खरीद हुई है। एचपीएमसी ने पूरे प्रदेश में करीब पौने तीन सौ खरीद केंद्र खोले हैं, लेकिन उनमें से 240 ही सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। यही वजह है कि सेब बागवानों को अपना सेब बेचने में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ये हैं कि हजारों टन सेब या तो सड़कों के किनारे सड़ रहा है या फिर नालों में बहाया जा रहा है। इस बार अब तक करीब 1.50 करोड़ सेब पेटियां ही मंडियों तक पहुंच सकीं हैं, जो कुल उत्पादन का करीब 60 प्रतिशत है। इसका अर्थ यह हुआ कि लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन अभी भी बागानों या गोदामों में फंसा हुआ है। यह सच है कि आपदा प्रबंधन का दायित्व केवल राहत वितरण तक सीमित नहीं होना चाहिए।

सरकार और संबंधित संस्थाओं को पहले से जोखिम-न्यूनिकरण की योजनाएं तैयार रखनी चाहिए थीं। वैकल्पिक रूटों का मानचित्र, मोबाइल खरीद केंद्रों की सूची, जरूरी हेलिकॉप्टर-कार्गो की आरक्षण-शेल्फ और आपातकालीन कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था आदि-आदि इंतजाम पहले ही कर देने चाहिए थे। जब मौसम की संवेदनशीलता उच्च हो, तब मंडियों की कार्यप्रणाली, खरीद नीतियां और भुगतान के त्वरित तंत्र को युद्धस्तर पर सक्रिय करना चाहिए। बागवानों ने बार-बार अनुरोध किया कि खरीद केंद्र खोले जाएं, उठान की व्यवस्था की जाए, लेकिन जब व्यवस्था करने में देर हो जाती है तो भरोसा टूटता है और भरोसा टूटने के बाद उसे जोड़ना कहीं अधिक मुश्किल हो जाता है। समाधान केवल तकनीकी नहीं, बल्कि संस्थागत और नीतिगत भी होने चाहिए। सबसे पहले कोल्ड स्टोरेज की क्षमता को बड़े पैमाने पर बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि उत्पादन का कम-से-कम चालीस से पचास प्रतिशत सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही पैकिंग हाउसों और प्रसंस्करण इकाइयों का आधुनिकीकरण आवश्यक है, ताकि जूस, कंसंट्रेट और अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों में वैल्यू ऐड करके बाजार में उपज की कीमतें स्थिर की जा सकें। मोबाइल खरीद केंद्रों या फील्ड-लेवल क्रेटिंग स्टेशन की व्यवस्था तब बड़ी राहत साबित होगी जब स्थायी संरचनाएं बन रही हों। हेलिकॉप्टर-कार्गो सेवाओं का उपयोग विशेषकर उन इलाकों के लिए किया जाना चाहिए, जहां सेब मौसम की दुश्वारियों के चलते फंस जाता है। ये कदम महंगे जरूर लग सकते हैं, पर सच्चाई यह है कि बार-बार होने वाली आपदाओं में छोटे-छोटे राहत पैकेजों की तुलना में दीर्घकालिक निवेश कहीं अधिक किफायती और टिकाऊ होता है।

फसल बीमा का दायरा और उसके दावे निपटाने की प्रक्रिया भी सरल और तेज होनी चाहिए। एक प्रभावी बीमा प्रणाली वह है जो बागवानों को तुरंत नकदी सहायता दे सके, ताकि वे अगले सीजन के लिए आवश्यक इनपुट खरीद सकें और कर्जा चुकाने की क्षमता बनाए रखें। साथ ही जिला स्तर पर एक आपातकालीन बागवानी सहायता समूह का गठन किया जाना चाहिए जो आपदा के समय बागवानों के साथ सीधे संपर्क में रहे, उनकी फसल का त्वरित आकलन करे और तत्काल राहत या उठान के विकल्प उपलब्ध कराए। एचपीएमसी में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित किए बिना बागवानों का विश्वास बहाल नहीं होगा। खरीद और भुगतान के तय मानदंड सार्वजनिक होने चाहिए और देरी के कारणों और उनके समाधान की जानकारी समय-समय पर खुलकर दी जानी चाहिए।

बहरहाल, हिमाचल की सेब अर्थव्यवस्था केवल एक आर्थिक इकाई नहीं है, बल्कि यह उस प्रदेश का आत्म-सम्मान है जो पीढ़ियों से अपनी मिट्टी और मौसम के साथ समझौता करके इस स्वास्थ्यवर्धक फल को पाल-पोस रहा है। अगर आज सरकार और समाज ने मिलकर इसे संरक्षित न किया, तो अनेक परिवारों के सपने और गांवों की संस्कृति मुंह चिढ़ा सकती है। बागवानों के अति नाजुक समय में संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय ही विश्वास को बनाए रख सकते हैं। केवल प्रेस नोट या औपचारिक अपील से काम नहीं चलेगा, बल्कि मौके पर उतरकर जमीन पर ठोस कदम उठाने होंगे। चाहे वह मोबाइल खरीद केंद्र हों, हेलिकॉप्टर से उठान हो, कोल्ड स्टोरेज का त्वरित निर्माण हो या फसल बीमा का त्वरित भुगतान। यदि यह सब समय रहते लागू कर लिया जाए तो हम न केवल एक खंडित सीजन की चोट को भर पाएंगे, बल्कि भविष्य के लिए भी उस इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर सकेंगे जो हिमाचल के बागवानों को स्थिरता और सम्मान देता है। जब तक हिमाचल की घाटियां सेब की बगियों से लहलहाएंगी, तब तक ही यह प्रदेश सच्चे अर्थों में अपना देवभूमि का स्वरूप बनाए रखेगा और इसके लिए उत्तरदायित्व सरकार, संस्थाओं और समाज सभी का साझा होना चाहिए।

**रिस्पांस करें:** editoranantgyaan@gmail.com

# दुनिया की सबसे अच्छी और बढ़िया शासन व्यवस्था है लोकतंत्र



डॉ. लोकेश कुमार
स्वतंत्र टिप्पणीकार



अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर विशेष

आज विश्व में लोकतंत्र सबसे अच्छी शासन व्यवस्था है, जिसमें व्यक्ति को शासन में भागीदारी करने का मौका मिलता है। अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस हर वर्ष 15 सितंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसकी स्थापना 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी।

इसका मुख्य लक्ष्य लोकतंत्र को मजबूत और सुदृढ़ बनाना है। लोकतंत्र का तात्पर्य जनता के शासन से माना जाता है, जिसमें जनता शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी निभाती है। अब्राहम लिंकन के अनुसार लोकतंत्र 'जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए शासन है।' उन्होंने लोकतंत्र को केवल एक राजनीतिक प्रणाली के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे शासन के रूप देखा जो समानता और स्वतंत्रता के आदर्शों पर आधारित है। ब्रिटिश राजनीतिक दार्शनिक जॉन स्टुअर्ट मिल का मानना था कि लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था ही सबसे अच्छी है, लेकिन, सच्चा प्रजातंत्र तो वह है, जिसमें सभी नागरिक प्रत्यक्ष रीति से शासन कार्य में भाग लेते हैं, किंतु यह प्रयोग संभव नहीं है। वर्तमान दौर में बड़े-बड़े देशों में प्रत्यक्ष प्रजातंत्र चलना संभव नहीं है। लोकतंत्र में सर्वोत्म शासन अप्रत्यक्ष प्रजातंत्र या प्रतिनिधिमूलक शासन ही होना चाहिए। यद्यपि यह लोकतंत्र व्यवस्था पूर्णतया दोषमुक्त नहीं है, लेकिन फिर भी उसको अच्छा बनाया जा सकता है। लोकतंत्र का जन्म यूनान में हुआ है। ईसा से लगभग सात-आठ सौ वर्ष पूर्व यूनानी सभ्यता विकसित हो चुकी थी। यहां सैकड़ों जनसमूह भिन्न-भिन्न घाटियों में जीवन व्यतीत करते थे। ऐसे जनसमूहों के प्रदेशों को नगर राज्य कहा जाता था। यहां के लोगों ने राजनीतिक संगठन कायम किए।

नगर राज्य में ग्रामीण एक-दूसरे से पृथक रहकर भी सामुदायिक जीवन व्यतीत करते थे। इनके सामुदायिक हित भी समान रूप से थे। यूनान के एथेंस में प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था थी। यहां के सभी नागरिक एक्लीजिया नामक परिषद में इकट्ठे होकर नगर में शासन व्यवस्था चलाने पर विचार-विमर्श किया करते थे और वहां के सभी नागरिकों को शासन में भागीदारी निभाने का बारी-बारी से मौका मिलता था। 461-629 ई.पू. में एथेंस की प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था उन्नति के शिखर पर विराजमान थी। इस नगर का भू-भाग लगभग 1000 वर्ग मील था। इसकी जनसंख्या लगभग 3-4 लाख के मध्य थी।

प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. रोमिला थापर कहती है कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के गुण वैदिक काल और 600 ईसवी पूर्व में ही मिलने लगे थे। वर्तमान दौर की संसद की तरह प्राचीन समय में परिषदों का निर्माण किया गया था, जो वर्तमान संसदीय व्यवस्था मिलता-जुलता है। ऐसा अनुमान है कि वैदिककालीन 'सभा ' जन (कबीला) के वृद्ध लोगों की परिषद रही होगी और समिति सारे जन की एक सामान्य परिषद होगी। जिस कबिला में निर्वाचित राजा नहीं होता था, ये परिषदें, सरकार के कर्तव्यों और अधिकारों का निर्वहन करती थीं।

लगभग 600 ई.पू. हिमालय की तलहटियों में, उनके कुछ दक्षिण और आधुनिक पंजाब में प्रजातंत्र राज्य बसे हुए थे, जबकि भारत के राजतंत्र गंगा के मैदानों में केंद्रित थे। राजतंत्रों की अपेक्षा प्रजातंत्र व्यक्तिवादी और स्वतंत्र मत के कम विरोधी थे और आगे चलकर महत्वपूर्ण सामाजिक और धार्मिक रूढ़िमुक्तता का रूप धारण करने वाले दो संप्रदायों के नेता प्रजातंत्रों में ही उत्पन्न हुए थे। बुद्ध का संबंध शाक्य जन और जैन मत के संस्थापक महावीर का यांत्रिक जन से था। जब भारत देश को स्वतंत्रता मिली सभी ने लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अपनाने पर जोर दिया।

भारत में 75 साल से लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था बनी हुई है, लेकिन दुर्भाग्य है कि हाल ही के वर्षों में हमारे दो पड़ोसी मुल्कों में लोकतांत्रिक सरकारों के खिलाफ कुछ युवाओं ने हिंसात्मक आंदोलन करके सरकारों को बेदखल कर दिया। राजनीतिक चिंतक डॉ. धर्मवीर चंदेल कहते हैं कि दुनिया में लोकतंत्र ही अच्छी शासन व्यवस्था है, लेकिन चुनी हुई सरकारों को जनता के हितों के लिए काम करना चाहिए। बहरहाल, यह कह सकते हैं कि लोकतांत्रिक सरकारें भी अपने देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक खाई पर लगाम लगाने का प्रयास करें नहीं तो आज का युवा चुनी हुई सरकारों के खिलाफ हो सकता है। दो राय नहीं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था दुनिया की सबसे अच्छी शासन व्यवस्था साबित होती रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिंदी को राजभाषा नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा के रूप में अपनाया जाए



हितेंद्र शर्मा
किंगल, कुमारसैन, शिमला




हिंदी केवल अक्षरों का संयोजन नहीं है, यह भारतीय आत्मा की गहन अनुगूंज है। यह वही ध्वनि है जो हमारे लोकजीवन के स्पंदन में, हमारी संस्कृति की धारा में और हमारी आत्मा की गहराइयों में निरंतर गूंजती रहती है। जब किसी किसान के खलिहान में बैलों की घंटियां अपनी मधुर झंकार से श्रम की गाथा गढ़ती हैं, जब किसी मां की गोद में बच्चा लोरी सुनकर सो जाता है, जब किसी कवि की कलम से भावनाओं का गंगाजल फूट पड़ता है, तब यह सब कुछ केवल भाषा की औपचारिकता नहीं बल्कि हिंदी की आत्मा का प्रकट रूप होता है।

हिंदी हमारी सांस्कृतिक चेतना का वह अमृत है, जिसे पीकर हम भारतीय, अपनी पहचान, अपनी जड़ों और अपनी आत्मा को जीवित रखते हैं। भारत की शक्ति केवल उसकी सीमाओं की रक्षा करने वाली सेना या उसकी संपन्नता में नहीं, बल्कि उसकी सांस्कृतिक चेतना में निहित है और भाषा इस चेतना का सबसे जीवंत, सबसे व्यापक और सबसे स्थायी रूप है। यदि कोई राष्ट्र अपनी भाषा से विमुख हो जाए तो वह अपनी ही जड़ों को काट देता है। तब न उसकी सभ्यता जीवित रहती है, न उसकी संस्कृति। हिंदी का महत्व इसी बोध में छिपा है यह हमारी राष्ट्रीय आत्मा की धड़कन है। भारतीय भाषाओं की यात्रा उतनी ही विलक्षण है जितनी हिमालय की चोटियों से निकलकर गंगा की अविरल धारा।

वैदिक ऋचाओं का दिव्य नाद, उपनिषदों की दार्शनिक गहराई, नालंदा और तक्षशिला के ग्रंथागारों की गंभीरता, कबीर की दोहों की सरलता, तुलसी की चौपाइयों की भक्ति, सूर की पदावलियों का माधुर्य और मीरा की विरहिनी पुकार ये सब मिलकर उस यात्रा के मील पत्थर हैं, जिसने हिंदी को जन्म दिया। संस्कृत की गोद में पली, प्राकृत और अपभ्रंश की मिट्टी में फली और जनमानस की आत्मा में पुष्पित-पल्लवित हुई हिंदी किसी पर थोपने वाली भाषा नहीं रही, बल्कि सबको समेटने वाली, सबको जोड़ने वाली भाषा रही। इसमें अवधी की सहजता है, ब्रज की कोमलता है, राजस्थानी की रेत की तपिश है, भोजपुरी की मिट्टी की गंध है, पहाड़ी की स्वच्छ निर्मलता है और मराठी, गुजराती, पंजाबी, बंगाली जैसी भाषाओं के साथ गहरे संवाद की ध्वनि है। हिंदी गंगा की तरह है सभी नदियों को आत्मसात करती हुई, सबको अपनाकर चलती हुई, परंतु इतिहास की विडंबना यह रही कि विदेशी आक्रांताओं ने जब भारत की धरती को रौंदा, तब उन्होंने हमारी संस्कृति और भाषा पर भी प्रहार किया। नालंदा और तक्षशिला की अमूल्य पांडुलिपियां जलाई गईं।

संस्कृत और हिंदी की जगह फारसी और अंग्रेजी थोप दी गई, किंतु भारतीय जनमानस अपनी आत्मा से कटकर जीवित नहीं रह सकता था। उसने लोकगीतों में, साधु-संतों की भजनों में, कथावाचकों की चौपालों में और मां की लोरी में हिंदी को जीवित रखा। यही कारण है कि गुलामी की कठोर हवाओं में भी हिंदी बुझी नहीं, बल्कि और प्रखर हो उठी। स्वतंत्रता संग्राम केवल राजनीतिक स्वतंत्रता का संघर्ष नहीं था, बल्कि भाषा और संस्कृति की स्वतंत्रता का भी युद्ध था। महात्मा गांधी ने बार-बार कहा कि यदि हम अपनी मातृभाषाओं में शिक्षा प्राप्त करेंगे, सोचेंगे और बोलेंगे तभी सच्ची आत्मनिर्भरता संभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंग्रेजी का प्रभुत्व हमें पराधीन मानसिकता में ही रखेगा। इसीलिए हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं उस समय केवल संवाद का माध्यम नहीं रहीं, बल्कि स्वतंत्रता का शंखनाद बन गईं।

'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' केवल उद्घोष नहीं रहे, वे हिंदी की आत्मा से निकली गूंजें थीं, आजादी के बाद संविधान सभा में लंबी बहसों के बाद 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया। यह क्षण केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं था, बल्कि स्वतंत्र भारत की आत्मा का उद्घोष था, किंतु विडंबना यह है कि सात दशकों के बाद भी हिंदी राष्ट्रभाषा का मुकुट नहीं पहन सकी। अदालतों में अब भी फैसले अंग्रेजी में होते हैं, सरकारी कार्यालयों में अंग्रेजी का आधिपत्य बना हुआ है और समाज का बड़ा वर्ग अंग्रेजी को प्रतिष्ठा का प्रतीक मानता है। बच्चों को स्कूलों में हिंदी बोलने पर दंडित किया जाता है। 'गुड मॉर्निंग' और 'गुड नाइट' सभ्यता का परिचायक बन गए हैं, जबकि 'नमस्ते' और 'राम-राम' पिछड़ेपन का प्रतीक बना दिए गए हैं। यह मानसिक गुलामी, आजादी की असली विडंबना है। इसलिए हिंदी दिवस पर संकल्प यही होना चाहिए कि हिंदी को केवल राजभाषा नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा के रूप में अपनाया जाए। यह केवल भारत की भाषा नहीं, बल्कि विश्व की आत्मा को जोड़ने वाली शक्ति बने। जब हम हिंदी को उसके उचित सम्मान देंगे, तो यह भारतीय आत्मा की सार्वभौमिक ध्वनि बनकर संपूर्ण विश्व को आलोकित करेगी। हिंदी तब केवल भाषा नहीं रहेगी, बल्कि आत्मा की शाश्वत ध्वनि बन जाएगी जो समय, काल और भौगोलिक सीमाओं से परे होकर मानवता के बीच एकता का सेतु बनेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बारिश से सरकाघाट-धर्मपुर में तबाही, हाईवे कटा

## दर्जनों मकान व गोशालाएं क्षतिग्रस्त, कई परिवार बेघर व भद्राना, नरवालका, ग्रोडू और बाग गांव में सबसे ज्यादा नुकसान

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट-धर्मपुर क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से जारी भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार हो रही बरसात और भूस्खलन के कारण दर्जनों घर और गोशालाएं क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई ग्रामीण परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं, वहीं नेशनल हाईवे लौगणी के पास कट जाने से यातायात बाधित हो गया है।

बारिश का सबसे ज्यादा असर गांवों में देखने को मिला है। भद्राना गांव में संजीव कुमार की गोशाला ढह गई, जिसमें एक बकरा दबकर मर गया। कमलाह पंचायत के नरवालका गांव में सेना में कार्यरत राजेश कुमार का स्लेटपोश मकान का किचन और रसोईघर मलबे में तब्दील हो गया। इसी तरह ग्रोडू पंचायत में प्रेम सिंह की गौशाला गिर गई और कई घर खतरे की जद में आ गए। बाग गांव में गोपाल सिंह (सुपुत्र संतराम) की गोशाला ढह गई। भद्रेड में प्रताप सिंह और शेर सिंह के मकानों को खतरा मंडरा रहा है, जबकि मझेड़ गांव में ओमचंद का घर भी बारिश से प्रभावित होकर खतरे की स्थिति में है। इसके अलावा रोपड़ी, बगफाल, ग्रोडू, भद्रेड, मझेड़ और बाग गांवों में सरकारी रास्ते टूट गए हैं, जिससे लोगों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। सरसकान पंचायत के रौह गांव में स्थिति और भी भयावह है। यहां प्रशासन को आठ मकान खाली करवाने पड़े हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि रात को तेज बारिश के कारण कई मकान किसी भी समय गिर सकते हैं। उधर दारपा गांव में कश्मीर सिंह (पप्पी) का मकान पूरी तरह ढह गया है। पंचायत प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट राजस्व विभाग को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि कई परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं और तत्काल राहत की जरूरत है। लगातार बारिश ने सरकाघाट-धर्मपुर क्षेत्र के लोगों को भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर कर दिया है।



बारिश से मकान क्षतिग्रस्त व सड़क

# तरस्वान में सड़कें बंद होने से सड़ने की कगार पर फसलें

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** चौहार घाटी की तरस्वान पंचायत में 18 अगस्त की रात हुई भारी बारिश से आई अचानक बाढ़ ने गढ़गांव, समालंग, द्रगड़, डूमाण, मठी वजगाण, तरस्वान, लरहयाण और धार गांवों में भारी तबाही मचाई है। बाढ़ से कई घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा, वहीं गढ़गांव स्कूल का भवन और रसोईघर की दीवार भी गिर गई है। गढ़गांव निवासी बुद्धि सिंह की गाड़ी बाढ़ की चपेट में आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

गत वर्ष भी यहां सात पुलिए बाढ़ में बह चुकी थीं। धमरेहड़-गढ़गांव सड़क पर द्रगड़ तक लोक निर्माण विभाग ने ल्हासा हटाकर मार्ग बहाल कर दिया है, लेकिन द्रगड़ से आगे काली पहाड़ी के पास भारी भूस्खलन और लंबाडंगा ढहने के कारण रास्ता अब भी अवरुद्ध है। एसडीएम पधर, नायब तहसीलदार टिक्कन और लोक निर्माण विभाग झटिंगरी के सहायक अभियंता ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण तो किया है, लेकिन अब तक न कोई नेता और न ही सरकार का कोई वरिष्ठ प्रतिनिधि प्रभावित गांवों में पहुंचा है। पंचायत के साजू राम, केहर सिंह, सुरेंद्र, राकेश, बुद्धि सिंह, कृष्ण कुमार, देश राज, दौलत राम, सुनील कुमार, राजेश कुमार, हल्कू राम, शेर सिंह, साधू राम, सुख राम, नरेंद्र कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने मांग की है कि काली पहाड़ी की कटाई के लिए तुरंत धन उपलब्ध करवाकर सड़क बहाली की जाए, ताकि आलू, मटर, बंदगोभी, फूलगोभी, मूली आदि की फसल मंडियों तक पहुंचाई जा सके।

# संधोल में कई घर व गोशालाएं ध्वस्त सड़कें बंद होने से एंबुलेंस भी फंसी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

शनिवार रात हुई भारी बारिश ने संधोल क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। जमुला गांव में मनीष का मकान ढह गया, कोठुआं की किरण की गोशाला, सत्यागर निवासी संधोल का कच्चा घर, बलबीर निवासी दयोल का कच्चा घर, फनेहल की व्यासा का कच्चा घर, ललाना के रजत ठाकुर की गोशाला, भुर के प्रति चंदन का कच्चा घर, वहीं भद्रानू के राजमल की गोशाला, गोविंद की गोशाला, राजकुमारी का कच्चा घर, संसार चंद निवासी भद्राणा की पशुशाला, गोविंद निवासी निचली बैरी का कच्चा घर, विनय निवासी सोहर की पशुशाला, भद्राणा गांव में संजीव की गोशाला गिरने से बकरी दबकर मर गई, जगदीप निवासी देवगढ़ की पशुशाला गिर गई जिसमें दो बकरियां दब कर मर गई। दतवाड़ गांव के कई मकानों में पानी और मलबा घुस गया।

संधोल-सुजानपुर, टिहरा, धर्मपुर और जयसिंहपुर सहित कई सड़कें भूस्खलन से बंद हो गईं। हालत यह रही कि मरीज को हमीरपुर छोड़ कर वापस आ रही एंबुलेंस भी सुजानपुर मार्ग बंद होने से रातभर फंसी रही। उधर, एंबुलेंस चालक ने जयसिंहपुर मार्ग से निकलने का प्रयास किया, लेकिन हारसी पतन पुल के पास ल्हासे गिरने से रास्ता बंद हो गया। हालांकि सुबह होते ही विभाग ने जेसीबी की मदद से सुजानपुर व जयसिंहपुर सड़कों को बहाल कर दिया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं टिहरा, मढ़ी व स्योह की ओर जाने वाले सड़क मार्ग गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हैं, जिन्हें खोलने में समय लग सकता है।

सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार संधोल विपिन कुमार ने बताया कि नुकसान का जायजा लिया जा रहा है, अभी तक मकान व पशुशालाओं का करीब 20 लाख के नुकसान का अनुमान है, जबकि प्रभावितों को फौरी राहत और तिरपाल वितरित किए जा रहे है।

उधर, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग मढ़ी घनश्याम ने बताया कि जगह जगह लहासे गिरने से धर्मपुर संधोल वाया मढ़ी सड़क बंद हुई थी जिसे दोपहर तक सभी वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क पर डंपिंग से तबाही, 10 बीघा जमीन बर्बाद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बलद्वाडा उपमंडल के अंतर्गत आंबलगलु चौक-बलद्वाडा सड़क पर मझ्याठ के वाडी के पास भारी तबाही देखने को मिली है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान इस क्षेत्र में जो डंपिंग की गई थी, वह शनिवार रात को हुई भारी बारिश के चलते नीचे बह गई। इसके कारण विजय कुमार, हेत राम, सुरेश कुमार और लेख राम सहित आधा दर्जन परिवारों की करीब 10 बीघा धानी अवल जमीन पूरी तरह नष्ट हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत और स्थायी समाधान की मांग की है।

### हवाणी में भूस्खलन होने से मकान क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ढलवान उपतहसील के अंतर्गत हवाणी वार्ड के बन-लुहारडी गांव में भूस्खलन होने से दो मंजिला मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। रात को अचानक हुए इस हादसे में घर में सो रहे सभी सदस्य डर गए। पीड़ित कर्म सिंह पुत्र रूप लाल निवासी गांव हवाणी ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार को पालते हैं। उनके साथ उनकी पत्नी, बेटी, बेटा और बहू इसी मकान में रहते थे। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी सोए हुए थे कि रात को जोरदार धमाका हुआ। जब उठकर देखा तो पहाड़ी में हुए भूस्खलन का मलबा घर की दीवार तोड़ कर कमरे में आ चुका है। इससे मकान को काफी नुकसान पहुंचा है। हल्का पटवारी नीलम शर्मा ने बताया की मौके का निरीक्षण करके राहत राशि बारे रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। प्रभावित परिवार को मौके पर ही दो तिरपाल और राशन किट दे दी गई है।

### टिकरी मोड के पास कार लुढ़की, सभी सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के तहत नेरचौक-जाहू सुपर हाईवे पर ढलवान से आगे टिकरी मोड़ के पास एक कार जो जाहू की ओर जा रही एक कार सड़क से सीधे ढांक की तरफ 15 फीट नीचे लुढ़क गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर गाड़ी नहीं रुकती और पलट जाती तो गहरी खाई में गिर जाती तो जान जा सकती थी। गाड़ी में चार लोग सवार थे जो सुरक्षित हैं। लोगों ने रस्सी के सहारे गाड़ी सवार लोगों को बाहर निकाला और क्रेन की सहायता से गाड़ी को भी निकाल लिया है।

### पूर्व सीपीएस ने लिया क्षतिग्रस्त गोशाला का जायजा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर शहर के भोजपुर में भारी वर्षा से रफी खान पुत्र कुतुबदीन की गोशाला क्षतिग्रस्त होने पर हुए नुकसान का जायजा लेने पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने रविवार सुबह पहुंचकर जायजा लिया गया। उन्होंने प्रभावित परिवारों के मुखिया रफी और परिवारजनों से मुलाकात कर उनके दुख-दर्द को साझा किया और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया व फौरी रूप से प्रशासन की तरफ से तिरपाल और पांच हजार की राशि दी गई। पूर्व सीपीएस ने कहा कि सरकार और प्रशासन से प्रभावित परिवार को राहत दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### परमानंद बने विश्वकर्मी इकाई बल्ह के प्रधान

**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** विश्वकर्मी विकास सभा इकाई बल्ह की बैठक गुरुद्वारा नेर चौक में संपन्न हुई बैठक में बल्ह विधानसभा के विश्वकर्मीयो ने भाग लिया बैठक में सभा की बल्ह इकाई के गठन का निर्णय लिया गया और चुनाव प्रक्रिया जिला चुनाव प्रभारी राजीव रूपल ने चुनाव प्रक्रिया शुरू की जिसमें सर्व समिति से परमानंद को प्रधान, बिंद्रा देवी को उपप्रधान, भगत राम को सचिव, दामोदारी देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भवानी आजाद वह मित्र देव भी मौजूद रहे नवनियुक्तप्रधान परमानंद ने समाज के लिए पूरी निष्ठा ईमानदारी वह समर्पित भावना से कार्य करने की बात कही।

### क्रयाश ट्रस्ट ने पशुओं को दी कीड़े मारने की दवा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** रविवार को क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सुंदरनगर में सड़क किनारे रहने वाले बैलों और गायों को पेट के कीड़े मारने वाली दवा खिलाई गई। इस पहल में फेटल फीनिक्स जिम सुंदरनगर की टीम ने भी सक्रिय रूप से सहयोग किया। बरसात के मौसम में अक्सर सड़क किनारे रहने वाले जानवरों को गली-सड़ी चीजें खानी पड़ती हैं, जिससे उनके पेट में कीड़े पड़ने की समस्या बढ़ जाती है। इस अवसर पर क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. धर्मेश शर्मा ने कहा कि गौ माता और बैल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी देखभाल करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस तरह की छोटी-छोटी पहलें समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं और युवाओं को सेवा के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

### हाटेश्वरी मंदिर में मनाएंगे विश्वकर्मा जयंती

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश विश्वकर्मी समाज राज्य स्तर पर अपने अराध्य देव ,देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से 17 सितंबर को माता हाटेशवरी मंदिर दियारगी में मनाने जा रहा है। विशन दास भारद्वाज प्रदेशाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विश्वकर्मी विकास सभा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश चौहान पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नाचन व इंद्र सिंह गांधी विधायक बल्ह विधान सभा होंगे। कार्यक्रम मे हिमाचल प्रदेश विश्वकर्मी विकास सभा के सभी खंडों, जिला व प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, संस्थापक सदस्य व गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। इस दिन भजन-कीर्तन व भंडारे का भी आयोजन होगा।

### 16 अक्तूबर तक मनाएंगे राष्ट्रीय पोषण माह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला में 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के रूप में मनाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की सहभागिता से आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत स्तर पर परामर्श सत्र, रेसिपी प्रतियोगिता, बीएमआई जांच, पोषण चौपाल, पोषण वाटिका निर्माण और स्वच्छता अभियान जैसी गतिविधियां होंगी। जिला परियोजना अधिकारी अजय बदरेल ने बताया कि इस बार मोटापा नियंत्रण, संतुलित आहार, बच्चों की प्रारंभिक देखभाल, पुरुष भागीदारी और वोकल फॉर लोकल जैसे विषयों पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने आमजन से सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और समानता से भी जुड़ा हुआ है और सामूहिक प्रयासों से ही सफल होगा।

### मेडिकल कैंप में 507 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नर सेवा नारायण सेवा को चरितार्थ करते हुए सक्षम संस्था ने समाजसेवा की दिशा में नया कदम बढ़ाया है। इसी कड़ी में सक्षम संस्था के प्रयासों से उपमंडल सरकाघाट के बतैल में स्थित अंबेडकर भवन में सक्षम संस्था और श्री हरिहर हॉस्पिटल के सौजन्य से मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें हरिहर हॉस्पिटल के डॉक्टर पीसी राणा, डॉ. कमलकांत, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. प्रभात सिंह, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. प्रीति चौहान, डॉ. पंकज मंगोत्रा, डॉ. कुशांग, डॉ. विकाश पी. कालरा और डॉ. आनंद कागरा हिस्सा लिया। इस कैंप में करीब 507 मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और आंखों की भी निशुल्क जांच की गई और लोगों को फ्री दवाएं भी दी गई।

# ज्ञान भारतम सम्मेलन में मंडी के पंकज गुप्ता ने दी खास प्रस्तुति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित ज्ञान भारतम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मंडी के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ और विद्वान डॉ. पंकज गुप्ता ने हड़प्पा सभ्यता पर आधारित अपनी पुस्तक केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक व प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को भेंट की। डॉ. गुप्ता की इस पुस्तक में हड़प्पा सभ्यता के दौरान लिखी गई दुर्लभ पांडुलिपियों से जुड़े रहस्यों को उजागर किया गया है। उन्होंने प्राचीन लिपियों, प्रतीकों और सभ्यता के सांस्कृतिक पक्षों का गहन विश्लेषण करते हुए एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है, जिससे इतिहास प्रेमियों और शोधकर्ताओं को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में देश-विदेश के अनेक विद्वानों, इतिहासकारों और संस्कृति प्रेमियों ने भाग लिया।



हड़प्पा सभ्यता पर आधारित पुस्तक केंद्रीय मंत्री शिखावत व आचार्य बालकृष्ण को की भेंट

केंद्रीय मंत्री शेखावत और आचार्य बालकृष्ण ने डॉ. गुप्ता के शोध कार्य की सराहना की और कहा कि इस तरह के प्रयास भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में सहायक हैं। यह पुस्तक भारतीय सभ्यता की गहराई और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को एक नई पहचान देने वाली है।

# 20 तक मनाली एनएच बहाल करने का लक्ष्य: अजय टम्टा

## केंद्रीय परिवहन एवं सड़क राज्य मंत्री व जयराम ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंड।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ केंद्रीय परिवहन एवं सड़क राज्य मंत्री अजय टम्टा ने जिला मंडी के सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ नेशनल हाईवे अथॉरिटी के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ साथ रहे। लोगों की शिकायतों व मांगों के अनुरूप कार्य करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिया।

केंद्रीय परिवहन एवं सड़क राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि मनाली तक नेशनल हाईवे 20 सितंबर तक बहाल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 201 करोड़ रुपए का तत्काल प्रावधान किया है। उन्होंने सराज के बालीचौकी का भी दौरा किया और यहां राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 की जगह-जगह खस्ताहालत को बारीकी से जांचा और तुरंत प्रभाव से राज्य लोक निर्माण विभाग को ये एनएच दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने माणी गांव का भी दौरा किया और यहां मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड थाची को जल्द बहाल करने और यहां तुरंत वैल्ली ब्रिज बनाने के निर्देश देकर प्राकलन भेजने को कहा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर न सभी जगह नुकसान को दिखाया और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा का यहां आने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके इस दौरे से रेस्टोरेशन वर्क में तेजी आएगी। यहां सड़के बदहाल होने से सेब बागवानों और किसानों का कुल्लू, मनाली और मंडी में करोड़ों का नुकसान हो रहा है।

दौरे के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अजय टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करके गए हैं और लोगों को तत्काल प्रभावी राहत मिल सके इसके लिए डेढ़ हजारकरोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी है। इसके साथ ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ का 200 करोड रुपए से अधिक का एडवांस फंड भी हिमाचल प्रदेश को बीते कल ही अलग से दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री, भाजपा का आभार जताते हुए कहा कि आपदा ग्रस्त प्रदेश के लिए सभी का भरपूर सहयोग मिला है। प्रधानमंत्री के निर्देश के अनुसार ही हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में 7 केंद्रीय मंत्री नुकसान का जायजा भी ले रहे हैं और लोगों का दु:ख दर्द भी बांट रहे हैं।

इस मौके पर उनके साथ बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, करसोग के दीपराज, पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, कुल्लू भाजपा नेता नरोत्तम ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष मंडी निहाल चंद शर्मा, कुल्लू के अमित सूद, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।



आपदा प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी देते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### कीरतपुर-मनाली फोरलेन का अजय टम्टा ने किया निरीक्षण

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री भारत सरकार अजय टम्टा ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ कीरतपुर से मनाली फोरलेन का गड़ामोड़ा से लेकर मनाली तक निरीक्षण किया जिसमें पंडोह, दवाड़ा फ्लाईओवर, झलोगी टनल, थलौट, औट, नगवाई, भुंतर, कुल्लू, शिरड, बिंदुढांक और मनाली तक जगह जगह क्षतिग्रस्त फोरलेन का जायजा लिया और अपने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# नशा तस्करों के लिए 'काल' स्वरूप बने डीएसपी सुंदरनगर भूषण व उनकी टीम

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

जिला मंडी के उपमंडल सुंदरनगर से नशा तस्करों का राज खत्म करने में डीएसपी भारत भूषण अपनी टीम के साथ लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में उपमंडल के धनोटु, बीएसएल कॉलोनी व सुंदरनगर पुलिस थाना की टीमों ने नशा तस्करी के खिलाफ एक ऐसा अभियान छेड़ रखा है, जिससे नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

डीएसपी भारत भूषण की टीम में थाना सुंदरनगर के मुख्य आरक्षी हंसराज सैनी, कुलदीप कुमार और सतीश ने उनकी रणनीति को जमीन पर उतारने का जो जिम्मा उठाया है, उस काम को वे बखूबी अंजाम दे रहे हैं। जिससे जनता भी उनकी खूब प्रसंशा करती नजर आ रही है। लगभग ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जब भारत भूषण की टीम के हत्थे कोई नशा तस्कर न चढ़ता हो। यह टीम दिन और रात की परवाह किए बिना अपनी मुस्तैदी बनाए रखती है।मुखबिरों से मिली गुप्त सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई करना और तस्करों को बरामद नशे के साथ पकड़ना इनकी पहचान बन चुकी है। इनकी लगातार कार्रवाइयों ने इलाके में नशे के कारोबार की कमर तोड़ कर रख दी है। सुंदरनगर थाना के अंतर्गत मुख्य आरक्षी हंसराज की टीम ने सितंबर माह के बीते मात्र 12 दिनों में कुल 6 मामलों में 9 आरोपियों को नशे की खेप के साथ गिरफ्तार कर, तस्करों में खलबली मचा दी है।



डीएसपी भारत भूषण ने एक ऐसी प्रभावी रणनीति बनाई है, जिसमें केवल बड़े तस्करों पर ही नहीं, बल्कि छोटे-मोटे सप्लायर्स पर भी नजर रखी जाती है। उनके तीनों थानों की टीम ने कई बार बड़े पैमाने पर नशों की खेप पकड़ी है, जिसमें चरस, हेरोइन और अन्य सिंथेटिक नशे शामिल हैं। इस टीम की कुशल रणनीति, समर्पण और बहादुरी ही है कि आये दिन नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रहे हैं। भरत भूषण की टीम की सफलता का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्होंने समाज में पुलिस को लेकर विश्वास जगाया है। अब लोग बिना डर के पुलिस को जानकारी दे रहे हैं, जिससे नशा तस्करों को पकड़ना आसान हो गया है।

### युवाओं के लिए बने नई उम्मीद

**नशे** के दलदल में फंस रहे युवाओं और उनके परिवारों के लिए डीएसपी भारत भूषण एक नई उम्मीद की किरण बनकर सामने आए हैं। उनकी ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से न केवल उपमंडल सुंदरनगर में नशे का धंधा कम हुआ है, बल्कि युवाओं को भी इस बुराई से दूर रहने के लिए एक मजबूत संदेश मिल रहा है। स्थानीय लोग उनकी इस मेहनत की सराहना कर रहे हैं और उनका सहयोग भी कर रहे हैं।

# हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा: अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिंदी दिवस के अवसर पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी के इतिहास विभाग द्वारा राष्ट्र निर्माण में हिंदी का योगदान विषय पर आभासी व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी रहे, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. गंगाराम राजी ने विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने किया। कुलपति ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति व राष्ट्रीय एकता की प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से हिंदी को दैनिक जीवन और शैक्षिक लेखन में अपनाने का आग्रह किया। डॉ. गंगाराम राजी ने कहा कि हिंदी ने समाज को जोड़न और राष्ट्रीय चेतना के विकास में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी को ज्ञान, विज्ञान, रोजगार और शोध की भाषा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आचार्य राजेश शर्मा, डॉ. सनील ठाकुर, डॉ. जगदीप वर्मा, विकेश कुमार, राजेश शर्मा, शोधार्थी राहुल, वेद, उत्सव, सुरेखा, कृष्ण महादेविया तथा छात्र युवराज, एकता, रीना और सुहानी ने भाग लिया।

# जनसेवा करना ही मेरे जीवन का लक्ष्य: ब्रह्मदास चौहान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

नाचन हल्के की महादेव पंचायत के बार्ड 4 में महिलाओ द्वारा उज्ज्वल ग्राम सुधार समिति का गठन किया। समिति की पहली बैठक में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्मदास चौहान उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ब्रह्मदास चौहान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा उद्देश्य सिर्फ लोगों की सेवा करना है और मैं इसे पूरी तनमयता और निष्ठा से निभा रहा हूं। जनसेवा मेरे जीवन का मूल मंत्र है, और यही मेरे कार्यों की प्रेरणा है।



कार्यक्रम में मुख्यातिथि ब्रह्मदास चौहान को सम्मानित करते हुए।

चौहान ने कहा कि वे बचपन से ही किसी न किसी रूप में लोगों की सेवा करते आ रहे हैं चाहे वह सामाजिक सहयोग हो, शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर जनसमस्याओं को उठाना। कार्यक्रम के दौरान गांव के नागरिकों ने सड़क निर्माण, बिजली की तारों की समस्या रखी। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इन सभी मुद्दों को वे मुख्यमंत्री व संबंधित विभागों के समक्ष मजबूती से उठाएंगे और उनका समाधान करवाने के लिए पूरी कोशिश करेंगे। इस कार्यक्रम में उज्ज्वल ग्राम सुधार समिति की प्रधान पम्मी देवी, सचिव मोनिका व सलाहकार कुंता देवी ने भी अपने विचार रखे और गांव की समस्याओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सिद्धु राम भारद्वाज, वार्ड पंच लाल मन, रोशन लाल, पुरखू राम, गुरदास, जीत राम, गाहू राम, रूकमणी देवी, विमला देवी, कृष्णी देवी, लता देवी, इंद्र देवी, मथुरा देवी, कमला देवी, महेश्वरी देवी, गंगी देवी, मनीषा देवी, लबली, गीता देवी आदि शामिल रहे।

# विधायक के अनशन पर सीएम सुक्खू करें हस्तक्षेप: माकपा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर द्वारा 8 सितंबर से अवाहदेवी चौक पर एनएच निर्माण कार्य में हो रही कथित गड़बड़ियों के खिलाफ अनशन जारी है। माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार का मौर्थ विभाग अड़ियल रवैया अपनाए हुए है और राज्य सरकार भी गंभीर नहीं दिख रही। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री स्वयं हस्तक्षेप करें और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बात कर समाधान निकालें।

भूपेंद्र सिंह ने विधायक से स्पष्ट करने को कहा कि क्या वे पूर्ण आमरण अनशन कर रहे हैं या केवल दिन में धरने पर बैठते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रात को रेस्ट हाउस जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिससे आमरण अनशन की सत्यता पर सवाल उठते हैं। माकपा ने कांग्रेस पदाधिकारियों और प्रशासन से भी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।


**पशुपालन** भूपिंद्र सिंह बने प्रेरणा स्रोत, दुग्ध उत्पादन से कमा रहे लाखों, साहिवाल व गिर नस्ल से कर रहे व्यवसाय

# कृत्रिम गर्भाधान तकनीक और नस्ल सुधार से बदल रही तस्वीर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

पशुपालन विभाग द्वारा संचालित त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम (एक्सेलरेटेड ब्रीड इंप्रूवमेंट प्रोग्राम) ने सरकाघाट उपमंडल में पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव ला दिया है। इस योजना के अंतर्गत लिंग वर्गीकृत वीर्य (सेक्स-सार्टेड सीमेन) तकनीक का उपयोग कर गायों का कृत्रिम गर्भाधान किया जाता है। इस तकनीक से 90 से 95 प्रतिशत तक बछिया पैदा होने की संभावना रहती है, जिससे दुग्ध उत्पादन में तेजी से वृद्धि हो रही है।

सरकाघाट उपमंडलीय पशु चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सक डॉ. राजिंद्र सिंह जस्वाल के अनुसार, वीर्य से 'वाई' क्रोमोसोम को अलग कर केवल 'एक्स-एक्स' क्रोमोसोम का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में यहां जर्सी, होल्सटीन, साहिवाल और गिर नस्ल की गायों के लिए यह सुविधा उपलब्ध है और अब तक 603 गायों को यह टीका लगाया जा चुका है।



लिंग वर्गीकृत वीर्य तकनीक से 90-95 प्रतिशत तक बछिया जन्म दर की संभावना।

योजना के अंतर्गत मात्र 250 रुपए में दो टीके उपलब्ध करवाए जाते हैं। यदि पहले टीके से गर्भधारण न हो तो दूसरा टीका निश्शुल्क दिया जाता है। दोनों बार बछड़ा पैदा होने पर पूरी राशि लौटा दी जाती है। यह पारदर्शी व्यवस्था पशुपालकों को तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

गांव अल्याणा डाकघर रोपड़ी के भूपिंद्र सिंह इस योजना से सबसे अधिक लाभान्वित पशुपालकों में से एक हैं। उन्होंने 22 गायों में से 8 को यह टीका लगवाया, जिनमें से 6 ने बछियों को जन्म दिया। आज वे हर महीने लगभग एक लाख रुपये की आय प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने राजस्थान से साहिवाल नस्ल, हरियाणा से साहिवाल क्रॉस और गुजरात से गिर नस्ल की गायें खरीदकर अपने व्यवसाय का विस्तार किया है।

भूपिंद्र का कहना है कि यह तकनीक न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन है, बल्कि बेसहारा पशुओं की समस्या का भी समाधान है, क्योंकि बछड़ों की संख्या कम होने से आवारा पशुओं की स्थिति सुधरती है। उन्होंने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए सभी पशुपालकों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की।


### दुग्ध उत्पादन से हो रही अच्छी आमदनी: भूपिंद्र

भूपिंद्र ने बताया कि उनकी गाउओं से प्रतिदिन 100 किलो से अधिक दूध का उत्पादन होता है। उनके पास गिर, साहिवाल, साहिवाल क्रॉस और जर्सी क्रॉस नस्ल की गाउएं हैं। वह दूध सरकाघाट के स्थानीय बाजार में विक्रय करते हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह एक लाख रुपए से अधिक की आमदनी हो रही है। अपने फार्म पर उन्होंने एक व्यक्ति को रोजगार भी प्रदान किया है। उन्हें पशुपालन विभाग से निरंतर सहायता मिलती रही है।


### विभाग की सेवाओं से पशुपालक हो रहे लाभान्वित

**पशु** चिकित्सक डॉ. राजिंद्र सिंह जस्वाल ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा फार्म पर नियमित रूप से ऋतु-संबंधी टीकाकरण, पशुओं की स्वास्थ्य जांच, डी-वॉर्मिंग (कृमिनाशन), बीमारियों की रोकथाम, नैदानिक जांच, उपचार और आवश्यकतानुसार कृत्रिम गर्भाधान/वीर्यसेचन की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। इससे पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है और उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होती है।


इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


हिमाचल प्रदेश
राज्य विद्युत बोर्ड
मंडल शाहपुर
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. अमित शर्मा
अधिशाषी अभियंता
हि.प्र.रा.बि.बो.एल.
विभाग शाहपुर
ई. विक्रम शर्मा
सहायक अभियंता
हि.प्र.रा.बि.बो.एल.
विभाग शाहपुर


हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड
मंडल ज्वाली
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. विशाल पत्रवाल
अधिशाषी अभियंता
हि.प्र. राज्य विद्युत बोर्ड
मंडल ज्वाली



हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड
मंडल नूरपुर
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. विकास ठाकुर
अधिशाषी अभियंता
हि.प्र. राज्य विद्युत बोर्ड
मंडल नूरपुर



हिमाचल प्रदेश
लोक निर्माण विभाग मंडल शाहपुर
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. अंकज सूद
अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण
विभाग मंडल शाहपुर
ई. विपुल पुंज
सहायक अभियंता लोक निर्माण
विभाग मंडल शाहपुर



हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग
मंडल फतेहपुर
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. विनय मैहरा
अधिशाषी अभियंता
लोक निर्माण विभाग
मंडल फतेहपुर


हिमाचल प्रदेश
जल शक्ति विभाग
मंडल बैजनाथ
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. राहुल धीमान
अधिशाषी अभियंता
ई. सरती शर्मा
सहायक अभियंता


हिमाचल प्रदेश
लोक निर्माण विभाग
मंडल देहरा
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. सुरेश वालिया
अधिशाषी अभियंता
लोक निर्माण
विभाग मंडल
देहरा


इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नवनीत शर्मा
सरकारी ठेकेदार एवं
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
धर्मशाला


हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग
मंडल भवारना
उप मंडल थुरल
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. राजेश चोपड़ा, सहायक अभियंता


हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग
मंडल फतेहपुर
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. पवन लुना
अधिशाषी अभियंता



हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग
मंडल ज्वाली
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. अजय शर्मा
अधिशाषी अभियंता
जलशक्ति विभाग
मंडल ज्वाली



हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंडल पालमपुर
उप मंडल गोपालपुर
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत शर्मा
अधिशाषी अभियंता
हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग
मंडल पालमपुर
अभय कोहली
सहायक अभियंता
हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग
उपमंडल गोपालपुर (मंडल पालमपुर )


इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
देश के निर्माण में
हमारे इंजीनियर का
महत्वपूर्ण योगदान


हिमाचल प्रदेश जलशक्ति
मंडल नूरपुर
के समस्त स्टाफ की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. आनंद वलौरिया
अधिशाषी अभियंता
जल शक्ति विभाग मंडल नूरपुर



हिमाचल प्रदेश
राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड
बैजनाथ
के समस्त स्टाफ की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. मनोज मिन्हास
वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता
हिमाचल प्रदेश
राज्य विद्युत बोर्ड लि.
ईडी बैजनाथ



हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग
नवम वृत नूरपुर
मंडल नूरपुर
के समस्त स्टाफ की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एम पी धीमान
अधीक्षण अभियंता


हिमाचल प्रदेश
लोक निर्माण विभाग
मंडल धर्मशाला
के समस्त स्टाफ की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


हिमाचल प्रदेश जलशक्ति विभाग
मंडल देहरा
के समस्त स्टाफ की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग
मंडल नगरोटा बगवां
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. विवेक ठाकुर
अधिशाषी अभियंता
जल शक्ति विभाग
मंडल नगरोटा बगवां
ई. अभिषेक भाटिया
सहायक अभियंता
जल शक्ति विभाग
मंडल नगरोटा बगवां
ई. नितिन चत्रौरी
सहायक अभियंता
जल शक्ति विभाग
सरोत्री


हिमाचल प्रदेश
राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड
धर्मशाला
के समस्त स्टाफ की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. अमन शर्मा
अधिशाषी अभियंता
हिमाचल प्रदेश
राज्य विद्युत बोर्ड लि.
धर्मशाला


हिमाचल प्रदेश
लोक निर्माण विभाग
मंडल ज्वाली
के समस्त स्टाफ की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


हिमाचल प्रदेश विभाग सर्कल धर्मशाला
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश अग्निहोत्री
उप मुख्यमंत्री एवं
जलशक्ति मंत्री (हि.प्र.)
ई. दीपक गर्ग
अधीक्षण अभियंता


R.K CONSTRUCTION CO. JASSUR (H.P.)
की तरफ से
इंजीनियर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. आरके महाजन
पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद नूरपुर
योगेश महाजन
निदेशक, वन निगम
गौरव महाजन
पार्षद, नगर परिषद नूरपुर

# हाउसिंग कॉलोनी में सीवरेज समस्या से लोगों को नहीं निजात

अनंत ज्ञान, सोलन

नगर निगम सोलन के वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी में लोगों को सीवरेज समस्या और सड़क की खस्ता हालत से निजात नहीं मिल पा रही है।

कॉलोनी में सड़क की खस्ताहालत के साथ सीवरेज की समस्या से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खुले में बहती सीवरेज से हमेशा बीमारी फैलने का खतरा रहता है। वहीं, राहगीरों को भी हमेशा गंदगी का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके नगर निगम समस्या का हल नहीं कर पा रहा है। हालांकि, सड़कों का रिपेयर वर्क चालू है, जबकि जगह-जगह खुले में बह रहा सीवरेज स्वास्थ्य के लिहाज से खतरा बन चुका है। लोगों का कहना है कि कॉलोनी में सीवरेज समस्या को लेकर नगर निगम व वार्ड पार्षद को समय-समय पर



अवगत करवाया जाता है पर अभी समस्या का पूरी तरह निदान नहीं हो पाया है। हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 की समस्याओं को लेकर लोग निगम के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं।

वेलफेयर सोसायटी ने सीवरेज, सड़क व पार्किंग की समस्या को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। इसमें मुख्यता सीवरेज समस्या के समाधान को बड़ी योजना बनाने की मांग की। हाउसिंग कॉलोनी में आबादी बढ़ने से सीवरेज और सड़कों पर अत्याधिक दबाव पड़ रहा है। ऐसे में कॉलोनी के ड्रेन

"वार्ड-14 के पार्षद और पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने कहा कि सीवरेज की समस्या व सड़क की मरम्मत करना उनकी प्राथमिकता है। सीवरेज के कुछ प्वॉइंट का समाधान नहीं हो रहा है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कॉलोनी में बारिश थमने के बाद पेवर लगने का कार्य होगा।"

नालों में सीवरेज खुले में बह रही है। कॉलोनी हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 में 4 नालों में खुली सीवरेज छोड़ी गई है। इससे स्थानीय लोगों को हमेशा बीमारी फैलने की चिंता रहती है। इससे कालोनी के आसपास का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके समाधान को कॉलोनी में नई सीवरेज लाइन बिछाकर सड़कों में पेवर्स लगाने की व्यवस्था की मांग भी की है। सोसायटी ने प्रशासन को वार्ड में खाली पड़ी जमीन पर छोटी-बड़ी पार्किंग कि निर्माण की मांग की है।

# सरकार के प्रति पेंशनर्स में नाराजगी भत्तों की अदायगी पर जताया रोष



पेंशनर्स व वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन चंडी-घड़सी की मासिक बैठक में मौजूद लोग।

अनंत ज्ञान, बद्दी

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स व वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन चंडी-घड़सी की मासिक बैठक चंडी में पीसी वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्रदेश में चल रही प्राकृतिक आपदा के चलते सभी मृतकों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उनके परिवारों को इस जान माल के दुख से उभरने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

अध्यक्ष पीसी वर्मा ने सभी पेंशनर्स से इस भंयकर प्राकृतिक आपदा में आपदा राहत कोष में यथासंभव धनराशि देने का आग्रह किया, तत्पश्चात नए सदस्य बलदेव का इकाई ज्वाइन करने पर स्वागत किया गया। बैठक में पेंशनर्स के देय भत्तों की अदायगी नहीं होने पर सरकार से पेंशनर्स के प्रति उदासीन रवैए पर आश्चर्य और हैरानी प्रकट की गई। सरकार बने हुए लगभग तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक न तो पेंशनर्स की जेसीसी का गठन किया है और न ही बातचीत के लिए बुलाया है। इससे सरकार के प्रति पेंशनर्स में भारी आक्रोश देखा गया और सरकार की कर्मचारी व पेंशनर हितैषी होने के दावे की भी कलई खुल गई है। बैठक में पिछले दिनों जिले में सभी उपमंडल मुख्यालयों पर पांच सूत्रीय मांगपत्र उपमंडल अधिकारी के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजा गया था। इसमें सरकार द्वारा कोई भी निर्णय नहीं लेने पर उत्पन्न हुई स्थिति बारे विचार-विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि 15 सितंबर 2025 को सभी पेंशनर्स बनलगी पंचायत दाड़वा जिला सोलन में होने वाली पेंशनर महासभा में एकत्रित होंगे, ताकि आगामी रणनीति बनाई जा सके।

# कंडाघाट में 6 पद पटवारियों के रिक्त

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।

कंडाघाट तहसील में पटवारियों के 10 में से छह पद रिक्त हैं। इस कारण समूची तहसील की जनता बेहद परेशानी झेल रही है। लोगों को राजस्व विभाग से संबंधित कामों के लिए भटकना पड़ रहा है। कंडाघाट तहसील में निहारा, चौहड़ा, सोरिनगर, बीशा, सिलहारी और वाकनाघाट में पटवारियों के पद रिक्त हैं। पद रिक्त होने से इनका कार्यभार तहसील में शेष चार पटवारियों को दिया है। हर पटवारी के पास दो-तीन पटवार खानों का कार्यभार है। पटवारी एक कार्यालय में जाए, तो पीछे दो पटवारखानों में ताला लग जाता है। लोग पटवारखानों में, राजस्व, बैंक, विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों, कोई प्राकृतिक आपदा में नुकसान की रिपोर्ट सहित राजस्व विभाग और इनके माध्यम से अन्य विभागों के काम के लिए आते हैं। तहसीलदार कंडाघाट राजेंद्र कुमार ने यह पद रिक्त होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि यहां का अतिरिक्त कार्यभार दूसरे पटवारियों को दिया गया है। क्षेत्र के लोग पिछले काफी समय से विभाग, प्रशासन और सरकार से पटवारियों के रिक्त पद सृजित करने की मांग कर रहे हैं पर किसी पर कोई असर नहीं हुआ।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर 17 से 2 अक्टूबर तक प्रदेश में चलेगा सेवा पखवाड़ा: डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान, नाहन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक पूरे देश भर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश में 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 स्थानों के ऊपर ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जाएंगे। 17 तारीख और 25 तारीख के मध्य बहुत सारे ब्लड डोनेशन कैंप, स्वच्छता अभियान, डोनर्स की सूचियों को बनाना और अनेक प्रकार के सेवा कार्यों को भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता व सामान्य समाज अपने हाथ में लेकर अंजाम देगा। 25 तारीख को 25 सितंबर यानी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म तिथि वो महान पुरुष जिसने जनसंघ की स्थापना की अंत्योदय का सिद्धांत प्रतिपादित किया। गरीब कल्याण भगवान की सेवा है। इस मार्ग पर चलने के लिए भाजपा को प्रेरणा दी। उनके जन्म दिवस पर 8000 पोलिंग बूथों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पेड़ लगाने का काम और सेवा और स्वच्छता का कार्य किया जाएगा। 2 अक्टूबर गांधी जयंती लाल बहादुर शास्त्री जयंती के ऊपर 25 से 2 अक्टूबर तक स्वदेशी का एक अभियान, वो पूरे प्रदेश में किया जाएगा। हमारे



बुनकर हैं, कुमार हैं, जो ऐसे लोग, जो स्थानीय स्तर के ऊपर प्रोडक्ट्स बनाते हैं, उनको प्रमोट करने का काम किया जाए। वोकल फॉर लोकल मोदी का जो एक मंत्र है। इसके आधार के ऊपर हमारा जो फील्ड में काम करने वाला सामान्य व्यक्ति है। गरीब व्यक्ति है विश्वकर्मा है उस विश्वकर्मा द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट्स को बढ़ाने का काम वो भारतीय जनता पार्टी करेगी। 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा की जयंती है और 17 सितंबर मोदी के जन्मदिवस विश्वकर्मा भगवान जी की जयंती से लेकर गांधी जयंती तक यह सेवा पखवाड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर में एनएच-707 पर खतरा बरकरार

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले में पांवटा-शिलाई-शिमला को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे-707 पहले से ही खतरनाक था, मगर अब हालात और भी बदतर हो गए हैं। कच्ची ढांग के पास बीते दिनों 30 मीटर हिस्सा धंस जाने से सड़क पर सफर मौत को दावत देने जैसा हो गया है। छोटे वाहनों के चेंबर गड्ढों में अटक रहे हैं, भारी वाहनों का एक टायर सड़क से बाहर लटक रहा है, संकीर्ण सड़क पर हादसे का खतरा हर पल मंडरा रहा है। इस हादसे ने 100 गांवों का संपर्क तोड़ दिया था। भले ही प्रशासन ने 8-9 घंटे बाद आवाजाही बहाल कर दी हो, मगर सड़क पर सफर करना अब भी सुरक्षित नहीं है। इन दिनों सेब और टमाटर का सीजन है, ऐसे में बागवान अपनी मेहनत की फसल दिल्ली ले जाने में भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। चालक मजबूरी में अपनी जान दांव पर लगाकर वाहनों को इस दासी और टूटी सड़क से निकाल रहे हैं। सिरमौर आपदा के समय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने यहां 350 करोड़ की लागत से पुल बनाने का वादा किया था, मगर अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। विधायक सुखराम चौधरी का कहना है कि नई डीपीआर तैयार हो रही है।

### किसानों को एग्रीबिजनेस कौशल से किया सशक्त

अनंत ज्ञान, सोलन। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के खाद्य विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग ने कृषि प्रसंस्करण को एक लाभदायक आर्थिक गतिविधि बनाना व कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देना विषय पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम सोलन जिले की सलोगड़ा पंचायत और सिरमौर जिले की रजाना पंचायत में आयोजित किए गए। इसमें कुल 60 (प्रत्येक पंचायत से 30) प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत आयोजित किए गए। सत्रों के दौरान विभाग के वैज्ञानिकों ने स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों की उद्यमशीलता और तकनीकी कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस कृषि और बागवानी से प्राप्त स्थानीय उत्पादों में मूल्य संवर्धन पर रहा। प्रतिभागियों को खाद्य संरक्षण की वैज्ञानिक विधियों, आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों, स्वच्छता संबंधी अभ्यासों, सुरक्षित पैकेजिंग मानकों और लेबलिंग आवश्यकताओं की जानकारी दी गई। व्यावहारिक प्रदर्शन में बुरांश कीवी बार, जैम, अचार, चटनी आदि उत्पादों की तैयारी शामिल रही। विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि फलों, सब्जियों, अनाज, दालों और दूध जैसे कच्चे उत्पादों में मूल्य संवर्धन से न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है, बल्कि स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे और स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंच मिल सकेगी।

### मास मीडिया में करियर की अपार संभावनाएं

अनंत ज्ञान, सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन में मीडिया आधारित ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सोलन एवं एमएस पवार इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन एंड मैनेजमेंट, सोलन के मध्य मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने अतिथियों व वक्ताओं के स्वागत से की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय कौशल अर्जन का युग है और मास मीडिया में करियर की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। एमएस पवार संस्थान के साथ हुए इस एमओयू के बाद दोनों संस्थान मिलकर मीडिया क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों, रिसर्च, पब्लिक रिलेशंस, डिजिटल मीडिया, वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन, फिल्म मेकिंग, सिनेमाटोग्राफी, मल्टीमीडिया, रेडियो जॉकी व प्रोडक्शन ट्रेनिंग आदि में ज्ञान एवं विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करेंगे। मुख्य वक्ता डॉ. बीएस पवार, निदेशक, एमएस पवार मीडिया संस्थान ने कहा कि मीडिया क्षेत्र में हर विद्यार्थी के लिए करियर की संभावनाएं हैं। उन्होंने छात्रों को अपने कम्युनिटी रेडियो व संस्थान में आने का आमंत्रण दिया और बताया कि संस्थान सभी छात्रों के लिए ओपन एक्सेस प्रदान करता है, जिससे वे अपनी क्षमताओं के अनुरूप क्षेत्र चुनकर करियर में आगे बढ़ सकते हैं या इंटर्नशिप कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. पवार ने इस पहल के लिए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली का विशेष धन्यवाद भी किया।

# पाइनग्रोव स्कूल ने भूपिंदर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता



भूपिंदर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर पाइनग्रोव स्कूल की विजेता टीम।

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल ने अदम्य साहस, शानदार टीमवर्क और बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए भूपिंदर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता का आरंभ पाइनग्रोव ने द लॉरेंस स्कूल, सनावर (टीम) पर 3-0 की शानदार जीत से की, जिसमें रेहान वर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इसके बाद शेरवुड कॉलेज, नैनीताल को 3-0 से हराकर अर्पित शर्मा ने यह सम्मान प्राप्त किया। सेमीफाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पाइनग्रोव ने मॉडर्न स्कूल, वसंत विहार को 6-1 से शानदार मात दी तथा अरमान चौहान का बेहतरीन खेल प्रदर्शन टीम को फाइनल तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध हुआ। निर्णायक मुकाबले में बिशप कॉटन स्कूल, शिमला के विरुद्ध पाइनग्रोव ने दमदार खेल दिखाते हुए 1-0 से नजदीकी जीत हासिल की। इस मैच में विवेक कुमार शॉ को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट रक्षण के लिए महेंद्र छेत्री को बेस्ट डिफेंडर ऑफ द टूर्नामेंट और शानदार ऑल-राउंड खेल के लिए अर्पित शर्मा को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से सम्मानित किया गया। अपनी कभी हार न मानने वाली भावना और एकजुट प्रयास के बल पर पाइनग्रोव स्कूल ने यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी गर्व के साथ अपने नाम की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए 4884 मामले

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन जिला मुख्यालय सहित नालागढ़, कसौली अर्की स्थित न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय अदालत में 12 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। सितंबर माह में प्री-लोक अदालत सीटिंग्स भी करवाई गईं। इस अवसर पर कुल 6944 मामलों को सुनवाई के लिए प्री लोक अदालत सीटिंग्स व लोक अदालत की विभिन्न बैंचों के समक्ष रखा गया। इसमें से 4884 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। इन मामलों में कुल समझौता राशि 19,28,59,646 रुपए रही। इन मामलों में 5514 मोटर व्हीकल चालानों को भी विभिन्न बैंचों के समक्ष रखा गया। इसमें से कुल 3945 मामलों का निपटारा किया गया। इन लोक अदालतों का आयोजन अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जिला व सत्र न्यायाधीश सोलन अरविंद मल्होत्रा की अध्यक्षता में किया गया।

# खनन प्रतिबंध के बाद भी सैकड़ों ट्राले भरकर जा रहा माल, उठे गंभीर सवाल

अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान

पांवटा साहिब। प्रदेश सरकार ने 1 जुलाई से 15 सितंबर तक खनन कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। नियमों के अनुसार इस अवधि में न तो कोई नया खनन किया जा सकता है और न ही नदी से बजरी, रेत व पत्थर जैसे कच्चे खनिज निकाले जा सकते हैं।

इसके बावजूद पांवटा साहिब में प्रतिदिन सैकड़ों ट्राले व डंपर खनिज सामग्री से भरे हुए देखे जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतना भारी परिवहन केवल पुराने स्टॉक के दम पर संभव नहीं हो सकता। खनन कंपनियां और क्रशर मालिक दावा करते हैं कि ट्रकों में भरकर ले जाया जा रहा माल पहले से जमा स्टॉक है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक सैकड़ों ट्रालों को चलाने लायक स्टॉक क्रशरों के पास होना व्यावहारिक नहीं है। रात के समय या दुर्गम इलाकों में चोरी-छिपे खनन जारी है और उसे वैध परमिट या पुराने स्टॉक के दस्तावेज दिखाकर ट्रांसपोर्ट किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि खनन माफिया और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से नियमों की अनदेखी होती है। कागजों में इसे 'स्टॉक ट्रांसपोर्ट' दिखाया जाता है, जबकि हकीकत में नया खनिज सप्लाई हो सकता है। खनन विभाग ने इन सवालों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि बंदी केवल रॉ मटेरियल (नदी से निकाला गया कच्चा खनिज) पर है। विभाग के अनुसार, क्रशर मालिक बरसात शुरू होने से पहले 2-3 महीने का स्टॉक एकत्रित कर लेते हैं, जिसे विभाग बाकायदा वेरिफाई करता है। बरसात के दौरान सड़क पर जो ट्राले चलते हैं, उनमें फिनिश्ड मटेरियल होता है। विभाग का कहना है कि इन गाड़ियों में बिल होना अनिवार्य है और बिना बिल वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। हाल ही में भी कई गाड़ियों पर कार्रवाई की गई है। साथ ही विभाग ने सुझाव दिया कि कोई भी नागरिक इस विषय पर आरटीआई के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकता है या सीधे पांवटा थाने से संपर्क कर सकता है।

# सड़क हादसे में महिला कार चालक की मौत

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। बागा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूगघाटी से करीब 200 मीटर आगे बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। इसमें एक महिला व कार चालक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एक सैन्ट्रो कार नंबर एचपी-63ए-0242 गहरी ढांक में गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और ढांक में उतरकर तलाश की। वहां एक महिला का शव मिला, जबकि करीब 500 मीटर नीचे एक पुरुष का शव भी बरामद हुआ। दोनों शवों को स्थानीय लोगों की मदद से सड़क तक लाया गया। कार मालिक नगीन चंद ने पुलिस को बताया कि मृतक चालक कमलु खारसी में उसके मकान में रहता था और उसी की गाड़ी चलाता था। देर रात शालूघाट कैमरे में यह कार कंधर की ओर जाती दिखाई दी थी। इसके बाद तलाश करने पर हादसे का पता चला। बताया जा रहा है कि यह हादसा चालक की लापरवाही व तेज रफ्तार के कारण हुआ है। मामले की पुष्टि डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने की है।

# विधायक शौरी ने आपदा प्रभावित सैंज घाटी के मातला व जीवा गांव का दर्द किया साझा

अनंत ज्ञान, बंजार

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने सैंज घाटी के आपदा प्रभावित मातला और जीवा गांवों का दौरा कर पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। सरकार की अनदेखी झेल रहे ग्रामीणों ने विधायक को अपनी व्यथा से अवगत कराते हुए जल्द राहत और स्थायी समाधान की मांग रखी।

ग्राम पंचायत सुचैहन के मातला गांव में भूमि धंसने से 31 परिवार सीधे प्रभावित हुए हैं और लगभग 31 मकान जमींदोज हो चुके हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने मांग की है कि उन्हें मातला गांव के साथ ही एनएचपीसी की भूमि पर अस्थायी रूप से बसाया जाए, ताकि वे अपने पशुओं का पालन-पोषण कर सकें। विधायक शौरी ने मौके से ही डीसी कुल्लू को एनएचपीसी परियोजना प्रबंधन के साथ समन्वय कर



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी आपदा प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

ग्रामीणों के लिए युद्धस्तर पर अस्थायी आवास तैयार करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, ग्राम पंचायत रेला के जीवा गांव में 12 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। विधायक शौरी ने कहा कि आज ग्रामीणों के पास रहने के लिए छत तक नहीं है, जबकि सरकार व प्रशासन उन्हें पानी व अन्य राहत सामग्री तक उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों को राहत देने के प्रति भी विश्वसनीयता साबित नहीं कर पा रही है। विधायक ने इस लचर व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी व त्वरित राहत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बास्केटबॉल में रायसन की टीम रही प्रथम

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। पूर्व छात्र संघ कटराई के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में दो दिवसीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

पूर्व छात्र संघ की रजत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत इस चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इस टूर्नामेंट में नगर ब्लॉक के विभिन्न आयु वर्ग की 19 टीमों के लगभग 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान अंडर-19 आयु वर्ग में रायसन की टीम प्रथम और कटराई की टीम द्वितीय स्थान पर रही अंडर-14 आयु वर्ग में मनाली की टीम प्रथम तथा हिमालय बुद्धिस्ट कल्चर स्कूल बटाहर बिहाल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में रायसन की टीम विजेता तथा हिमालय बुद्धिस्ट कल्चर स्कूल बटाहर बिहाल की टीम उपविजेता रही।

# सड़कें जल्द बहाल नहीं हुईं, तो प्रदर्शन करेंगे बागवान: कुंज लाल

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

सब्जी मंडी पतलीकूहल के अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर ने प्रशासन और एनएचएआई को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कुल्लू से मनाली के बीच आपदा के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को जल्द ठीक कर वाहनों के लिए नहीं खोला गया, तो बागवान सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग से नग्गर पुल को भी बड़े वाहनों के लिए जल्द बहाल करने की मांग की। आढ़ती और कुल्लू फलोत्पादक मंडल के पूर्व महामंत्री राजीव ठाकुर ने बताया कि डोहलू नाला के पास एनएचएआई द्वारा सड़क का काम बड़े वाहन योग्य पूरा हो चुका है, लेकिन पिछले दो दिनों से यह सड़क सुबह 8 से रात 8 बजे तक बंद रखी जा रही है, जबकि यह सड़क समय सारिणी के अनुसार वाहनों के आवागमन के लिए खोली जा सकती थी। ऐसा न होने पर वाहन पहले से ही आपदा की मार झेल रहे बागवानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। दिनभर रोकने के बाद रात 8 बजे ही गाड़ियों को छोड़ा जा रहा है और अगर गाड़ियां रात 10 बजे तक हनोगी पार नहीं कर पातीं, तो उन्हें वहीं रात गुजारनी पड़ रही है। इससे जो सेब एक या दो दिन में मंडी पहुंच जाता था, वह अब चौथे दिन पहुंच रहा है। इससे सेब खराब हो रहा है और बागवानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। कुंज लाल ठाकुर ने एनएचएआई से मिली जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि कुल्लू प्रशासन ने दुर्घटनाओं से बचने के लिए यह आदेश जारी किया है कि सड़क केवल रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक ही यातायात के लिए खुली रहेगी।

## नुकसान: क्लाथ और बिंदु ढांक में ब्यास का रौद्र रूप, सड़क बहाली में आ रही भारी दिक्कतें

# नेशनल हाइवे बहाली बना एनएचएआई के लिए बड़ी चुनौती

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

मनाली। कुल्लू-मनाली नेशनल हाइवे को बहाल करना एनएचएआई के लिए चुनौती बन गया है। ब्यास के तीव्र वेग और दरकते पहाड़ों से लड़ते हुए मशीनरियां आगे बढ़ रही हैं, लेकिन क्लाथ और बिंदु ढांक में तहस-नहस हुई सड़क के कारण बहुत जल्द सड़क बहाल होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। यहां ब्यास का तीव्र वेग सीधा सड़क को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बड़ी-बड़ी चट्टानें रास्ते में आने से मलबा ज्यादा भरना पड़ रहा है।

एनएचएआई की मशीनरियां मनाली की ओर से क्लाथ और कुल्लू की ओर से बिंदु ढांक तक पहुंच गई हैं, लेकिन इन दो स्थानों पर ब्यास के रौद्र रूप ने सबसे अधिक तबाही मचाई है। क्लाथ से आगे पुराने पुल तक के दायरे में सड़क का नामोनिशान तक नहीं है। बड़ी-बड़ी चट्टानें सड़क बहाली में रोड़ा बन गई हैं। इन्हें तोड़ा नहीं, तो नदी का रुख सड़क की ओर मुड़ जाएगा, जबकि वहां रखने पर दस से 15 फुट मलबा भरना पड़ रहा है। बिंदु ढांक में पहाड़ी से नीचे जदक गायब है, तो पहाड़ का मलबा आने से सड़क धंस गई है। ऐसे में इन दो स्थानों पर एनएचएआई को अन्य स्पॉट की अपेक्षा अधिक समय लग रहा है। एनएचएआई के रेजीडेंट इंजीनियर अशोक चौहान ने बताया कि सड़क बहाली का कार्य जारी है। सोमवार शाम तक मार्ग को आपात सेवाओं के लिए खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।



एनएचएआई की मशीनरियां मनाली की ओर से क्लाथ और कुल्लू की ओर से बिंदु ढांक तक पहुंच गई हैं।

### स्थानीय लोगों का योगदान भी कम नहीं

मनाली-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल करने के लिए जहां एनएचएआई के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात एक किए हुए हैं, वहीं, स्थानीय लोगों का योगदान भी कम नहीं है। सड़क बहाली में जन सहयोग से स्थानीय लोग कर रहे हैं। वहीं कुछ लोग जेसीबी चालकों और मजदूरों के लिए खाने-पीने का बंदोबस्त भी कर रहे हैं। स्थानीय निवासी बुद्धि प्रकाश पिछले कई दिनों से अपने साथियों के साथ क्लॉथ और आलू ग्राउंड में काम कर रहे चालकों व मजदूरों को दिन का खाना, पानी और जूस अपने जेब से खर्च कर मुहैया करा रहे हैं।

# आपदा से प्रभावित कुल्लू के किसानों की गुहार, राहत के लिए सरकार से मांगी मदद

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। हाल ही में ब्यास नदी में आई विनाशकारी बाढ़ और लगातार भारी बारिश ने कुल्लू के किसानों और बागवानों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

कुल्लू फलोत्पादक मंडल, जो क्षेत्र के 3000 से अधिक किसानों और बागवानों की एक प्रमुख संस्था है उसने केंद्रीय राज्य मंत्री, सावित्री ठाकुर को पत्र लिखकर तुरंत आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। मंडल ने अपनी क्षतिग्रस्त गोशालाओं, भवनों और बागवानों की बर्बाद हुई सेब की फसल के लिए राहत पैकेज की मांग की है। मंडल ने बताया कि बाढ़ से उनकी दो प्रमुख गोशालाएं- कटराई और रायसन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इनमें से कटराई की गोशाला पूरी तरह से बह गई है, जबकि रायसन की गोशाला को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इन गोशालाओं में बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय दिया जाता है। मंडल के महामंत्री, रिमन सिंह ठाकुर ने गोशालाओं के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से 1 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता का अनुरोध किया है। यह राशि इन गोशालाओं को फिर से बनाने और बेसहारा पशुओं को सुरक्षित रखने में मदद करेगी।

- सेब की फसल के लिए राहत पैकेज की मांग
- गोशालाओं के पुनर्निर्माण के लिए एक करोड़ की वित्तीय सहायता का अनुरोध

### सेब बागवानों के लिए मुआवजा व ऋण माफी की अपील

मंडल ने सरकार को बताया कि बाढ़ और भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 3 और अन्य संपर्क सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे बागवान समय पर सेब की तुड़ाई नहीं कर पाए। इस देरी की वजह से लगभग 80 प्रतिशत सेब पेड़ों से गिरकर खराब हो गए। इसके अलावा, लगातार बारिश से हुए भूस्खलन ने भी कई सेब के पेड़ों को नष्ट कर दिया, जिससे किसानों का नुकसान और भी बढ़ गया। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, मंडल ने बागवानों के लिए तत्काल मुआवजे की मांग की है। साथ ही, उनकी आर्थिक स्थिति को स्थिर करने के लिए, उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड पर एक साल के ब्याज को पूरी तरह माफ करने का भी अनुरोध किया है। मंडल का कहना है कि यह सहायता बागवानों को इस संकट से उबरने में मदद करेगी।


### बाढ़ से बचाने के लिए भवनों के चारों ओर आरसीसी दीवार लगाने का अनुरोध

बाढ़ ने कुल्लू फलोत्पादक मंडल के भवनों को भी भारी क्षति पहुंचाई है, जिसमें उनकी पत्ती विश्लेषण प्रयोगशाला भी शामिल है। यह प्रयोगशाला बागवानों की मिट्टी और पत्तियों की निशुल्क जांच कर उन्हें उचित उर्वरक और पोषण की जानकारी देती है। बाढ़ के कारण नदी का बहाव अब इस भवन के नीचे से हो रहा है, जिससे यह कभी भी ढह सकता है। इस खतरे को देखते हुए, मंडल ने 500 मीटर की आरसीसी दीवार के निर्माण की मांग की है। यह दीवार न केवल भवनों को सुरक्षित करेगी, बल्कि भविष्य में भी बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकेगी।

# हरिपुर कॉलेज में मनाया हिंदी दिवस

अनंत ज्ञान, मनाली। राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में ऑनलाइन माध्यम द्वारा हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। हरिपुर कॉलेज के शिक्षकों, विद्यार्थियों द्वारा 14 सितंबर को ऑनलाइन माध्यम से हिंदी दिवस मनाया। प्रदेश व मनाली में विपरीत परिस्थितियों के चलते कॉलेज बंद होने के कारण हिंदी दिवस का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से ही किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज प्राचार्या डॉ. शेफाली रहीं। हिंदी विभाग प्रमुख प्रो. दीपा ने प्राचार्या, शिक्षकों व अन्य सभी विद्यार्थियों को हिंदी दिवस पर बधाई देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हिंदी भाषा के महत्व पर डॉ. शेफाली ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिया और कहा कि हिंदी भाषा, भाषा ही नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा व संस्कारों की परिचायक भी है। भारत में अधिकतर लोगों के बीच संवाद हिंदी में ही होता है, साथ ही उन्होंने हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकारों को याद करते हुए कहा कि हिंदी भाषा को समृद्ध बनाने में प्रेमचंद, भारतेंदु, मैथिलीशरण गुप्त का विशेष योगदान रहा है।




## सीएम ने शिक्षा सदन का लोकार्पण और सैनी स्कूल के नए भवन का किया शिलान्यास, कहा–

# सैनी समाज ने सेवा को माना अपना धर्म

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। प्रदेश सरकार हरियाणा को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश में वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार द्वारा प्रदेश में नई 10 आईएमटी स्थापित की जाएंगी, जिन से प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार द्वारा गत साढ़े दस वर्ष के दौरान बिना पर्ची-बिना खर्ची के एक लाख 80 हजार युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी रोजगार दिया गया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्थानीय सैनी शिक्षण संस्था के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितगण को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षण संस्था के समर्पण भाव से शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे सराहनीय योगदान के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा शिक्षण संस्था ने समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के गौरवपूर्ण 75 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। गत 10 मई 1941 को इसी शहर की एक चौपाल में सैनी प्राइमरी स्कूल से शुरू हुई संस्था महात्मा ज्योतिबा फुले के कर्म ही पूजा है के संदेश पर चलते हुए 75 वर्षों बाद, आज यह सोसायटी एक वट वृक्ष बन चुकी है। उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से संस्था के लिए 51 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की तथा सैनी शिक्षण संस्था द्वारा रखी गई सभी चार मांगों को यथासंभव पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शिक्षण संस्था को 21 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा सदन का लोकार्पण तथा सैनी पब्लिक स्कूल के नए भवन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले सैनी समाज के रत्न है। महाराज सूरसैन के वंशज सैनी समाज का इतिहास प्राचीन और गौरवशाली रहा है। इस समाज ने हमेशा श्रम, त्याग और सेवा को अपना धर्म माना है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इसी प्रकार, संत श्री लिखमीदास जी, बल्लभगढ़ रियासत के सेनापति गुलाब चंद सैनी, बिहार में सामाजिक क्रांति के सूत्रधार बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा जैसे समाज सेवक, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद कुशवाहा जैसे खिलाड़ी तथा चंडीगढ़ स्थित रॉक गार्डन के निर्माता पद्मश्री नेकचंद सैनी जी जैसे कलाकार भी इसी समाज की देन हैं। स्वतंत्रता आंदोलन में भी सैनी समाज का बड़ा योगदान रहा है। आजाद हिन्द फौज के सेनानी सरदार महंगा सिंह सैनी व अजीत सिंह सैनी तथा हरि सिंह सैनी जैसे स्वतंत्रता सेनानी भी इसी समाज ने दिए हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित किया गया है।

### राज्य के सभी जिलों में अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य के सभी 22 जिलों में अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित की हैं तथा 5 हजार से अधिक स्कूलों को वाई-फाई कनेक्टिविटी दी गई है। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 10वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को 5 लाख टैबलेट, लगभग 40 हजार कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड तथा 1,201 आईसीटी लैब स्थापित की हैं। सैनी ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग के अलावा अनेक छात्रवृति योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है।

### विद्यार्थियों की फीस माफ

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश में एक लाख 80 हजार रुपए से कम आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों की 12 वीं कक्षा तक फीस माफ की गई है तथा ऐसे परिवारों की बेटियों की कॉलेज व विश्वविद्यालय की फीस भी माफ की गई है। सरकार द्वारा गरीब परिवारों के 2650 बच्चों का मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में दाखिला करवाया गया है।

# हिमाचलियों की एकजुटता के लिए वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन का अभियान तेज



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हिमाचलियों की एकजुटता और उनके हितों को लेकर वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन ने युद्धस्तर पर अपना अभियान शुरू कर दिया है। संस्था का उद्देश्य हिमाचल से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं को एक मंच पर लाकर आपसी सामंजस्य और तालमेल के साथ समाजहित कार्यों को आगे बढ़ाना है।

इसी कड़ी में रविवार को संस्था के वाइस चेयरमैन रविंद्र पठानिया और महामंत्री सुरेश राणा ने पंजाब के खरड़ स्थित हिमाचली जनहित महासभा के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समर्थन की अपील की।

बैठक में महासभा के अध्यक्ष जगदेव पटियाल और महामंत्री पृथ्वी राज शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारियों ने वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन के रोडमैप को सराहनीय कदम बताते हुए पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था हिमाचलियों के हितों में होने वाले हर कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएगी और वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। इससे पूर्व संस्था के अध्यक्ष अमित राणा ने दिल्ली स्थित पालमपुर सुधार सभा के अध्यक्ष विजय डोगरा और हिमाचल कल्याण सभा के सचिव राजिंद्र ठाकुर से भी भेंट कर समर्थन मांगा था, जिसे दोनों संस्थाओं ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

संस्था के वाइस चेयरमैन पठानिया ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता सामूहिक सहयोग पर निर्भर करती है। जब सभी संस्थाएं एकजुट होकर किसी उद्देश्य के लिए खड़ी होंगी, तो उसके परिणाम सार्थक होंगे और समस्त हिमाचली समाज को लाभ मिलेगा।

# गीता महाआरती के साथ संपन्न हुआ छठा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि इंडोनेशिया बाली में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से कुरुक्षेत्र और बाली के बीच सांस्कृतिक विरासत का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। इस सांस्कृतिक अध्याय के साथ इंडोनेशिया और भारत तथा हरियाणा के बीच एक नए संबंधों की भी शुरुआत हुई है। सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए इंडोनेशिया के राज्यपाल की तरफ से कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर महर्षि मार्कंडेय के नाम पर कल्चरल सेंटर विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया है।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज इंडोनेशिया बाली में छठे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के समापन समारोह पर बोल रहे थे। इससे पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, विदेश मंत्रालय दक्षिण क्षेत्र की सचिव डॉ. नीना मल्होत्रा, हरियाणा सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल, बाली में भारत के सीजीआई डॉ.शशांक विक्रम ने छठे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के समापन समारोह में पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया और विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में पद्मश्री इंदिरा उदयाना की तरफ से इंडोनेशिया के युवा कलाकारों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और सायं कालीन भक्ति संगीत में शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस समापन समारोह से पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने बाली के राज्यपाल निवास पर बाली के राज्यपाल आई वायन कोस्टर को पवित्र ग्रंथ गीता भेंट की है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने इंडोनेशिया सरकार और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और जीओ गीता के तत्वावधान में इंडोनेशिया बाली में छठे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का ऐतिहासिक तरीके से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। तीन दिनों में अच्छा अनुभव रहा और यह एक उत्सव ही नहीं अपितु भारत और इंडोनेशिया के सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का एक माध्यम बनेगा।

# रैपिडो के समारोह में 50 कैप्टन्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारत की अग्रणी बाइक-टैक्सी सेवा रैपिडो ने अपने कैप्टन्स के लिए विशेष रिवॉर्ड्स एंड रिकग्निशन प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह आयोजन चंडीगढ़ के होटल पर्ल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय मेयर हरप्रीत कौर बबला मुख्य अतिथि रहीं और उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 50 कैप्टन्स को सम्मानित किया। कार्यक्रम में लगभग 250-300 कैप्टन्स ने भाग लिया और मंच पर अपनी प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं।

माननीय मेयर हरप्रीत कौर बबला ने रैपिडो कैप्टन्स द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की। रैपिडो के जोनल हेड आकाश मेहता ने कहा हमारे कैप्टन्स की मेहनत और लगन ही रैपिडो की असली ताकत है। यह सम्मान उसी का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि रैपिडो, जिसकी स्थापना 2015 में हुई थी, आज 295 से ज्यादा शहरों में कार्यरत है और 50 लाख से अधिक कैप्टन्स के साथ प्रतिदिन लगभग 45 लाख यात्राओं की सुविधा प्रदान कर रहा है।

# नशा तस्करों की डेढ़ करोड़ की संपत्ति जब्त

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में जिले के चार कुख्यात नशा तस्करों की 1.46 करोड़ की अवैध संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

एसपी सिद्धांत जैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब सिर्फ जेल नहीं, बल्कि नशे की कमाई से अर्जित हर संपत्ति भी जाएगी। आज जिन तस्करों की संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, उनमें पहला नाम संदीप पुत्र सुभाष चंद्र निवासी काजलहेड़ी का है। दूसरा गांव मोहम्मदपुर सोत्तर गांव के जगसीर सिंह उर्फ जग्गू उर्फ लम्बू पुत्र जारा सिंह का है। तीसरा ढाणी नूरपुर दीवाना निवासी काला सिंह पुत्र दारा सिंह है।

# आत्मनिर्भर भारत में होगी पंजाब की अहम भूमिका : संधू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में पंजाब की भूमिका सबसे अहम होगी। वर्ष 2047 तक पंजाब को देश का विकसित राज्य बनाने के लिए उद्यमियों को चाहिए वह स्वदेशी उत्पादों का बढ़ावा दे।

उक्त विचार राज्य सभा सांसद एवं शिक्षाविद सतनाम सिंह संधू ने आज पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 11वें इन्स-आउट के समापन अवसर पर उपस्थित उद्यमियों तथा आर्किटेक्चर सेक्टर के विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह देश तभी आत्मनिर्भर बनेगा जब पंजाब पूरी तरह से विकसित होगा।

पंजाब में देश का नेतृत्व करने की क्षमता है। संधू ने स्थापित उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वह स्टार्टप को बढ़ावा दे। इससे स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। संधू ने पीएचडीसीसीआई प्रबंधकों की इस आयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि शहर के विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर स्वदेशी उत्पाद मेला लगाएं ताकि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत में पंजाब की भागेदारी बढ़ सके।

पीएच डीसीसीआई चंडीगढ़ चेप्टर के चेयर मधुसूदन विज ने कहा कि तीन दिनों के दौरान यहां इमारत निर्माण के क्षेत्र में आ रही नई तकनीक और बदलाव, ग्रीन एनर्जी समेत कई विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस अवसर सांसद सतनाम संधू ने स्टूडेंट आर्किटेक्चर डिजाइन कंपीटिशन आर्कस्पायर के प्रथम विजेता चितकारा यूनिवर्सिटी की टीम को प्रथम, चण्डीगढ़ की यूनिवर्सिटी की टीम को द्वितीय तथा इंडो ग्लोबल कॉलेज की टीम को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

## देश-विदेश

# ऑपरेशन सिंदूर के वक्त बंकर में छिपे थे मुनीर : केजेएस ढिल्लों

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सेना से रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों ने शनिवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर एक बंकर में छिप गए थे। जंग खत्म होने के बाद जनता की नजरों से बचने के लिए खुद को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट कर लिया। ढिल्लों ने आगे कहा कि भारत ने 10 मई को 11 पाकिस्तानी एयरबेस पर सटीकता से हमला किया।



पाकिस्तान का एयर डिफेंस इतना कमजोर था कि हमारी एक भी मिसाइल को रोक नहीं सका। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ढांचे तबाह किए थे। साथ ही पाकिस्तान के एयरबेस को भी नुकसान पहुंचाया था। 10 मई को दोनों देशों के बीच युद्ध खत्म हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### बोले-पाक एयर डिफेंस हमारी एक मिसाइल भी नहीं रोक पाया

### बोले-पाकिस्तान ने मांगी थी युद्धविराम की भीख

**केजेएस** ढिल्लों ने कहा कि जब पाकिस्तान के डीएमओजी 10 मई को हमारे डीएमओजी को फोन करते हैं और युद्धविराम की भीख मांगते हैं, तो हमारे लिए यह जीत है। जब वे मध्यस्थता और युद्धविराम की मांग करते हुए अमेरिका या सऊदी अरब भागते हैं, तो यह जीत है। जब हम कहते हैं कि हम नीतिगत तौर पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं चाहते, तो यह जीत ही है।

# टेक्सास में शरिया कानून पर प्रतिबंध

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा है कि उनके राज्य में इस्लामी शरिया कानून का लागू करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही उन्होंने राज्य के निवासियों से व्यवसायों या व्यक्तियों पर शरिया कानून थोपने की किसी भी कोशिश की शिकायत करने की भी अपील की है। एबॉट की यह टिप्पणी ह्यूस्टन से एक वायरल वीडियो के बाद आई है, जिसमें एक मुस्लिम मौलवी लाउडस्पीकर से दुकानदारों से शराब, सूअर का मांस या लॉटरी टिकट न बेचने का आग्रह कर रहा है। गवर्नर ने इस घटना को उत्पीड़न बताया और कहा कि टेक्सास, सार्वजनिक जीवन में धार्मिक नियमों को लागू करने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा। एबॉट ने कहा कि मैंने टेक्सास में शरिया कानून और शरिया परिसरों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों पर हस्ताक्षर किए हैं। (अनंत ज्ञान)

# कतर में छुपे हमास नेताओं को खत्म करके ही रुकेगी जंग : नेतन्याहू

**एजेंसी, तेल अवीव**

इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि कतर में रहने वाले हमास के नेताओं को खत्म करके ही जंग को रोका जा सकता है। नेतन्याहू ने एक्स पर लिखा, 'कतर में रह रहे हमास के आतंकवादी प्रमुखों को गाजा के लोगों की कोई परवाह नहीं है।



उन्होंने युद्ध को अंतहीन रूप से जारी रखने के लिए युद्धविराम के सभी प्रयासों को रोक दिया। उनसे छुटकारा पाने से ही हमारे सभी बंधकों को रिहा किया जा सकेगा।' हाल ही में इसराइल ने दोहा में हमास के नेताओं पर हवाई हमले किए, जिनकी कतर ने निंदा की है। हमास ने कहा कि उसके वरिष्ठ नेता और वार्ता दल के सदस्य इस हमले में बच गए, लेकिन पांच सदस्य मारे गए, जिनमें हमास के निर्वासित गाजा प्रमुख खलील अल-हय्या का बेटा भी शामिल है।

### बोले- हमास नेता नहीं होने दे रहे संघर्षविराम

कतर ने बताया कि उसका एक आंतरिक सुरक्षा बल का सदस्य भी मारा गया। हमास ने इस हमले को हत्या की साजिश करार दिया और कहा कि इससे गाजा युद्ध को खत्म करने की उनकी शर्तें नहीं बदलेंगी। इसराइल चाहता है कि हमास सभी इसराइली बंधकों को रिहा करे और अपने हथियार डाले।

वहीं, हमास का कहना है कि वह तब तक सभी बंधकों को रिहा नहीं करेगा, जब तक युद्ध खत्म करने का समझौता नहीं होता और फिलिस्तीनियों को स्वतंत्र राज्य नहीं मिलता। (अनंत ज्ञान)

# विपक्षी दलों ने किया भारत-पाक मैच का विरोध

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर रविवार को हर तरफ नाराजगी दिखाई दी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित तमाम विपक्षी दलों ने इसे पाकिस्तान के आतंकवाद के सामने सरकार के घुटना टेकने का प्रतीक बताया है। सोशल मीडिया पर भी इस मैच को लेकर कड़ी नाराजगी दिखाई दे रही है। लोग अपने साथियों-दोस्तों से भारत-पाकिस्तान मैच को देखने से बायकॉट करने की अपील की। पहलगाम हमले के बाद से दोनों देशों के बीच कई तरह की व्यापारिक गतिविधियां, आवागमन और काम रोक दिया गया था। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट के कार्यकर्ताओं ने टीवी तोड़कर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, महिला कार्यकर्ताओं ने पीएम को सिंदूर भेजा। पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजन ने भी भारत-पाक मैच के खिलाफ बयान दिया। कइयों ने कहा-जिनके हाथ खून से सने हैं, हमारा उन्हीं से मैच हो रहा है। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार से सवाल किया कि क्या मैच से कमाया गया पैसा पहलगाम हमले में मारे गए 26 नागरिकों की जान से ज्यादा कीमती है। (अनंत ज्ञान)

# एथेनॉल के कारण ही जिंदा है चीनी उद्योग: गडकरी

**एजेंसी, मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पुणे में कहा कि भारत की सभा चीनी उद्योग एथेनॉल की वजह से ही बचा है। उन्होंने किसानों की आत्महत्या के पीछे पानी की कमी को बड़ी वजह बताया और खेती में तकनीक अपनाने पर जोर दिया। गडकरी ने कहा कि एथेनॉल से न केवल चीनी उद्योग को सहारा मिला है, बल्कि ईंधन आयात का बोझ भी घटेगा। पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत की चीनी उद्योग एथेनॉल की वजह से ही जिंदा बचा हुआ हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर एथेनॉल का विकल्प सामने नहीं आता तो गन्ना किसान और चीनी मिलें बड़ी मुश्किल में होतीं। गडकरी ने यह भी कहा कि खेती में नई तकनीकों को अपनाना जरूरी है ताकि किसानों को भविष्य में पानी और लागत से जुड़ी परेशानियों का सामना न करना पड़े। गडकरी ने महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा में किसानों की आत्महत्या की मुख्य वजह पानी की कमी बताई। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को पर्याप्त पानी मिलता तो उन्हें इतना बड़ा कदम नहीं उठाना पड़ता। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ चेतावनी पर भड़का ड्रैगन

**एजेंसी, स्लोवेनिया**

अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। कारण है कि बीते दिनों राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 50% से 100% टैरिफ करने की चेतावनी दी थी। ऐसे में अब ड्रैगन ने भी ट्रंप की चेतावनी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

### कहा-प्रतिबंधों से और बिगड़ते हैं हालात

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि जंग से समस्याएं नहीं सुलझतीं और प्रतिबंधों से हालात और बिगड़ते हैं। उन्होंने कहा कि चीन किसी भी युद्ध में भाग नहीं लेता और न ही उसकी कोई योजना है। चीन हमेशा शांति वार्ता और राजनीतिक समाधान को बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिबंध और टैरिफ से हालात नहीं सुधरते, बल्कि और उलझते हैं। (अनंत ज्ञान)

# जीएसटी कटौती हर नागरिक के लिए राहत : सीतारमण

**एजेंसी, चेन्नई**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी दरों में 22 सितंबर से होने जा रहे बदलाव की खासियत बताई। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव देश के हर नागरिक की बड़ी जीत है। पीएम मोदी ने दिवाली पर जीएसटी दरों में बदलाव करने के निर्देश दिए थे, लेकिन हमने इसे दिवाली से काफी पहले लागू कर दिया।

चेन्नई सिटीजन फोरम के उभरते भारत के लिए कर सुधार विषय पर व्यापार एवं उद्योग संघ के संयुक्त सम्मेलन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव का लाभकारी प्रभाव सुबह से लेकर रात को सोने तक सभी उत्पादों पर रहेगा। जीएसटी के तहत जिन 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत कर लगता था, अब उन्हें घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# ओडिशा में बच्चों की आंखों में डाल दिया इंस्टैंट ग्लू

**एजेंसी, कंधमाल।** ओडिशा के कंधमाल जिले के एक स्कूल के हॉस्टल में कुछ बच्चों ने शरारत करने के इरादे से 8 बच्चों की आंखों में सोते समय इंस्टेंट ग्लू (तुरंत चिपकाने वाला ग्लू) डाल दिया। इससे बच्चों की पलकें चिपक गईं।सुबह जब बच्चे उठे, तो अपनी आंखें नहीं खोल पा रहे थे। उनकी आंखों में दर्द और जलन भी थी। वे रोने-चिल्लाने लगे। उनकी चीखें सुनकर हॉस्टल के प्रशासन को घटना की जानकारी मिली। अधिकारियों ने बच्चों को तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। बाद में उन्हें फूलबनी के जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## प्रदर्शन — ब्रिटेन में अवैध अप्रवासियों की बढ़ती आबादी के खिलाफ प्रदर्शन, मस्क भी ऑनलाइन जुड़े

# लंदन में अवैध-अप्रवासी मुद्दे पर सड़कों पर उतरे लोग

**एजेंसी, लंदन**

ब्रिटेन में अवैध अप्रवासियों की बढ़ती आबादी के खिलाफ शनिवार को लंदन में प्रदर्शन हुआ। इसमें 1 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। इस प्रोटेस्ट को 'यूनाइट द किंगडम' नाम दिया गया, जिसे एंटी-इमिग्रेशन नेता टॉमी रॉबिन्सन ने लीड किया। इसे देश की सबसे बड़ी दक्षिणपंथी रैली माना जा रहा है। इस प्रदर्शन में टेस्ला मालिक एलन मस्क वीडियो के जरिए शामिल हुए। मीडिया चैनल द इंडिपेंडेंट के मुताबिक उन्होंने टॉमी रॉबिन्सन से बात की।




मस्क ने कहा, 'हिंसा तुम्हारे पास आ रही है या तो लड़ो या मरो।' मस्क ने ब्रिटेन में संसद भंग करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार बदलनी होगी। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर उस वक्त फुटबॉल मैच देख रहे थे। वे अपने बेटे के साथ लंदन के एमिरेट्स स्टेडियम में थे, जब शहर में हिंसा हो रही थी। इसी दिन स्टैंड अप टू रेसिज्म नामक एक विरोधी प्रदर्शन भी हुआ, जिसमें लगभग 5,000 लोग शामिल हुए । दोनों समूहों के बीच टकराव रोकने के लिए पुलिस ने घेराबंदी कर रखी थी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने मीडिया को बताया कि 'यूनाइट द किंगडम' मार्च के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस का घेरा तोड़ने की कोशिश की। कई पुलिसकर्मियों पर हमला भी हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 1,600 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया, जिनमें 500 अन्य क्षेत्रों से बुलाए गए थे। (अनंत ज्ञान)

### इस साल 28 हजार प्रवासी पहुंचे ब्रिटेन

**इस** प्रदर्शन का मकसद ब्रिटेन में अवैध अप्रवासन (इलीगल इमीग्रेशन) के खिलाफ आवाज उठाना था। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि अवैध प्रवासियों को देश से बाहर किया जाए। इस साल 28 हजार से ज्यादा प्रवासी इंग्लिश चैनल के रास्ते नावों में ब्रिटेन पहुंचे थे।

# यूक्रेन ने रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी पर किया ड्रोन हमला

**एजेंसी, कीव/मॉस्को**

यूक्रेन के ड्रोन हमलों ने रूस की एक सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिससे वहां आग लग गई। रूसी अधिकारियों और यूक्रेनी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हमला रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित कीरीशी रिफाइनरी पर किया गया। यह वही रिफाइनरी है, जिसे पिछले कई हफ्तों से यूक्रेन रूसी तेल ढांचे पर हो रहे हमलों की कड़ी में देख रहा है। यूक्रेन का कहना है कि तेल आपूर्ति से रूस की युद्ध क्षमता को ताकत मिल रही है, इसलिए ऐसे ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है। यह रिफाइनरी हर साल करीब 1.77 करोड़ मीट्रिक टन या करीब 3.55 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करती है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के मुताबिक, वहां कई धमाकों और आग की सूचना मिली। उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें रात के अंधेरे में आग की लपटें और धुएं के गुबार दिखाई दे रहे हैं। लेनिनग्राद क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर डोजडेनको ने कहा कि कीरीशी इलाके में तीन ड्रोन को मार गिराया गया, लेकिन उनके गिरने से रिफाइनरी में आग लग गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और आग पर काबू पा लिया गया है। रूसी अधिकारियों ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक देश है, लेकिन हाल के हफ्तों में पेट्रोल की बढ़ती मांग और यूक्रेन के लगातार ड्रोन हमलों के कारण देश के कई हिस्सों में पेट्रोल की किल्लत हो गई है। कुछ क्षेत्रों में पेट्रोल पंप पूरी तरह खाली हो गए हैं। लोग लंबी लाइनों में लग रहे हैं और अधिकारियों को पेट्रोल की बिक्री सीमित करने या बंद करने जैसे उपाय अपनाने पड़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### हमले में कोई घायल नहीं आग पर पा लिया काबू

## स्पोर्ट्स विंडो

### ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत विश्व चैंपियनशिप से अयोग्य घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भाग ले रही भारतीय टीम को रविवार को तब करारा झटका लगा जब ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को अधिक वजन पाए जाने के बाद जाग्रेब में चल रही प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया। पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले अमन का वजन पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा स्पर्धा से पहले वजन के दौरान 1.7 किग्रा अधिक पाया गया। भारतीय दल के एक सूत्र ने ज़ाग्रेब से पीटीआई को बताया, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण और आश्चर्यजनक है कि अमन अपना वज़न नियंत्रित नहीं रख सका। जब वह वज़न मापने के लिए खड़ा हुआ तो उसका वज़न 1700 ग्राम ज़्यादा था। यह स्वीकार्य नहीं है। उसका वज़न इतना ज़्यादा कैसे हो गया, यह हमारी समझ से परे है।'' अमन अन्य भारतीय पहलवानों के साथ अनुकूलन शिविर में भाग लेने के लिए 25 अगस्त को क्रोएशिया के ज़ाग्रेब पहुंचे थे और उनके पास वजन कम करने के लिए पर्याप्त समय था। प्रसिद्ध छत्रसाल स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने वाले 22 वर्षीय अमन भारतीयों में पदक के प्रबल दावेदारों में से एक थे।(अनंत ज्ञान)

### पीएसए वर्ल्ड टूर डायमंड स्क्वाश प्रतियोगिता में अभय दूसरे दौर में हारे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन अभय सिंह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में नाकाम रहे और गीजा में चल रही 366,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए वर्ल्ड टूर डायमंड स्क्वाश प्रतियोगिता मिस्र ओपन के राउंड ऑफ 32 में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से हार गए। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले दौर में दुनिया के 17वें नंबर के फ्रांसीसी खिलाड़ी ग्रेगोइरे मार्चे को हराया था, लेकिन वह यह प्रदर्शन आगे जारी नहीं रख पाए और शनिवार की रात को खेले गए मुकाबले में मिस्र के खिलाड़ी से 40 मिनट में 10-12, 11-5, 7-11 से हार गए।(अनंत ज्ञान)

### भारत-पाक मैच को लेकर शहीद शुभम की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी का छलका दर्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद टीम इंडिया आज पहली बार पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलने जा रही है। एशिया कप 2025 में होने वाली इस मैच को लेकर पूरे भारत में विरोध देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड करने लगा है। न सिर्फ खेल जगत से बल्कि सियासी गलियारों में भी भारत-पाकिस्तान मैच का जमकर विरोध देखने को मिल रहा है। इन सब के बीच पहलगाम हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी का बड़ा बयान सामने आया है। ऐशान्या द्विवेदी ने भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैच के बाद पाकिस्तान के पास एक बार फिर पैसा होगा। वह एक बार फिर उठ खड़ा होगा और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाह हुए ठिकानों का पुनर्निर्माण होगा। यह उन 26 परिवारों (पहलगाम पीड़ितों) पर पाकिस्तान की ओर से सबसे बड़ा तमाचा होगा। पाकिस्तान का बहिष्कार करना और उनके खिलाफ मैच न खेलना हमारे लोगों के बस की बात नहीं है। अगर हम ऐसा कर रहे होते, तो भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए राजी नहीं होता। अगर हम बदलाव लाना चाहते, तो हमें यह फैसला लेना चाहिए था कि अगर हमें पाकिस्तान के खिलाफ खेलना ही है, तो हम एशिया कप और विश्व कप में हिस्सा नहीं लेंगे। (अनंत ज्ञान)

### पाउला क्रीमर का खूबसूरत अंदाज

**गोल्फर** पाउला क्रीमर का जन्म 5 अगस्त, 1986 को माउंटेन व्यू, कैलिफोर्निया में हुआ था। एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में, उन्होंने बारह प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है।



### चोट से उबरने के बाद करियर को फिर पटरी पर लाने को तैयार हैं गुरजपनीत

**एजेंसी, बेंगलुरु।** चेतेश्वर पुजारा को शून्य पर आउट करने से लेकर नेट्स पर विराट कोहली को गेंदबाजी करने तक, गुरजपनीत सिंह पिछले साल अगले स्तर की चुनौती के लिए तैयार थे लेकिन ग्रोइन की चोट ने बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को मैदान से दूर कर दिया। इस चोट के कारण उन्हें चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ आईपीएल 2025 सत्र से हटना पड़ा और उनकी जगह डेवाल्ड ब्रेविस ने ली। लेकिन अब धीरे-धीरे गुरजपनीत का करियर पटरी पर लौट रहा है जिसका सबूत यहां चल रही दलीप ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए दो पारियों में लिए गए आठ विकेट हैं। तीसरे दिन के खेल के बाद गुरजपनीत ने कहा, ''मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं। हमेशा एक दिन में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने की उम्मीद करता हूं। मुझे अपने कार्यभार को भी प्रबंधित करना है और हर गेंद पर अपना शत प्रतिशत देना है, चाहे मैं थका हुआ हूं या नहीं।'' आक्रामक रजत पाटीदार के खिलाफ जिस तरह से उन्होंने गेंदबाजी की उसमें उनकी मेहनत और क्रिकेट की समझदारी साफ दिखाई दे रही थी। पाटीदार 115 गेंदों में 101 रन की पारी के दौरान अपर कट का अच्छा इस्तेमाल कर रहे थे लेकिन गुरजपनीत को मध्य क्षेत्र के कप्तान की बल्लेबाजी में अधीरता नजर आई। गुरजपनीत ने कहा, ''मैंने सोचने की कोशिश कीज वह (पाटीदार) हमेशा गेंद को कनेक्ट करने की कोशिश कर रहा है, हमेशा गेंद को खेलने की कोशिश कर रहा है क्योंकि उसने अधिक गेंद नहीं छोड़ी। मैं सोच रहा था कि उसमें यश (राठौड़) जितना धैर्य नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने सोचा कि हम उसे कुछ अच्छे बाउंसर कर सकते हैं। मुझे पता था कि कुछ बाउंड्री लगेंगी लेकिन वह बल्ला भी चलाएगा। (अनंत ज्ञान)

## वनडे वुमेन सीरीज | मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में हुआ मुकाबला

# ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पंजाब के यादवेंद्र क्रिकेट स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच वनडे मुकाबला हुआ। 3 मैचों की इस सीरीज का आज पहला मुकाबला है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 281 रन बनाए थे, इसमें भारत की दोनों ओपनर स्मृति मंदाना (58) और प्रतिका रावल (64) ने अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, हरलीन देओल ने भी 54 रन बनाए। जेमाइमा रोड्रिगेज, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने भी क्रमश: 18, 25, 20 और 19 रनों का योगदान दिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 44 ओवर में टारगेट को पूरा कर मैच को जीत लिया।

मैच शुरू होने से पहले ही पंजाब के सीएम भगवंत मान भी स्टेडियम में पहुंचे थे, लेकिन करीब आधे घंटे बाद ही वह स्टेडियम से निकल गए। उन्होंने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को उनके 150वें वनडे इंटरनेशनल के लिए सम्मानित किया।

मैच में भारतीय महिला टीम के कई फैंस उन्हें सपोर्ट करने पहुंचे हैं। हरियाणा-पंजाब के साथ दिल्ली से भी लोग मैच देखने पहुंचे। इस सीरीज के जरिए हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम आगामी विश्व कप की तैयारियों को मजबूत करना चाहेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज की हार का बदला चुकाने का भी यह मौका होगा।



### 25 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त

**इस** जोड़ी ने 25 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। दरअसल, प्रतीका और मंधाना ने 2025 में 958 रन की साझेदारी कर चुकी हैं। यह किसी भी कैलेंडर ईयर में किसी भी विकेट के लिए किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए सबसे ज्यादा रन हैं। साल 2000 में बेलिंडा क्लार्क और लिसा केइटली के बीच बनाए गए 905 रनों के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया।

### प्रतीका और मंधाना की तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी

**इस** साझेदारी में प्रतीका और मंधाना ने भी अपने नाम रिकॉर्ड दर्ज करा लिए। यह ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ वनडे की तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी रही। इससे पहले कैरोलिन एटकिंस और सारा टेलर (चेम्सफोर्ड, 2009) के बीच 119 और हेले मैथ्यूज और काइसिया नाइट (सिडनी, 2014) के बीच 115 रन की साझेदारी थी।

### स्मृति मंधाना ने बनाए 1200 रन

**गौरतलब** है कि प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने 15 वनडे पारियों में 1200 रन बना दिए हैं। इस दौरान उनका नेट रन रेट 6.06 का और औसत 80 का रहा है। यह महिला वनडे में अब तक (किसी भी विकेट के लिए) कम से कम 1000 साझेदारी रन बनाने वाली 56 बल्लेबाज जोड़ियों में से सबसे अच्छा रन-रेट है। औसत के मामले में दूसरा सबसे अच्छा औसत है।

## भारतीय टीम ने पाकिस्तान को दिए शुरुआती झटके



**एजेंसी, दुबई**

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ एशिया कप के ग्रुप-ए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। हार्दिक पंड्या ने पहले ओवर की पहली गेंद वाइड फेंकी। अगली गेंद पर उन्होंने सईम अयूब का विकेट हासिल कर लिया। अयूब का कैच जसप्रीत बुमराह ने लपका।

अगले ओवर में बुमराह ने मोहम्मद हारिस को पंड्या के हाथों कैच करवाकर भारत को दूसरी कामयाबी दिलाई। इस ओवर की चौथी गेंद पर बुमराह ने फखर जमान को स्क्ड्ड कर दिया था। लेकिन, रिव्यू ने जमान को बचा लिया। गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। मैच के आठवें ओवर की चौथी गेंद पर अक्षर पटेल ने जमान को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। जमान ने 15 गेंदों पर 17 रन बनाए।

8 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 45/3 थे। साहिबजादा फरहान और कप्तान सलमान अली आगा क्रीज पर हैं। टॉस के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने हाथ नहीं मिलाया। दोनों ने एक-दूसरे से नजरें भी नहीं मिलाई। इंटरनेशनल मैचों में टॉस के बाद दोनों कप्तानों के हाथ मिलाने की परंपरा रही है।

## स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप में जीत से भारतीय टेनिस में बदलाव की उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भारतीय टेनिस के लिए जश्न मनाने का मौका आ ही गया। स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप में जीत भारत के लिए कई मायनों में बेहद महत्व रखती है। यह पिछले 32 वर्षों में पहला अवसर है जबकि भारत ने किसी यूरोपीय देश को उसी की धरती पर हराया। इसलिए यह जीत वाकई जश्न मनाने लायक है।

बील में हुए इस इनडोर मुकाबले का परिणाम अच्छी योजना, साहसिक फैसला और खिलाड़ियों के निडर प्रदर्शन के कारण भारत के पक्ष में रहा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल जो मन में बार-बार आता है, वो ये है कि क्या भारतीय टेनिस प्रणाली वाकई इस जीत का दावा कर सकती है? जवाब है- आंशिक रूप से। आखिरकार, व्यवस्था तीन युगल विशेषज्ञ खिलाड़ियों सहित एक बड़ी टीम को बील भेजने के लिए उत्सुक नहीं थी। इसके बजाय टीम की तैयारी में कोई योगदान नहीं देने वाले अधिकारी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर देश की सैर करने के लिए निकल गए।

कप्तान रोहित राजपाल को यह सुनिश्चित करने के लिए कोर्ट के बाहर कड़ी मशक्कत करनी पड़ी कि भारत की टीम में पर्याप्त खिलाड़ी मौजूद रहें। ऐसा इसलिए किया गया ताकि ज़रूरत पड़ने पर भारत के पास एक आदर्श विकल्प मौजूद रहे। इसकी ज़रूरत तब पड़ी जब युकी भांबरी पैर की चोट के कारण बाहर हो गए। (अनंत ज्ञान)

## जैस्मिन ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत को दिलाया पहला गोल्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लिवरपूल में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत की जैस्मिन लेंबोरिया ने महिला 57 किग्रा वर्ग में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीतकर नया इतिहास रच दिया। जैस्मिन ने फाइनल में पोलैंड की जूलिया सेरेमेटा को 4-1 से मात दी। 24 साल की जैस्मिन का मुकाबला शुरुआत में दबावभरा रहा, क्योंकि पोलैंड की मुक्केबाज को स्थानीय फैंस का जबरदस्त हौसला मिल रहा था।



लेकिन दूसरे राउंड से भारतीय मुक्केबाज ने शानदार वापसी की और अपनी लंबी पहुंच व तेज काउंटर पंचिंग के दम पर मैच पर नियंत्रण बना लिया। इसके बाद उन्होंने बढ़त नहीं गंवाई और भारत को इस टूर्नामेंट का पहला गोल्ड दिला दिया। दरअसल, जैस्मिन ने गोल्ड मेडल जीतने के बाद कहा, इस एहसास को शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

मैं वर्ल्ड चैंपियन बनकर बेहद खुश और भावुक हूं। पेरिस 2024 में शुरुआती हार के बाद मैंने अपनी तकनीक और मानसिक मजबूती पर बहुत काम किया। यह पदक मेरी एक साल की मेहनत और समर्पण का इनाम है।(अनंत ज्ञान)

### नूपुर ने जीता सिल्वर मेडल

**भारत** की झोली में एक और पदक तब आया जब नूपुर ने 80+ किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। हालांकि फाइनल में पोलैंड की अगाता काजमार्स्का ने कड़ा मुकाबला देते हुए नूपुर को 3-2 से हराया। मुकाबले में नूपुर ने अपने कद का फायदा उठाने की कोशिश की, लेकिन काजमार्स्का ने नजदीकी मुक्केबाजी से बाजी मार ली और आखिरी पल में पंच लगाकर गोल्ड मेडल जीता। वहीं पूजा रानी ने इंग्लैंड की एमिली एस्क्विथ के खिलाफ जबरदस्त सेमीफाइनल खेलते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस बार भारत का अभियान ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार तीन भारतीय महिला मुक्केबा- मिनाक्षी (48 किग्रा), जैस्मिन (57 किग्रा) और नूपुर (80 किग्रा) फाइनल में पहुंचीं। तीन पदकों के साथ भारत ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया।

## जमील ने सिंगापुर के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 30 संभावित खिलाड़ी चुने

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय टीम के सीएएफए नेशंस कप में तीसरे स्थान पर रहने के बाद राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच खालिद जमील ने सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के लिए रविवार को 30 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की जिसमें करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री को भी जगह मिली है राष्ट्रीय टीम का तैयारी शिविर 20 सितंबर से बेंगलुरु में शुरू होगा और टीम एक दिन पहले शहर में एकत्रित होगी।

संभावित खिलाड़ियों के बीच जगह बनाने वाले मोहन बागान एसजी और एफसी गोवा के खिलाड़ियों को एएफसी चैंपियंस लीग दो के उनकी टीम के मैच खत्म होने के बाद शिविर से जोड़ा जाएगा। इनके अलावा पांच खिलाड़ियों को स्टैंडबाई पर रखा गया है लेकिन उनके नामों की घोषणा बाद में की जाएगी। इसमें दो अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम से और तीन सीनियर खिलाड़ी हैं।

इस शिविर का उद्देश्य सीनियर राष्ट्रीय टीम को 2027 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप सी में अंतिम दौर के मुकाबलों के लिए तैयारी में मदद करना है। टीम सिंगापुर के खिलाफ नौ अक्तूबर को राष्ट्रीय स्टेडियम और 14 14 अक्तूबर को गोवा के मडगांव स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दो मैच खेलेगी। इन दोनों मुकाबलों के लिए अंतिम टीम का चयन संभावित खिलाड़ियों में से किया जाएगा। हाल ही में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में जमील ने पहली बार राष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन किया था।

उन्होंने अनुभवी मनोलो मारक्वेज की जगह ली है। सीएएफए नेशंस कप के मैच उज्बेकिस्तान और कजाखस्तान में खेले गए थे। जमील ने सीएएफए नेशंस कप से छेत्री को आराम देने का फैसला किया था। (अनंत ज्ञान)

### तीस संभावित खिलाड़ी

**गोलकीपर:** अमरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू।
**डिफेंडर:** अनवर अली, बिकाश युमनाम, चिंगलेनसाना सिंह कोनशाम, हमिंगथनमाविया राल्ते, मुहम्मद उवैस, परमवीर, राहुल भेके, रिकी मैतेई हाओबम, रोशन सिंह नाओरेम।
**मिडफील्डर:** आशिक कुरुनियन, दानिश फारूक भट, जैकसन सिंह थोनाओजम, जितिन एमएस, मैकर्टन लुइस निकसन, महेश सिंह नाओरेम, मोहम्मद ऐमेन, निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजम, विबिन मोहनन।
**फारवर्ड:** इरफान यादवाड, लालियानजुआला छांगटे, मनवीर सिंह (जूनियर), मोहम्मद सानन के, मुहम्मद सुहैल, पार्थिव गोगोई, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

## हांगकांग ओपन के फाइनल में हारे सात्विक-चिराग

**एजेंसी, हांगकांग।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को रविवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वैंग चैंग के खिलाफ हार से उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

पिछले महीने लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दुनिया की नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी को पहला गेम जीतने के बावजूद 61 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण फाइनल में चीन की दुनिया की छठे नंबर की जोड़ी के खिलाफ 21-19 14-21 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। थाईलैंड ओपन जीतने के बाद भारतीय जोड़ी 16 महीनों में पहली बार फाइनल में खेल रही थी और इस हार के साथ सुपर 500 फाइनल में इस जोड़ी का परफेक्ट रिकॉर्ड भी टूट गया।

सात्विक और चिराग ने इससे पहले अपने चारों सुपर 500 फाइनल में खिताब जीता था। इस सत्र में छह बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली भारतीय जोड़ी की लियांग और वैंग के खिलाफ 10 मैच में यह सातवीं हार है जबकि उन्होंने तीन जीत दर्ज की है। भारतीय जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप के दौरान चीन की इस जोड़ी को हराया था।

सात्विक और चिराग ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहला गेम जीता लेकिन इस लय को बरकरार रखने में नाकाम रहे और निर्णायक गेम में 2-11 से पिछड़ने के बाद उनकी हार लगभग तय हो गई थी। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने आक्रामक रुख अपनाया और लगातार कई जबरदस्त स्मैश के साथ 13-11 से आगे हो गए। (अनंत ज्ञान)

## मेघना ने जीता पहला विश्व कप पदक, भारत पांचवें स्थान पर रहा

**एजेंसी, निंगबो ( चीन )**



मेघना सज्जनार ने रविवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक के साथ विश्व कप में अपना पहला पदक जीता, जिससे भारत ने सत्र के अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में पांचवें स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया। मेघना ने फाइनल में 230.0 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में चीन की उभरती हुई स्टार पेंग शिनलू का दबदबा रहा, जिन्होंने 255.3 के स्कोर के साथ हमवतन वांग जिफेई के 254.8 के स्कोर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टैड ने रजत पदक जीता।

शनिवार को ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। चीन तीन स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर, जबकि नॉर्वे दो स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। रविवार की सुबह मेघना ने दूसरी क्वालीफिकेशन रैली में 632.7 का स्कोर बनाकर सातवां, जबकि पेंग ने 637.4 का शानदार स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

चीनी खिलाड़ी ने 24 शॉट के फाइनल की शुरुआत 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ की, जबकि मेघना पांच एकल शॉट की पहली सीरीज के बाद आठ महिलाओं की श्रेणी में सबसे निचले स्थान पर थीं। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरी सीरीज में 52.3 अंक बनाकर अच्छी वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण अंकुश जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन क्वालीफिकेशन राउंड में 590 अंक हासिल कर चौथा स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल में हालांकि, पहले नीलिंग पोजीशन और फिर दूसरे प्रोन पोजीशन में उनकी शुरुआत बेहद खराब रही, जिसके कारण वे 40 शॉट के बाद 406.7 स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे।

भारत के अन्य खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले ने 587 अंक बनाकर कुल 21वां और पदक दावेदारों में 19वां स्थान हासिल किया। बाबू सिंह पंवार 583 अंक के साथ उनसे पीछे रहे। महिलाओं की एयर राइफल में ओलंपियन रमिता जिंदल 629.8 अंक के साथ कुल 22वें और पदक के दावेदारों में 16वें स्थान पर रहीं, जबकि कशिका प्रधान ने 626.6 अंक बनाए। (अनंत ज्ञान)

## एशिया कप | मैच में करना पड़ा था हार का सामना

# यूएई और ओमान की खाता खोलने की कोशिश

**एजेंसी, अबुधाबी**



मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सोमवार को यहां एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में जब पहली बार इस प्रतियोगिता में खेल रहे ओमान से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश भारत से मिली हार को भुलाकर मैच जीतने की होगी। इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था और उनका लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल करके अपना खाता खोलना होगा।

दूसरी बार एशिया कप में खेल रही यूएई की टीम अपने पहले मैच में 13.1 ओवर में मात्र 57 रन पर ढेर हो गई और भारत ने अपनी सबसे तेज टी-20 जीत दर्ज की। ओमान का प्रदर्शन भी कुछ बेहतर नहीं रहा। पाकिस्तान के खिलाफ 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 16.4 ओवर में 67 रन पर आउट हो गई, जिससे एसोसिएट टीमों और टूर्नामेंट की दिग्गज टीमों के बीच के अंतर स्पष्ट नजर आने लग गया है।

यूएई के मुख्य कोच लालचंद राजपूत ने माना कि उनकी टीम ने पहले कभी इतनी बेहतरीन गेंदबाजी नहीं देखी थी और वे भारत के स्टार खिलाड़ियों के सामने किसी तरह की चुनौती नहीं पेश कर पाए लेकिन उन्हें ओमान के खिलाफ टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में खेल कर अच्छी तैयारी के साथ इस टूर्नामेंट में उतरी संयुक्त अरब अमीरात की टीम को अगर अपना खाता खोलना है तो कप्तान मुहम्मद वसीम, अलीशान शराफू, राहुल चोपड़ा, आसिफ खान और बाएं हाथ के स्पिनर हैदर अली को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

जहां तक ओमान का सवाल है तो शाह फैसल और आमिर कलीम ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन-तीन विकेट लेकर प्रभावित किया, जबकि हम्माद मिर्ज़ा ही एकमात्र बल्लेबाज़ रहे जो थोड़ा बहुत प्रभाव छोड़ पाए। ओमान के अधिकतर खिलाड़ी अपनी नौकरी और खेल के बीच समन्वय बिठाते हैं और यहां वे छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। (अनंत ज्ञान)

# अपने पहले मैच में हांगकांग पर जीत दर्ज करने उतरेगा श्रीलंका

**एजेंसी, दुबई**

अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार जीत से उत्साहित श्रीलंका की टीम हांगकांग के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

पिछली बार जब एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला गया था तब श्रीलंका चैंपियन बना था। उसने बांग्लादेश के खिलाफ हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी विरोधी टीमों को उससे सतर्क रहने का स्पष्ट संकेत दिया।

श्रीलंका का मुकाबला अब हांगकांग से होगा, जो लगातार दो मैच हार चुका है और उसके बल्लेबाजों को अपने से अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नुवान तुषारा और दुष्मंथा चमीरा की तेज गेंदबाजी जोड़ी हांगकांग के कमजोर शीर्ष क्रम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। अगर यासिम मुर्तज़ा की अगुवाई वाली हांगकांग की टीम पावरप्ले में इनसे निपटने में कामयाब रहती है, तो इसके बाद उनके लिए स्पिनर वानिन्दु हसरंगा से पार पाना और भी मुश्किल साबित हो सकता है।

**मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे होगा शुरू**

हसरंगा स्टंप्स को निशाना बनाकर बल्लेबाजों को गुगली से चकमा दे सकते हैं। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ मथीशा पथिराना का बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और अब वह यॉर्कर की बौछार से विपक्षी टीम को ध्वस्त करने के लिए उत्सुक होंगे। बल्लेबाजी में, श्रीलंका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कामिल विध्वंसक साबित हो सकते हैं। मुर्तजा हांगकांग की टीम के कुछ चुनिंदा बाउंड्री हिटर्स में से एक हैं। वह जानते हैं कि उनके बल्लेबाजों को कहां सुधार करने की ज़रूरत है। बांग्लादेश से हार के बाद मुर्तज़ा ने कहा, '' मैं बल्लेबाजों के प्रदर्शन से खुश हूं लेकिन अगर उनमें से कोई बड़ा स्कोर बनाता तो मुझे और भी खुशी होती।

मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि हमें किस चीज पर काम करना है, उम्मीद है कि अगली बार हम बेहतर प्रदर्शन करेंगे।'' हांगकांग के सलामी बल्लेबाज जीशान अली और अंशुमान रथ अब तक निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे हैं और अगर उनकी टीम को बेहतर प्रदर्शन करना है तो उन्हें पावरप्ले में रन बनाने होंगे। (अनंत ज्ञान)